सूर्योदय 5:47 सूर्यास्त 7:5

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 21.5 अधि |
| धर्मशाला | 19.0 न्यू | 27.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78886.22 |
| निफ्टी | 24117.00 |
| सोना 69,270 | चांदी 81,240 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 9 अगस्त 2024 | 25 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 233, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




बांग्लादेश में अशांति व अस्थिरता चिंता का विषय है : सीडीएस

पृष्ठ 13 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### पीएम मोदी कल करेंगे वायनाड का दौरा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को वायनाड का दौरा कर यहां के हालात का जायजा लेंगे। वायनाड में भारी बारिश और भू-स्खलन के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री पीड़ितों से भी मुलाकात करेंगे। अब भी 138 लोग लापता हैं। लापता लोगों की तलाश में सर्च अभियान जारी है।

### नीट परीक्षा को स्थगित करने पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 11 अगस्त को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) स्थगित करने के अनुरोध संबंधी याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। याचिका में दावा किया गया है कि अभ्यर्थियों को ऐसे शहर आवंटित किए गए हैं, जहां पहुंचना उनके लिए बेहद असुविधाजनक है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने वीरवार को इस मुद्दे पर वकील अनस तनवीर की दलीलों पर गौर किया। पीठ ने कहा कि मामले को शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाएगा।

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** शराब घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 अगस्त तक बढ़ा दी है। तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उनकी पेशी हुई। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई की ओर से गिरफ्तारी को चुनौती दी थी।

### सिमी पर पांच साल का प्रतिबंध बरकरार

**नई दिल्ली।** न्यायिक न्यायाधिकरण ने स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत लगाए गए प्रतिबंध को बरकरार रखा है। केंद्र ने सिमी पर प्रतिबंध को पांच साल को बढ़ाने का फैसला किया। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने इस फैसले के लिए आईएसआईएस से संबंधों का हवाला दिया। सिमी पर पहली बार 2001 में प्रतिबंध लगाया गया था।

### बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेव का निधन



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का वीरवार को कोलकाता स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की राज्य इकाई के सचिव मोहम्मद सलीम ने यह जानकारी दी। भट्टाचार्य का पार्थिव शरीर चिकित्सा अनुसंधान के लिए दान किया जाएगा।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- स्क्रब टायफस से पहली मौत के बाद अलर्ट जारी -पेज 2
- सत्संग घर के डंगे के निर्माण में लगे दो मजदूरों पर गिरा मलबा -पेज 4
- लाखों खर्चे फिर भी सैंपल कलेक्शन सेंटर 'बेकार' -पेज 6
- अब कुछ घंटों में ही 'क्लियर' होगा आपका चेक -पेज 13
- पहलवान अमन ओलंपिक के सेमीफाइनल में -पेज 14


# हॉकी में भारत को ब्रॉन्ज मेडल




### यह उपलब्धि पीढ़ियां याद रखेंगी : मोदी

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने भारतीय हॉकी टीम के ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को पीढ़ियां याद रखेंगी। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी कांस्य पदक जीतने पर भारतीय हॉकी टीम को बधाई दी है।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दागे दोनों गोल

पेरिस। टोक्यो की कहानी को पेरिस ओलंपिक में दोहराते हुए भारतीय हॉकी टीम ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता है। यह मैच गोलकीपर श्रीजेश का आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला था। उन्होंने ओलंपिक से पहले ही अपने संन्यास का ऐलान कर दिया था। जीत के बाद श्रीजेश को कप्तान ने कंधों पर उठा लिया और मैदान का चक्कर लगाया। यह दृश्य देखकर टीवी के सामने नजरें गड़ाए बैठे करोड़ों भारतीयों की आंखें नम हो गईं। ओलंपिक पदक के साथ विदा लेने वाले श्रीजेश जीत के बाद गोलपोस्ट के ऊपर जाकर बैठे तो अपने जज्बात पर काबू नहीं रख सके। -संबंधित खबर खेल पेज पर

# आहत विनेश फोगाट ने रेसलिंग को कहा अलविदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पेरिस** ओलंपिक 2024 में फाइनल से पहले अयोग्य घोषित होने से आहत विनेश फोगाट ने वीरवार सुबह 5 बजकर 17 मिनट पर 'एक्स' पर संन्यास का ऐलान कर दिया।

29 वर्षीय विनेश ने भावुक संदेश में संन्यास का ऐलान करते हुए लिखा कि 'मां कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई, माफ करना। आपका सपना, मेरी हिम्मत सब टूट चुके हैं। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब'। दो बार की विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता ने कहा कि अलविदा कुश्ती 2001-2024। मैं आप सभी की हमेशा ऋणी रहूंगी। मुझे माफ कर दीजिए।



▶▶ पोस्ट में लिखा - 'मां कुश्ती मुझसे जीत गई और मैं हार गई, माफ करना'

▶▶ मैं आप सभी की हमेशा ऋणी रहूंगी

### फोगाट के मुद्दे पर राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा, सभापति ने छोड़ा आसन

**नई दिल्ली।** संसद में वीरवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद रेसलर विनेश फोगाट के मुद्दे पर सदन में जबरदस्त हंगामा शुरू हो गया। हंगामा इस कदर बढ़ा कि सभापति भावुक हो गए और अपने आसन से उठकर चले गए। आसन छोड़ने से पहले सभापति धनखड़ ने कहा कि मेरे पास केवल एक ही विकल्प है, दुखी मन से, मैं अपनी शपथ से दूर नहीं जा रहा हूं, लेकिन जो आज मैंने देखा है जिस तरह का व्यवहार मेरे साथ किया गया है, शारीरिक रूप से किया गया है, मैं यहां बैठने में अपने आप को सक्षम नहीं पा रहा हूं। इसके बाद भावुक होकर सभापति सदन से चले गए। दरअसल, विपक्ष के सांसद रेसलर फोगाट का विषय राज्यसभा में उठाना चाहते थे। सदन में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस विषय पर बोलने के लिए खड़े हुए, लेकिन उन्हें इसकी इजाजत नहीं मिली। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने सदन में हंगामा शुरू कर दिया।

# लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश, विपक्ष का हंगामा

## रिजिजू बोले- सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कर रहे बदलाव, बिल को जेपीसी के पास भेजा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वीरवार को वक्फ बोर्ड संशोधन बिल लोकसभा में पेश किया। विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास समीक्षा के लिए भेजा गया। वहीं, लोकसभा में बिल के पेश करने पर विपक्षी सांसदों ने जोरदार हंगामा किया।

रिजिजू ने कहा कि वक्फ एक्ट में पहले भी संशोधन हुए हैं। हम सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर बदलाव कर रहे हैं। इस कमेटी को आपने (कांग्रेस) ही बनाया था। विधेयक में किसी धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है और संविधान के किसी भी अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं किया गया है। इस बिल का कांग्रेस, सपा, एनसीपी (शरद पवार), एआईएमआईएम, टीएमसी, सीपीआई (एम), आईयूएमएल, डीएमके ने विरोध किया।



▶ जेडीयू और टीडीपी ने किया समर्थन

एनडीए गठबंधन में शामिल जेडीयू, टीडीपी और शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने सरकार का साथ देते हुए इस बिल का समर्थन किया। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम हिंदू हैं, लेकिन साथ ही हम दूसरे धर्मों की आस्था का भी सम्मान करते हैं। यह बिल महाराष्ट्र, हरियाणा चुनावों के लिए खास है। आप यह नहीं समझते कि पिछली बार भारत की जनता ने आपको साफ तौर पर सबक सिखाया था। यह संघीय व्यवस्था पर हमला है। एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि इस बिल को लाकर आप (केंद्र सरकार) देश को जोड़ने का नहीं, बल्कि बांटने का काम कर रहे हैं।

यह विधेयक इस बात का सबूत है कि आप मुसलमानों के दुश्मन हैं। सपा सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि सरकार की मंशा पहले से यही रही है। भाजपा को इसका नाम बदलना चाहिए और इसे 'भारतीय जमीन हथियाओ और अपने अपने लोगों को बांट दो' कहना चाहिए। जेडीयू सांसद और केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री ललन सिंह ने कहा कि इस बिल को मुसलमान विरोधी बताने की कोशिश की जा रही है। यह बिल मुस्लिम विरोधी व मस्जिदों पर लागू करने के लिए नहीं है। एक निरंकुश संस्था को कानून में बांधने के लिए लाया जा रहा है।

### लोकसभा अध्यक्ष बोले- समिति का गठन करूंगा

लोकसभा में पेश वक्फ संशोधन बिल को विभिन्न दलों की मांग के अनुसार विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति का गठन करें और विधेयक को व्यापक चर्चा के लिए उसके (जेपीसी के) पास भेजें। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मैं सभी दलों के नेताओं से बात करके इस संयुक्त संसदीय समिति का गठन करूंगा।

# 900 पद भरेगी प्रदेश सरकार अब फ्री नहीं मिलेगा पानी

## कैबिनेट के फैसले: आपदा प्रभावित परिवारों को तीन माह मुफ्त राशन देगी सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** में विभिन्न श्रेणियों के लगभग 900 पद भरे जाएंगे। पानी की रियायत भी खत्म कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के कनेक्शन पर 100 रुपए महीना देना होगा। हालांकि, 50 हजार से कम आय वाले लोगों, विकलांगों, एकल महिला को मुफ्त पानी मिलता रहेगा। ये निर्णय वीरवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए।

बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि आपदा प्रभावित 89 परिवारों के लिए सरकार अगले तीन महीने तक मुफ्त राशन, सिलेंडर, ठहरने की व्यवस्था का सारा खर्चा उठाएगी। टांडा मेडिकल कॉलेज में 462 पदों को भरने की मंजूरी दी गई। इसके अलावा, पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा लोक सेवा आयोग के माध्यम से होगी। एचआरटीसी के घाटे में चल रहे 168 बस रूटों को फिर से विज्ञापित करने का निर्णय लिया है। एक्साइज और जीएसटी के अब दो विंग होंगे। आईजीएमसी शिमला और अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटीज चमियाना में विभिन्न श्रेणियों के 489 पद सृजित होंगे। हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्ज (कन्सैशन) एंड मिनरल्ज (प्रिवेन्शन ऑफ इल्लिगल माइनिंग, ट्रांसपोटेशन एंड स्टोरेज) नियम, 2015 में संशोधन होगा। राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार हिम उन्नति योजना को लागू करेगी।

▶ लोक सेवा आयोग लेगा पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा

▶ एक्साइज और जीएसटी के होंगे दो विंग

▶ टांडा मेडिकल कॉलेज में भरे जाएंगे 462 पद



शिमला में मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### पुलिस जवानों की सरकारी बस में मुफ्त यात्रा बंद, रिफंड होगा पैसा

**हिमाचल** के पुलिस कर्मचारियों की सरकारी बसों में फ्री सुविधा बंद करने का निर्णय भी लिया। अब ऑफिशियल ड्यूटी करने वाले पुलिस जवानों को टिकट देना होगा। हालांकि, जवान बाद में इसे रिफंड करवाए सकेंगे। निजी आपरेटरों को 168 रूटों के पुनः आवंटन के लिए राज्य परिवहन नीति-2014 के तहत 60 अनुपात 40 की शर्तों में ढील देने को सहमति दी गई।

### जापान में 7.1 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापान के दक्षिणी तट पर वीरवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.1 मापी गई। इसका केंद्र जापान के दक्षिणी मुख्य द्वीप क्यूशू के पूर्वी तट पर लगभग 30 किलोमीटर (18.6 मील) की गहराई में था। क्यूशू के दक्षिणी तट और निकटवर्ती शिकोकू द्वीप पर एक मीटर (3.3 फुट) तक की लहरें उठने की आशंका व्यक्त की गई है। वहीं, जापान के एनएचके चैनल ने मियाजाकी हवाई अड्डे पर खिड़कियों के टूटने की खबरें हैं। जापान के उत्तर-मध्य क्षेत्र नोटो में एक जनवरी को आए भूकंप में 240 से अधिक लोगों की मौत हुई थी।

# समेज में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष ने लिया राहत कार्यों का जायजा

## पीड़ित परिजनों से ली फीडबैक, बिजली आपूर्ति व सड़कों को जल्द बहाल करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक नंद लाल ने रामपुर के झाकड़ी के समीप समेज गांव में चल रहे राहत व पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया।

उन्होंने प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन का भी जायजा लिया और पीड़ित परिजनों से राहत व पुनर्वास कार्यों की फीडबैक ली।

उन्होंने जरूरत अनुसार अधिक मशीनरी या उपकरण उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। बिजली आपूर्ति व सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर जल्द बहाल करने के निर्देश दिए। उप मंडलाधिकारी रामपुर निशांत तोमर ने राहत व पुनर्वास कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर पंचायत समिति रामपुर के अध्यक्ष आशीष कायथ, सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी रामपुर नरेश शर्मा, बीडीसी सदस्य सुदेश कुमार आदि मौजूद रहे।



### प्रदेश में 10 और 11 को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल में बारिश का दौर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, प्रदेश में 14 अगस्त तक बारिश का दौर जारी रहेगा। 10 व 11 अगस्त को कई क्षेत्रों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 8-9 व 12 से 14 अगस्त के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।



लोगों व पर्यटकों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी है। कांगड़ा, मंडी, शिमला व सिरमौर जिले के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट हुआ है। 24 घंटों के दौरान चंबा, मंडी, शिमला और सिरमौर जिले में भारी से बाढ़ जैसी स्थिति बनने की चेतावनी जारी की है।

# जयशंकर की ब्रिटेन के विदेश मंत्री के साथ बांग्लादेश के हालातों पर चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने वीरवार को ब्रिटेन के अपने समकक्ष डेविड लैमी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान बांग्लादेश में उभरते हालात पर चर्चा की। जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा कि उन्होंने और लैमी ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर भी विचार-विमर्श किया।



उन्होंने कहा कि आज ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से फोन पर बात हुई। बांग्लादेश और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा हुई। जयशंकर और ब्रिटिश विदेश मंत्री के बीच यह बातचीत बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की लंदन में शरण लेने की प्रारंभिक योजना की पृष्ठभूमि में हुई है। ब्रिटेन की ओर से हालांकि उन्हें शरण देने में संकोच किए जाने के कारण यह योजना अवरुद्ध हो गई है। नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर अपनी सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया था और देश छोड़कर चली गईं। पद से इस्तीफा देने के कुछ ही समय बाद 76 वर्षीय हसीना लंदन जाने की योजना के साथ दिल्ली के निकट हिंडन स्थित वायुसैनिक अड्डे पर उतरी थीं। यह योजना सफल नहीं हो सकी, क्योंकि ब्रिटेन ने संकेत दिया कि उन्हें (शेख हसीना) अपने देश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों की किसी भी संभावित जांच के खिलाफ कानूनी संरक्षण नहीं मिल सकता है।

# रिजर्व बैंक ने नौवीं बार रेपो दर को 6.5% पर बरकरार रखा

**एजेंसी, मुंबई**

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार नौवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। आरबीआई ने कहा कि खाने के सामान की ऊंची महंगाई को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और इसके अन्य क्षेत्रों पर प्रभाव को रोकने के लिए सतर्क रहने की जरूरत है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की मंगलवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मुद्रास्फीति पर सतर्क रुख बरकरार रखते हुए रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है। एमपीसी के छह सदस्यों में से चार ने नीतिगत दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान किया। इसके साथ ही मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य को हासिल करने के मकसद से उदार रुख को वापस लेने का रुख कायम रखा है।

### तेज आर्थिक गति रहेगी जारी, वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2%की दर से बढ़ेगी जीडीपी




**भारत** की तेज आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। इसकी वजह शहरी और ग्रामीण खपत का बढ़ना है। आरबीआई गवर्नर ने यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने अनुमान है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 7.1 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.2 प्रतिशत रह सकती है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में यह 7.2 प्रतिशत रह सकती है।




## न्यूज ब्रीफ

### विक्रमादित्य सिंह 9 को होंगे शामलाघाट में

**अनंत ज्ञान, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 9 अगस्त 2024 को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत शामलाघाट के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट मंत्री प्रातः 11:30 बजे शामलाघाट पहुंचेंगे और वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शामलाघाट में नए भवन का शिलान्यास करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

### शिक्षा मंत्री 9 को होंगे जुब्बल के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 9 अगस्त को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को शिक्षा मंत्री प्रातः 10 बजे जुब्बल पहुंचकर कल्याण भवन का उद्घाटन करेंगे और इसके पश्चात पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे तथा जनसमस्याएं सुनेंगे। उन्होंने बताया कि रोहित ठाकुर दोपहर 12 बजे भोलाड पहुंचेगे और पंचायत भवन भोलाड का उद्घाटन करेंगे।

### जन्मदिन पर सामाजिक संस्थाओं को 1 लाख किए दान



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू के सदस्य खुशाल नेगी ने अपने 68वें जन्मदिन पर सामाजिक संस्थाओं को 1 लाख रुपए की राशि का योगदान दिया है। जिसके अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से मसली में चलाए जा रहे बाल आश्रम मसली को 43 इंच की एलईडी डांस ग्रुप भेंट की गई। वहीं दूसरी ओर संजीवनी सहारा समिति को 50 हजार रुपए की धनराशि का आर्थिक सहयोग किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान व रविंद्र जोरटा मौजूद रहे।

### जुब्बल में धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह



**अनंत ज्ञान, शिमला।** उपमंडलिय स्तरीय स्वतंत्रता दिवस 2024 समारोह के दृष्टिगत उपमंडल दंडाधिकारी कार्यालय जुब्बल में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपमंडल दंडाधिकारी जुब्बल (कार्यवाहक) गुरमीत नेगी ने की। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जुब्बल में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरमीत नेगी ने समारोह को सुचारु रूप से पूरा करने के मद्देनजर सभी विभागों के शीर्ष अधिकारियों को उचित निर्देश दिए और समारोह में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने को भी कहा।

### माताओं को स्तनपान और स्वच्छता पर दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, शिमला।** इनरव्हील क्लब शिमला मिडटाउन के द्वारा कमला नेहरु अस्पताल में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. रीता मित्तल, डॉ. आशा और डॉ. कनिका द्वारा नवजात माताओं के साथ स्तनपान, स्वच्छता और देखभाल पर एक चर्चा की। उन्होंने पहली बार माताओं के लिए दूध उत्पादन में मदद करने वाले प्रोमोलेक्ट के बारे में भी बताया। क्लब के सदस्यों द्वारा 20 ऊनी सेट और माता को 40 बोटल्स प्रोमोलेक्ट ग्रेन्यूल्स वितरित किए गए। इस दौरान क्लब प्रधान हरप्रीत कौर, मीना चंदेल व सतविंदर कौर सहित आदि उपस्थित रहे।

### केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं की छात्रा ने चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पृथ्वी दिवस 2024 के अवसर पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय



द्वारा 15 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कक्षा छठी से आठवीं तक करवाई गई इस प्रतियोगिता का विषय 'ग्रह बनाम प्लास्टिक' रखा गया था। इस प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं की छठी कक्षा की छात्रा शिवांजलि पंडित ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में भारत के नामी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। उनमें से तृतीय स्थान प्राप्त करना एक छोटे विद्यालय की छठीं कक्षा की छात्रा के लिए एक बड़ी बात है। केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं की प्राचार्य रिंकू कुमारी ने छात्रा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिवांजलि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है।

### एनसीसी कैडेट्स ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में महाविद्यालय



की एनसीसी आर्मी विंग यूनिट 4 एचपी आई कंपनी, हमीरपुर इकाई द्वारा प्राचार्य राम कृष्ण की अध्यक्षता में एनसीसी कैडेट्स द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कैडेट्स ने सर्वप्रथम घुमारवीं कॉलेज से नसवाल तक स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने हेतु रैली निकाली। इस रैली का नेतृत्व एनसीसी इंचार्ज प्रो. राजीव शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में कैडेट्स ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर करते हुए विभिन्न नारों और पोस्टरों के माध्यम से संदेश दिया। रैली के पश्चात एनसीसी कैडेट्स ने एनजीओ नया सवेरा में विशेष बच्चों से मुलाकात की और उनके साथ कई गतिविधियों का आयोजन किया। इन गतिविधियों में गायन, चित्रकला और नृत्य शामिल थे। विशेष बच्चों ने इन गतिविधियों का बहुत आनंद लिया। एनजीओ इंचार्ज सविता ने इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार की पहल की सराहना की।

### झंडूता स्कूल में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता में उपमंडल स्तर पर 15 अगस्त के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन शहीद अशवनी स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल झंडूता में एसडीएम झंडूता योग राज धीमान की अध्यक्षता में किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि सभी विभागों को अपना अपना कार्य करने को कहा गया है। झंडूता में 15 अगस्त को करीब 11 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। 11 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रीय गान होगा। उसके मुख्य अतिथि का राष्ट के नाम संदेश भाषण होगा। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए जाएंगे। उसके बाद 12 बजे बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषिक वितरण किए जाएंगे।

### एक दिवसीय स्वच्छता अभियान 12 से होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की सभी ग्राम पंचायतों के सभी गांव में ठोस एवं तरल कचरे का समुचित प्रबंधन करने हेतु विकास खंड झंडूता की समस्त ग्राम पंचायतों में 12 अगस्त को एक दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को साफ सफाई एवं स्वच्छता के लिए प्रति जागरूकता लाना है। झंडूता के विकास खंड अधिकारी संजीव पूरी ने कहा कि विकास खंड झंडूता की इस कार्यक्रम का उद्देश्य समस्त ग्राम पंचायतो में आमजन में साफ सफाई एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। सिंगल यूज प्लास्टिक को पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों तथा युवक मंडलो, व्यापार मंडलों द्वारा इकट्ठा करवाना है। समस्त ग्राम पंचायतो के अंतर्गत पड़ने वाले सभी गंदे पानी की नालियों तथा प्राकृतिक स्रोतों की साफ-सफाई महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों तथा युवक मंडलों, व्यापार मंडलों के माध्यम से करवाना है। संजीव पूरी ने झंडूता के समस्त ग्राम पंचायत प्रधानों व आमजन से अनुरोध किया है कि अपनी अपनी ग्राम पंचायतों में 12 अगस्त को स्वच्छता अभियान चलाए और झंडूता को साफ-सुथरा मंडल बनाए।

# स्क्रब टायफस से पहली मौत के बाद अलर्ट जारी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

आईजीएमसी में स्क्रब टायफस से इस सीजन में पहली मौत हो गई है। इस बीमारी से इस साल की यह पहली मौत है। 91 साल का पीड़ित मरीज कई दिनों से आईजीएमसी में उपचाराधीन था। 29 जुलाई को उसे मेडिकल आईसीयू में दाखिल किया गया। 2 अगस्त को उसका स्क्रब टेस्ट पॉजिटिव आया।

मरीज बुखार और सांस लेने में तकलीफ से जूझ रहा था, लेकिन अब अस्पताल ने स्क्रब से मरीज की मौत के बाद इलाज के लिए आए मरीजो को सचेत करना शुरू कर दिया है। आईजीएमसी प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2024 में अब तक कुल 301 स्क्रब टायफस के सैंपल की जांच की है। इसमें 44 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं अब आईजीएससी में चिकित्सकों ने अलर्ट जारी कर दिया है।(अनंत ज्ञान)



### जानिए क्या है स्क्रब टाइफस

**इस** बुखार को रहस्यमयी इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि इसके लक्षण तो डेंगू फीवर से मिलते-जुलते हैं, लेकिन जांच में न तो डेंगू निकलता है और न ही टायफाइड फीवर। डॉक्टरों का कहना है कि ये स्क्रब टाइफस फीवर है। ये बीमारी झाड़ियों यानी स्क्रब या बुश में पाए जाने वाले माइट यानी चींचड़ा के काटने से होती है। इसलिए इसका नाम स्क्रब टाइफस रखा गया है।

### स्क्रब टायफस रोग से लोग सावधानी बरतें : सीएमओ

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** जिला शिमला स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश प्रताप की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहनता से चर्चा की गई। बैठक में जिला शिमला के दस चिकित्सा खंडों के बीएमओ और अन्य चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया।


स्वास्थ्य विभाग की बैठक गणमान्य।

समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने विभिन्न स्वास्थ्य खंडों की प्रगति और कार्यों का मूल्यांकन किया तथा बेहतर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु आगामी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी जारी किए।

स्क्रब टायफस एक स्थानिक रोग है यह मानव शरीर के अंतरिक आंतरिक अंगों को प्रभावित करता है जिसका समय पर उपचार न होने से मृत्यु भी हो सकती है। इस बिमारी संबंधी सावधानी बरतनी बहुत जरूरी है।

## टेलीस्कोपिक कार्टन पर भी विचार करे सरकार : कदशोली

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष व शिमला संसदीय क्षेत्र प्रभारी सुशील कदशोली ने जारी बयान में कहा कि यूनिवर्सल कार्टन का निर्णय स्वागत योग्य लेकिन दूसरी ओर बागवानों के पास पुराने टेलीस्कोपिक कर्टन भी बचे हुए हैं उनके लिए भी प्रदेश सरकार कोई निर्णय ले।



पहले ही सूखे, कम फसल व महंगी सेब की दवाइ के कारण बागवान आर्थिक संकट झेल रहा है और फिर अगर पुराने पड़े कारटन को भी इस्तेमाल में नहीं लाया जाएगा तो इसका नुकसान भी बागवानों को होगा।

कदशोली ने बागवानी मंत्री जगत नेगी से आग्रह किया कि बचे हुए टेलीस्कोपिक कार्टन को बागवानों को इस्तेमाल करने की रियायत दी जाए या फिर सरकार वापस ले कर मुआवजा दे।

## एबीवीपी संजौली ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते हुए एबीवीपी संजौली इकाई के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संजौली इकाई द्वारा महाविद्यालय में अपने परिसर व प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समय समय पर महाविद्यालय अथवा प्रदेश स्तर की विभिन्न मांगो के लिए आवाज उठाता आया है। इस प्रदर्शन में विद्यार्थी परिषद के लगभग 53 कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसमें छात्र संघ चुनाव बहाली हेतु, महाविद्यालय की आधारभूत संरचना सुदृढ़ करने हेतु, महाविद्यालय में गर्ल्स हॉस्टल का कार्य जल्द शुरू किया जाए। कैंटीन और शौचालय की स्थिति को सुधारा जाए, पीटीए फीस कम करो और महाविद्यालय में स्थाई चौकीदार की व्यवस्था की जाए। इकाई सचिव कुनाल भारद्वाज ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि मांगों का प्रशासन जल्द से जल्द समाधान नहीं करता है तो विद्यार्थी परिषद इसके लिए उग्र आंदोलन करेगा।

### कांग्रेस मंडल रोहड़ू की बैठक 10 को

**दशमी रावत, रोहड़ू।** कांग्रेस मंडल रोहड़ू की बैठक 10 अगस्त को सुबह 11 बजे मंडल अध्यक्ष करतार सिंह की अध्यक्षता में होनी निश्चित हुई है! बैठक परिधि भवन में रखी गई है। बैठक में मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा विशेष तौर से मौजूद रहेंगे। मंडल के मीडिया प्रभारी हैप्पी विनित मेहता ने जारी प्रेस बयान में बताया कि बैठक में अनेक विषयों को लेकर चर्चा होनी है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो : तुषार



जानकारी देते हुए तुषार डोगरा व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विश्व हिंदू परिषद हिमाचल प्रांत के मंत्री अधिवक्ता तुषार डोगरा ने कहा कि पड़ोसी बांग्लादेश हिंसा और अराजकता से ग्रसित है। उन्होंने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि निर्वाचित प्रधानमंत्री के त्यागपत्र देने और देश छोड़ने के बाद अराजक तत्व हावी हो गए हैं। इस अराजक स्थिति में वहां के अतिवादी जिहादी तत्वों ने हिंदू समाज का बड़े पैमाने पर उत्पीड़न शुरू कर दिया है।

तुषार डोगरा ने कहा कि बांग्लादेश में पिछले कई दिनों से हिन्दू अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और घरों को नुकसान पहुंचाया गया है। मंदिरों को भारी क्षति पहुंचाई गई है। बांग्लादेश में शायद ही कोई जिला बचा हो जो इनकी हिंसा व आतंक का निशाना न बना हो।

बांग्लादेश में हिंदू जो विभाजन के समय 32 प्रतिशत थे, अब 8 प्रतिशत से भी कम बचे हैं और वे भी लगातार जिहादी उत्पीड़न के शिकार हैं। विश्व समुदाय की यह जिम्मेदारी है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई करें।

## अवैध खनन को लेकर बने ठोस नीति : कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा की हिमाचल प्रदेश में अवैध खनन को लेकर सख्त कदम उठाने चाहिए। जिस प्रकार से हिमाचल प्रदेश में खनन के मामले लगातार बढ़ते चले जा रहे है यह चिंताजनक है, कई स्थानों पर तो खनन का आवैद कारोबार नेताओं और सामाजिक प्रभावशाली व्यक्तियों के संरक्षण में चल रहा है। 22 अप्रैल को जिला सिरमौर में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वन, खनन विभाग तथा पुलिस को मिलती रहती हैं लेकिन कई बार औचक निरीक्षण कर कुछ वाहनों को पकड़ कर चालान कर छोड़ देते हैं। कुछ के कोर्ट में चालान पेश किए जाते हैं। उसके बावजूद भी खनन लगातार जारी है।



## शिमला में 15 से 30 तक भाजपा निकालेगी तिरंगा यात्रा : प्रेम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)**

शिमला जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश सचिव डॉ. संजय ठाकुर, सुरेश भारद्वाज, संजय सूद, गणेश दत्त, रवि मेहता जिला महामंत्री प्रेम चौहान और राजीव पंडित विशेष तौर पर मौजूद रहे।


बैठक में जिला शिमला भाजपा संगठन के सदस्य।

प्रेम ठाकुर ने बताया कि बैठक में सर्वप्रथम हाल ही में हुई त्रासदी में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और शोक प्रस्ताव रखा गया। संगठन में तिरंगा यात्रा, नशा निवारण जन जागरण अभियान को आगामी 15 से 30 अगस्त तक आरंभ करने बारे विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त हाल ही में लोक सभा की चारों सीटों पर मिली भारी विजय मिलने पर मतदाताओं का अभिनंदन समारोह प्रत्येक मंडल स्तर पर किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान के तहत प्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है जिसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। प्रेम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उचित मूल्यों की दुकानों के माध्यम से मिलने वाले सरसों के तेल में 10 प्रतिशत की वृद्धि करके आम जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है।

## अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बच्चों के लिए विशेष स्क्रीनिंग 'बचपन'

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के गेयटी थिएटर में 16 से 18 अगस्त तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय दसवें अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह शिमला में बच्चों के लिए विशेष स्क्रीनिंग और इंटरैक्टिव सत्रों का आयोजन 'बचपन' थीम के तहत किया जा रहा है।

ये स्क्रीनिंग गोथिक थिएटर में होंगी जो केवल बच्चों के लिए समर्पित होगी। अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह शिमला में विशेष रूप से बच्चों के लिए एक विविध और समृद्ध कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिसमें विभिन्न शैलियों, संस्कृतियों और विषयों पर आधारित लघु, वृत्तचित्र, एनीमेशन और फीचर फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों को न केवल मनोरंजन के लिए बल्कि युवा दर्शकों को शिक्षित और प्रेरित करने के लिए भी स्क्रीन किया जा रहा है।

# सोनिया वाहिल बनीं बिलासपुर नप उपाध्यक्ष

## चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार नवीन वर्मा को 7-5 के अंतर से हराया

**शुभम राही, बिलासपुर**

राजनीतिक सफर में काफी संघर्ष करने के बाद नगर के वार्ड नंबर आठ से पार्षद सोनिया वाहिल वीरवार को नगर परिषद की उपाध्यक्ष बन गईं। भाजपा की ओर से सोनिया वाहिल पर सहमति बनाने के बाद वोटिंग हुई और सोनिया वाहिल ने सात वोट प्राप्त करके नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद पर विजय हासिल की। नगर परिषद बिलासपुर पर भाजपा का अब पूरी तरह से कब्जा हो गया है। नगर के वार्ड नंबर आठ से 2010 में पहली बार सोनिया वाहिल पार्षद बनीं। उसके बाद सोनिया वाहिल 2021 में फिर से पार्षद पद के लिए खड़ी हुई और उनको वार्ड नंबर नौ की जनता ने पार्षद बनाया। ऐसे में भाजपा ने सोनिया पर विश्वास जताया और आपसी सहमति से उनको उपाध्यक्ष पद के लिए खड़ा किया।

बता दें कि बिलासपुर नगर परिषद में वीरवार को उपाध्यक्ष के रिक्त पद को लेकर चुनाव रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग की देखरेख में चुनाव प्रकिया शुरू हुई। उपाध्यक्ष पद चुनाव के लिए कांग्रेस समर्थित पार्षद कमलेंद्र कश्यप, नवीन वर्मा, अजय, ज्योति व मनोज पिल्लई तय समय से पूर्व बैठक कक्ष पहुंच गए थे, लेकिन भाजपा समर्थित पार्षद विधायक त्रिलोक जम्वाल की अगुवाई में पूरे दल बल के साथ नगर परिषद पहुंचे। यहां पर पहले भाजपा पार्षदों बंद करने में कुछ देर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। जिसमें विधायक त्रिलोक जम्वाल व सदर मंडल अध्यक्ष हंस राज ठाकुर के अलावा नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम, पार्षद नरेश, नीतू मिश्रा, संतोष जोशी, वीना पंडित व सोनिया मौजूद रहीं।



### दो बार पार्षद रही सोनिया को उपाध्यक्ष बनाने पर भाजपा में बनीं सहमति

बैठक में भाजपा की ओर से उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव के लिए में सोनिया के नाम पर सहमति बनी, जबकि इस पद के लिए भाजपा की पार्षद नीतू मिश्रा को प्रबल दावेदार माना जा रहा था। नीतू मिश्रा ने बाद में अपनी नाराजगी भी जाहिर कर दी। वहीं, कांग्रेस की ओर से नवीन वर्मा को उपाध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सोनिया को सात मत पड़े। इसमें एक मत भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल का भी शामिल है। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी नवीन वर्मा को पांच पड़े। इस अवसर पर भाजपा पार्षदों व कार्यकर्ताओं ने हार पहनाकर नव नियुक्त उपाध्यक्ष का स्वागत किया।

> **बिलासपुर** नगर परिषद में उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्यशियों ने नवीन वर्मा व सोनिया ने अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सोनिया को सात मत व नवीन वर्मा को पांच मत प्राप्त हुए। सात मत प्राप्त करने वाली प्रत्याशी को विजयी घोषित किया गया।
> **-अभिषेक गर्ग, चुनाव रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम**

गौरतलब है कि कि बीते एक अप्रैल को पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप के त्याग पत्र देने के कारण रिक्त हो गया था। उसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष कमल गौतम को अध्यक्ष को चुन लिया गया था। जिससे उपाध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस को प्रत्येक जगह मुंह की खानी पड़ी : त्रिलोक जम्वाल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बिलासपुर नगर परिषद में उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा समर्थित सोनिया की जीत का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस एक बार फिर से चारों खाने चित्त हुई है। इससे पहले कांग्रेस ने जिला परिषद पर कब्जा करने का प्रयास भी किया था, लेकिन उसे मुंह की खानी पड़ी थी।

इसी कड़ी में बिलासपुर नगर परिषद के अध्यक्ष के बाद उपाध्यक्ष के चुनाव में भी उसे हार का मुंह देखना पड़ा है। इस चुनाव में अपनी एकजुटता से कांग्रेस को करारा जवाब देने के लिए भाजपा समर्थित सभी पार्षद बधाई के पात्र हैं। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि झूठी गारंटियों और वादों से लोगों को गुमराह करके सरकार बनाने में सफल रही कांग्रेस स्थानीय व शहरी निकायों पर कब्जा करने के लिए भी कई तरह के हथकंडे अपनाती रही है। जिला परिषद बिलासपुर के चुनाव में भाजपा ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों पर भगवा परचम लहराया था। सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने जिला परिषद पर कब्जा करने के प्रयास शुरू कर दिए थे। इसके लिए उसने अविश्वास प्रस्ताव लाने समेत कई तरह के पैंतरे आजमाए, लेकिन जिला परिषद के भाजपा समर्थित सदस्यों की एकजुटता ने उसकी एक नहीं चलने दी। उन्होंने विश्वास जताया कि नगर परिषद के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बिलासपुर शहर स्वच्छ व सुंदर बनने के साथ ही चहुंमुखी विकास की राह पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा।

## पूर्व मंत्री गर्ग ने घुमारवीं के देहरा गांव में रोपी हरियाली



हटवाड़ पंचायत के देहरा गांव में पौधरोपण के दौरान पूर्व मंत्री गर्ग और अन्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की हटवाड़ पंचायत के देहरा गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों सहित पौधरोपण किया। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने बताया कि पीएम मोदी के आह्वान पर इस अभियान के तहत पूरे देश में पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वीरवार को हटवाड़ पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के साथ पौधरोपण किया गया। साथ ही संकल्प लिया गया कि हम प्रकृति का संरक्षण करेंगे, पौधरोपण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करेंगे, अधिक से अधिक लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधरोपण करेंगे व जीवन में प्रकृति के महत्व को समझकर इसका संरक्षण करेंगे।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया पौधरोपण

**बिलासपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश चिराग भानु सिंह ने वन विभाग के तत्वावधान में जिला मुख्यालय में वीरवार को वन महोत्सव के अंतर्गत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत की और पौधरोपण कर जिलावासियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करने का संदेश दिया। इस दौरान जिला न्यायालय के एक दर्जन से अधिक पदाधिकारियों ने अमरूद, आमला, कचनार, भेड़ा के पौधों का रोपण किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चिराग भानु सिंह ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की जरूरत है और उनकी देखभाल भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज अधिक से अधिक पौधरोपण कर वातावरण को स्वच्छ व शुद्ध रखना है तथा प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

## मिनर्वा स्कूल बना वॉलीबाल चैंपियन

### अंडर-14 खेल प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के खिलाड़ी छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनोह में आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने वॉलीबाल में विजेता रहते हुए खिताब पर कब्जा जमाया, जबकि बैडमिंटन प्रतियोगिता में रनरअप की ट्रॉफी अपने नाम की। जोनल स्तर की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर वॉलीबाल टीम के लिए दीक्षांत ठाकुर, कार्तिक, ध्रुव ठाकुर चेस में आद्यंत सिंह मल्होत्रा व बैडमिंटन में नैतिक भारद्वाज का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये खिलाड़ी हटवाड़ स्कूल में 15 से 18 अगस्त तक होने वाली जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने बच्चों को बेहतर प्रदर्शन प्रदर्शन करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा जोनल स्तर के बाद अब बच्चे जिला स्तर की प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन करेंगे।



### 5 खिलाड़ियों का जिला स्तर के लिए हुआ चयन

जोनल स्तर की प्रतियोगिता में वॉलीबाल टीम में वंशज ठाकुर, ध्रुव ठाकुर, कार्तिक, वैभव राज, चेतन ठाकुर, दीक्षांत ठाकुर, पद्म विभूषण, कृष शर्मा, नैतिक, अभिनव शर्मा ने भाग लिया, जबकि बैडमिंटन में नैतिक भारद्वाज, अनिरुद्ध, ईशान भारद्वाज, अधिवंश चंदेल, अंकुश राणा में भाग लिया।

इसके अलावा चेस प्रतियोगिता में आद्यंत सिंह मल्होत्रा, ध्रुव ठाकुर, ईशान कपिल व ईशान भारद्वाज भाग लिया। प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने सभी खिलाड़ी छात्रों, शारीरिक शिक्षकों और स्कूल स्टाफ को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# 63 साल का हुआ बिलासपुर

## चल मेरी जिंदे नवीं दुनियां बसाणी, डुबी गए घरबार, आई गया पाणी

- देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू ने किया था भाखड़ा बांध का शुभारंभ
- कहा था कि बिलासपुर जिले को हर सुविधा देगी सरकार ताकि विस्थापन का दर्द भूल जाएं लोग
- आज दिन तक सरकार के साथ हुए एमओयू के आधार पर नहीं मिल पाई है बिलासपुर वासियों को सुविधा
- सरकार भाखड़ा विस्थापितों को नहीं दे पाई है उनका हक 354 गांवों के 52 हजार लोगों ने दी थी अपने घरों की कुर्बानी

**शुभम राही, बिलासपुर**

चल मेरी जिंदे नवीं दुनियां बसाणी, डुबी गए घरबार, आई गया पाणी। गोबिंदसागर झील में जलमग्न बिलासपुर के पुराने शहर पर आधारित ये पंक्तियां विस्थापन के दर्द को बयां करती हैं। जल समाधि के उस लोमहर्षक क्षण को याद करते हुए यहां के बुजुर्ग इन्हीं पंक्तियों को गाते हैं। कविता को सुनने के बाद शायद ही कोई ऐसा होगा, जिसकी आंखें नम न हों। नौ अगस्त, 1961 को पहली बार भाखड़ा बांध का जलस्तर बढ़ाया तो बिलासपुर का पुराना शहर डूबता चला गया। बिलासपुर आज 63 साल का हो गया। सदियों पुराने ऐतिहासिक बिलासपुर शहर के जल समाधि लेने के बाद झील किनारे नया शहर बसाया। जलमग्न होने से बिलासपुर के 354 गांव, 12 हजार परिवार और 52 हजार लोग उजड़े थे। इस शहर का डूबना एक संस्कृति का डूबना था। गोबिंदसागर झील में कहलूर रियासत का रंग महल व नया महल ही नहीं डूबे, बल्कि उनसे भी पुराने महल शिखर शैली के 99 मंदिर, स्कूल, कॉलेज, और कचहरी परिसर भी डूब गए थे। यह शहर कहलूर रियासत की राजधानी था। कहलूर रियासत के एक महा प्रतापी राजा दलीप चंद ने इस शहर को अपनी राजधानी के रूप में बसाया था। उसने धौलरा में अपने महल बनवाए थे और नीचे की तरफ यह शहर बसाया था। नए शहर को कई सुविधाएं देने के आश्वासन दिए गए। देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू ने जिस भाखड़ा बांध को देश का आधुनिक मंदिर बताया था, उस मंदिर के निर्माण के लिए बिलासपुर नगर की कुर्बानी दी गई थी। नेहरू ने ऐलान किया था कि बिलासपुर के विस्थापितों को इतनी सुविधाएं दी जाएंगी कि वे अपने विस्थापन के दर्द को भूल जाएंगे, लेकिन सभी सरकारों ने केवल राजनीतिक रोटियां ही सेंकी हैं। (अनंत ज्ञान)

### विस्थापितों का पहला शहर जो 999 साल की लीज पर

**बिलासपुर** विस्थापितों का पहला शहर है जो 999 साल की लीज पर है। यहां रहने वाले लोग अपनी ही संपत्ति के मालिक नहीं हैं। बिजली-पानी के कनेक्शन लेने के लिए नगर परिषद से एनओसी लेनी पड़ती है। जरूरत पड़ने पर अपनी ही संपत्ति पर लोन लेने के लिए उपायुक्त कार्यालय से अनुमति लेनी पड़ती है। साल 1971 में बिलासपुर शहर और गांव के लिए पुनर्वास के लिए अलग-अलग नियम बनाए गए। विस्थापन के 12 वर्ष बाद 1973 को कुछेक ग्रामीण विस्थापितों को जमीन दी गई, लेकिन निशानदेही सही तरीके से न होने के कारण लोगों ने अपने आशियाने तो बना लिए पर जमीन कहीं और पर थी। इस कारण इन लोगों पर दोबारा विस्थापित होने की तलवार लटक गई है।

### 450 लोगों के कट चुके हैं बिजली-पानी के कनेक्शन

**विस्थापितों** की जमीनों को अवैध करार देकर करीब 450 लोगों के बिजली-पानी के कनेक्शन काटे जा चुके हैं। बिलासपुर शहर में भी करीब 246 लोगों को प्लॉट नहीं मिल पाए हैं। इन लोगों को प्लॉट के लिए जमीन तक चिन्हित नहीं हुई है। कुछ वर्ष पहले एचआरटीसी वर्कशॉप के पास जमीन चिन्हित की थी, लेकिन वहां भी प्लॉट आवंटन नहीं हुआ।

### विस्थापितों की मांगें अभी तक नहीं हुई पूरी

**जिला** ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने मांग की कि विस्थापित क्षेत्र का बंदोबस्त करवाया जाए और विस्थापितों की कब्जे वाली जमीन का मालिकाना हक प्रदान किया जाए। इसके अतिरिक्त जिन विस्थापितों के बिजली और पानी के कनेक्शन काटे गए हैं उन्हें बहाल किया जाए। विस्थापितों को मुफ्त में बिजली दी जाए, विस्थापितों के बच्चों को बीबीएमबी में नौकरियों में आरक्षण दिया जाए। रॉयल्टी के रूप में मिलने वाली राशि में से 25 प्रतिशत विस्थापितों की मूलभूत सुविधाएं पर खर्च किए जाएं। इसके अलावा जिन विस्थापितों को प्लाट नहीं मिले हैं उन्हें प्लॉट दिए जाएं। गोबिंद सागर झील पर भजवाणी में पुल बनाया जाए जोकि राजाओं के समय बना था लेकिन झील के अस्तित्व में आने के बाद डूब गया था।

### विस्थापन का दंश झेलकर देश की उन्नति

**बिलासपुर** हिमाचल का एक ऐसा जिला है, जिसने अपना सर्वस्व खोकर कभी आंखें नम नहीं की। देश के विकास के लिए हर समय बलिदान करने को तैयार खड़ा रहा। आजादी से पहले तक उन्नत रियासतों में से एक मानी जाने वाली कहलूर रियासत का अपना ही बोलबाला था। बिलासपुर के पुराने शहर और रंगमहल के चर्चे आज भी लोगों की जुबान पर सुनने को मिलते हैं, लेकिन वक्त बदला और धीरे-धीरे पुराने बिलासपुर ने अपना अस्तित्व खो दिया। खेत खलिहान, आस पड़ोस तो खोया ही विकास के लिए देवी-देवता के स्थान तक खो दिए। बिलासपुर पास्ट एंड प्रजेंट, बिलासपुर गजेटियर और गणेश सिंह की पुस्तक चंद्रवंश शशिवंश विनोद से इन तथ्यों की पुष्टि होती है कि कहलूर रियासत की नींव बीरचंद ने 697 ईस्वी में रखी थी। वहीं, डॉ. हचिसन एंडवोगल हिस्ट्री की पुस्तक ऑफ पंजाब हिल स्टेट के अनुसार बीरचंद ने 900 ई. में कहलूर रियासत की स्थापना की थी।

### 1650 में बसा था पुराना बिलासपुर शहर

1650 में कहलूर रियासत के राजा दीपचंद बने। कहलूर रियासत की पुरानी राजधानी सुन्हाणी होती थी, लेकिन राजा दीपचंद को यह नापसंद थी। उन्होंने नई राजधानी के लिए जगह तलाशी और अंत में सतलुज नदी के बाईं ओर व्यास गुफा को चुना जो महर्षि वेद व्यास की तपोस्थली थी, इसी जगह पर सतुलज नदी के तट पर एक शहर बसाया और उसका नाम महर्षि व्यास के नाम पर व्यासपुर रखा जो बाद में बिलासपुर हुआ। तब से रियासत के विलय तक व्यासपुर ही कहलूर की राजधानी रही। इसे चंदेरी राजवंश ने बसाया था वह शहर बाद में गोबिंद सागर में डूब गया। पुराने शहर के ऊपरी तरफ एक नया शहर बस गया है जोकि समुद्र तल से 673 मीटर ऊंचा है। भारत और पाकिस्तान के टुकड़े होने के बाद जब बिलासपुर 12 अक्तूबर 1948 को अलग राज्य बना तो राजा आनंद चंद इसके मुख्यायुक्त बने। बिलासपुर भारत की आजादी के पश्चात एक अलग राज्य के रूप में स्थापित रहा, भारतीय संसद के एक एक्ट द्वारा पहली जुलाई 1954 को हिमाचल प्रदेश में बिलासपुर का विलय कर दिया और राजा आनंद चंद के स्वतंत्र कहलूर राज्य का सपना टूट गया। इस तरह से बिलासपुर भी हिमाचल प्रदेश का पांचवां जिला बन गया।

### 9 अगस्त 1961 को डूब गई बिलासपुर की धरोहर

**भाखड़ा** बांध के निर्माण की योजना संयुक्त पंजाब के लेफ्टिनेंट गवर्नर लुईस डान के समय 1918 में बनाई गई। इसका निर्माण 1948 में शुरू हुआ और 1963 में इसे पूरा किया गया। इसका उद्घाटन करते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि इस बांध का निर्माण आश्चर्यजनक तथा अद्वितीय है। बांध के निर्माण से बिलासपुर बुरी तरह से प्रभावित हुआ। सुप्रसिद्ध सांडू मैदान, यहां स्थित बाजार, मंदिर, प्राचीन महल, दो सौ के करीब गांव, चैंटा घाटी का उपजाऊ क्षेत्र सहित सब जलमग्न हो गया। अब यहां उन स्थानों पर विश्व की सबसे बड़ी मानव निर्मित गोविंद सागर झील बनी हुई है। इसमें मत्स्य पालन, नौकायान, जल क्रीड़ा सहित अनेक रोजगार के साधन उपलब्ध हो रहे हैं। राजा आनंद चंद ने जब भाखा में पुराने शहर के जलमग्न होने का मसला भारत सरकार से उठाया था तो उस समय भारत सरकार के चीफ आर्केटेक्ट जुगलेकर ने नए शहर का नक्शा बनाया था। नगर का निर्माण 1956 में शुरू हुआ था और 1963 में बनकर तैयार हुआ था। सबसे पहले इसे रौड़ा, डियारा और चंगर तीन सेक्टर के प्रारूप से पहचाना गया। इसके बाद लोगों ने अपनी मर्जी से भवन बनाना शुरू कर दिया और अर्किटेक्ट के मुताबिक, यह शहर विकसित नहीं हो सका। वर्तमान में इसके 11 सेक्टर हैं।



### सतधार के नाम से जाना जाता है जिला

**जिले** की स्थापना के बाद 1954 में केवल दो तहसीलें और 12 परगने थे लेकिन 24 जनवरी 1980 में बिलासपुर और घुमारवीं दो उपमंडल बनाए गए। इसके बाद दो तहसीलों के साथ नयना देवी में एक उपतहसील बनाई गई। 31 मार्च 1999 को झंडूता में एक तहसील स्थापित की गई। वर्तमान में जिले के चार उपमंडल, सदर, घुमारवीं, झंडूता और स्वारघाट हैं। बिलासपुर विशुद्ध रूप से पर्वतीय क्षेत्र है और इसे सात धारों के नाम से देशभर में जाना जाता था। इन सात धारों में धार नयना देवी, कोटधार, धार झंजियार, धार तियूण और धार सरयून, धार बंदला और बहादुरपुर धार शामिल हैं। 1952 में जब हिमाचल प्रदेश में चुनाव हुए तो बिलासपुर एक अलग राज्य था। उस समय यहां पांच विधानसभा क्षेत्र थे जो अब चार हैं।

### कोठीपुरा में एम्स बनकर तैयार



**स्वास्थ्य** की दृष्टि से बिलासपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) कोठीपुरा भी बनकर तैयार हो गया। जिले में रेलवे लाइन पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है। फोरलेन शुरू हो गया है। शिक्षा के क्षेत्र में हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला अपनी अलग पहचान बना रहा है।

### बिलासपुर की मुख्य हस्तियां



**वर्तमान** में बिलासपुर की पहचान दुनियाभर में है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। वहीं, बॉलीवुड की अभिनेत्री यामी गौतम ने भी अपनी प्रतिभा का डंका देश-दुनिया में बजाया है। बहादुरी का तमगा विक्टोरिया क्रॉस विजेता रणबांकुरे वीर जनरल जोरावर सिंह कहलूरिया, विक्टोरिया क्रॉस विजेता कप्तान वीर भंडारी राम, परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर संजय कुमार। बिलासपुर से फूलां चंदेल, गंभरी देवी, मनसा पंडित, सूबेदार वीर सिंह चंदेल मुख्य कलाकारों में शामिल हैं। साहित्यकारों में देवराज शर्मा, बंशी राम शर्मा, कन्हैया लाल दबड़ा, रूप शर्मा, कुलदीप चंदेल शामिल हैं।









### श्री नयना देवी मंदिर यहां की पहचान

**जिला** बिलासपुर में सबसे बड़ा पावन स्थल श्री नयना देवी मंदिर माना जाता है। यह मंदिर हिंदुओं और सिखों की पावन स्थली है। दसवीं पातशाही गुरु गोविंद सिंह की माता नयना देवी के प्रति असीम विश्वास और श्रद्धा थी। इसके साथ ही नाहर सिंह मंदिर, व्यास गुफा, मार्कंडेय ऋषि मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र ने मनाया वनोत्सव



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** आकाशवाणी शिमला और दूरदर्शन केंद्र शिमला में वनोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी और दूरदर्शन हिमाचल प्रदेश के क्लस्टर प्रमुख गुरबिंदर सिंह ने आकाशवाणी परिसर में चिनार का पौधा लगाकर वनोत्सव का शुभारम्भ किया। इसके अतिरिक्त आकाशवाणी और दूरदर्शन परिसर में बान, देवदार, अखरोट एवं अन्य सजावटी पौधों का रोपण किया गया। यह कार्यक्रम वन विभाग हिमाचल प्रदेश के सहयोग से आयोजित किया गया।

### नाहन में 17 वर्षीय लड़की ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की द्वारा कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। हालांकि लड़की ने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। मृतका की पहचान तमन्न पुत्री ईश्वर चन्द निवासी गांव व डा. रजाना, तहसील संगडाह, जिला सिरमौर के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस चौकी कच्चा टैंक नाहन में सुरजन सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी गांव खुड, डा. जरग, तहसील ददाहू, जिला सिरमौर ने सूचना दी कि इसके साथ रह रही तमन्ना ने क्वाटर में फंदा लगा लिया है। बता दें किशोरी आईटीआई में दाखिला लेने नाहन आई थी और पिछले एक महीने से तेलियां मोहल्ला कच्चा टैंक नाहन में रह रही थी। मामले की पुष्टि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने की है।

### पुलिस ने 73 नशीले कैप्सूल किए बरामद

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के पुलिस थाना पुरुवाला की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 73 नशीले कैप्सूल सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अरूण कुमार निवासी गांव मोहकमपुर नवादा, डाकघर शिवपुर, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

### हत्याकांड : आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के बणी में नशा मुक्ति केंद्र में अमित कुमार की हत्या के मामले में पड़ोसी राज्य पंजाब से एक और आरोपी ने आत्म समर्पण कर दिया है। मामले में अभी तक चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। बता दें कि पुलिस थाना बड़सर में अमित कुमार की हत्या के चौथे आरोपी अमरेंद्र सिंह उर्फ कैप्टन पुत्र कुलविंदर सिंह निवासी मनोलियन जिला होशियारपुर ने पुलिस का शिकंजा कसता देख थाने में आत्मसमर्पण कर दिया है। अमरेंद्र सिंह उर्फ कैप्टन पुत्र कुलविंदर सिंह फ्रेश फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र के स्टाफ के रूप में कार्य कर रहा था। पुलिस द्वारा पंजाब में उसके संभावित ठिकाने पर टीम ने कई बार छापेमारी की थी। डीएसपी बड़सर सचिन हीरेमठ ने बताया कि जल्द ही अन्य आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।

## स्वावलंबन योजना बंद, लेकिन स्टार्टअप योजना के नाम पर खामोश सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने स्वावलंबन योजना को एक झटके में बंद कर दिया, लेकिन स्टार्टअप योजना को शुरू नहीं कर पाई। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के समय स्टार्टअप योजना को गारंटी के रूप में प्रचारित किया और हर विधानसभा क्षेत्र में युवाओं के फॉर्म तक भरवा लिए कि सरकार बनते ही पैसे खाते में आ जाएंगे।

सरकार बने डेढ़ साल से ज्यादा का समय हो गया, लेकिन आज तक सरकार इस योजना का एक भी लाभार्थी नहीं बना पाई है कि कम से कम विपक्ष को ही दिखा सके कि यह हमारी योजना का लाभार्थी हैं। सरकार हर स्तर पर युवाओं के साथ छल कर रही है। सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार को अपनी चुनावी गारंटी 'स्टार्टअप योजना' के आंकड़े अब प्रदेश सामने रखने चाहिए कि डेढ़ साल के कार्यकाल में अब तक कितने युवाओं को इसका लाभ मिला?



कितने युवाओं ने इससे रोजगार शुरू किए? इस योजना का लाभ कब से प्रदेश के युवाओं को मिलना शुरू होगा। चुनाव के समय कांग्रेस ने गारंटी दी थी कि सरकार बनने पर हर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए 10 करोड़ के हिसाब से 680 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड का प्रबंध करेगी, जिससे युवा अपने लिए रोजगार के साधन जुटाए और अन्य लोगों को रोजगार भी देंगे।

कांग्रेस के नेताओं ने स्टार्टअप के लिए लाभार्थी चुनने के लिए लिए चुनाव से पूर्व ही युवाओं से फॉर्म भी भरवा लिए थे, लेकिन जितनी तेजी से सरकार ने स्वावलंबन योजना पर तालाबंदी की और जितनी तेजी चुनाव फॉर्म भरने में दिखाई, स्टार्टअप योजना को क्रियान्वित करने के मामले मे यह तेजी गायब हो चुकी है।

### नौ अगस्त को डूबा था एक शहर

नौ अगस्त को डूबा था एक शहर।
रो-रो के नहीं थके थे लोग उस समय।।

दिन-रात और चारो पहर।
देश के लिए बली चढ़ा था
मेरा बिलासपुर।।

कलरव ध्वनि करते पंछी
भी उस दिन खूब रोए थे।
मानवों के साथ-साथ
उन्होंने भी अपने
आशियाने खोए थे।।

सब मानवों की चीख
पुकार और ऊपर से पशुओं की
आंसूंनुमा फुहार।
बच्चा-बूढ़ा और जवान, लगा था ऐसा
सदमा।।

सब जन मानस था इस सदमें से
परेशान।

धीरे-धीरे डूब गया था सब कुछ।।

स्लेटपोश मकान, बेड़ीघाट सब जल
मग्न हुए थे।
देश के विकास के लिए
सब वीरान हुए थे।।

9 अगस्त की वह तारीख
थी जब सबके अरमान
डूब गए थे।
लोगों के दिलों पे क्या
बीती थी।।

जब पानी उनके घर की
देहरी तक आया था।
देखते ही देखते सारा शहर जलमगन
हो गया था।।

देश की तरक्की की खातिर।
जब मेरे बिलासपुर ने अपना अस्तित्व
मिटाया था।।



लेखक : डॉ. जय महलवाल ( अनजान )

### सर्विलांस टीम ने भरे पानी के सैंपल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में पीलिया संक्रमण के फैलने के कारणों का पता लगाने के लिए आईजीएमसी शिमला से आई सर्विलांस टीम ने गुरुवार को जोगिंद्रनगर शहर में करीब आधा दर्जन से ज्यादा जगहों पानी के सैंपल भरे तथा बस अड्डे के पीछे पड़ी गंदगी को साफ करने बारे आदेश दिए।

सर्विलांस टीम में रेलवे चौक, आयुर्वेदिक अस्पताल, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, मेन बाजार, पुरानी आईटीआई, सब्जी मंडी में जाकर पानी के सैंपल लिये तथा विभाग की पाईपों को चेक किया। टीम द्वारा सारे आंकड़े एकत्रित करके इनकी जांच करने के बाद इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी।

### बांग्लादेश तख्तापलट : कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी राष्ट्र विरोधी : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद वहां पर हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार की निंदा की है। उन्होंने वहां हो रही अमानवीय घटनाएं चिंतनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष पूर्व बांग्लादेश में हिन्दुओं की संख्या कुल आबादी की 25 फीसदी थी जोकि अब 8 फीसदी रह गई है जोकि चिंतनीय और विचारणीय है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि पूरी स्थिति पर भारत सरकार नजर बनाए हुए हैं पर विपक्ष सहित कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं के गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी है निंदनीय और राष्ट्र विरोधी है। कांग्रेस के एक नेता द्वारा यह कहना कि भारत में भी बांग्लादेशी देश जैसे हालात होंगे एक गैर-जिम्मेदाराना और राष्ट्र विरोधी बयान है।

### बलात्कार के दोषी को 8 साल की सजा

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** माननीय अदालत अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरकाघाट डॉ. अबीरा वासू ने सरकार बनाम दीपक नेपाली प्रकरण में आरोपी दीपक नेपाली पुत्र भक्ते सार्की निवासी गांव सानबाड़ा वार्ड नं-7, डाकखाना दुल्लू, जिला दैलेख, नेपाल को बलात्कार के जुर्म में 8 वर्ष का कठोर कारावास व 20,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है और जुर्माना न अदा करने की सूरत में 6 महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि 2 मार्च 2021 को उपरोक्त आरोपी शराब के नशे में एक महिला को घर में अकेला पाकर उसके कमरे में जबरन घुस गया और महिला के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के बयान दर्ज करने के उपरांत मुकदमा आईपीसी की धारा 376 (1) व 506 के तहत दर्ज किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में हिमाचली सांसदों का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

दिल्ली में बसे हिमाचलियों की शीर्ष संस्था 'हिमाचल सोशल बॉडीज फेडरेशन' ने गत रात्रि हिमाचल सदन नई दिल्ली में हिमाचली सांसदों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में सभी हिमाचली सांसदों का हिमाचली परम्परा से स्वागत किया गया और हिमाचली धाम का आयोजन किया गया।

हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा की हिमाचल सोशल बॉडीज फेडरेशन ने दिल्ली में कार्यरत सभी छोटी-छोटी हिमाचली संस्थाओं को एक सूत्र में पिरो कर रखा है। दिल्ली में लगभग सभी जिलों की छोटी-छोटी संस्थाएं हैं और यह संस्थाएं उस क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर, रीती रिवाजों और खान-पान की परम्पराओं को राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ी बखूबी से संजो कर रख रही हैं।

उन्होंने इन संस्थाओं द्वारा करोना काल के दौरान दिल्ली में बसे हिमचालियों की मदद करने, ऑक्सीजन सिलंडर पहुंचाने और मुफ्त राशन प्रदान करने के लिए हिमाचली संस्थाओं की योगदान की सराहना की।





कांगड़ा के सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा की यह संस्थाएं हिमाचल राज्य के गुडविल एम्बेसडर की तरह काम करती हैं और हिमाचल प्रदेश की राष्ट्र स्तर पर ईमानदार, मेहनतकश और सीधे सादे इंसान की छवि उभारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। हिमचालिओं ने दिल्ली में अपनी मेहनत और परिश्रम के बल पर सफलता की सीढ़ीओं को चढ़ा है और छोटा सा प्रदेश होने के बाबजूद आज दिल्ली में हिमाचली सरकारी, निजी क्षेत्र और कॉर्पोरेट सेकटर में अनेक ऊंचे पदों पर बैठें हैं जोकि प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने केन्द्र सरकार के बजट में हिमाचल प्रदेश के लिए रेलवेज, परिवहन, पर्यटन क्षेत्रों में हिमाचल प्रदेश को दी गई सौगात का विस्तार से जिक्र किया।

शिमला के सांसद सुरेश कश्यप ने कहा की केन्द्र सरकार दिल्ली और अन्य महानगरों में बसे हिमाचलियों को पेश आ रही अनेक दिक्कतों के प्रति संजीदा है और उन्हें हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी। उन्होंने देश के मेट्रोपॉलिटियन शहरों में हिमाचली सांस्कृतिक केन्द्र खोलने की जरूरत पर बल देते हुए कहा की इससे हिमाचल पर्यटन को बल मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### विपिन परमार ने धीरा उपमंडल में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, डरोह।** 75वें वन महोत्सव के मौके पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं सुलह विधानसभा क्षेत्र के मौजूदा विधायक विपिन सिंह परमार द्वारा वीरवार को उपमंडल धीरा के नौरा, राख, बलोटा, घराना, बच्छवाई और डगेरा में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों और गांववासियों की उपस्थिति में औषधीय पौधे रोपित किए। पर्यावरण संरक्षण के लिए वनों के महत्व पर बोलते हुए विपिन सिंह परमार ने उपस्थित जनसमूह से 'एक पेड़ मां के नाम' रोपित करने का आह्वान किया।

### पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने प्रेस के नाम जारी वक्तव्य में बताया कि बोर्ड द्वारा मार्च, 2024 में संचालित की गई दसवीं (नियमित) कक्षा की परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्निरीक्षण हेतु जिन परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, परिणाम वीरवार को घोषित कर दिया गया है। संबंधित परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन, पुनर्निरीक्षण का परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शाखाओं के दूरभाष नंबर 01892-242158 (पुनर्मूल्यांकन) व 01892-242122 (पुनर्निरीक्षण) पर संपर्क कर सकते हैं।

### टंग नरवाना में नाग पंचमी पर भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, योल।** टंग नरवाना के नाग मंदिर में नाग पंचमी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुबह पूजा-अर्चना के बाद 9 बजे हवन यज्ञ किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रवासियों की शांति के लिए आहूतियां डाली जाएंगी। पूर्व पंचायत प्रधान सुरिंद्र कुमार राणा ने पंचायत व आसपास के क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया है कि इस पुण्य कार्य में अपनी अपनी हाजरी लगाए और भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण करें।

### डोला-थिल्ल मार्ग 12 सितंबर तक रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी उपमंडल के खुंडिया पीडब्ल्यूडी उपमंडल के अंतर्गत डोला-थिल्ल रोड के मरम्मत कार्य के चलते यह मार्ग 12 अगस्त से 12 सितंबर तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए लगडू से घट्टा, घट्टा से टंबर चौक और कंडी थिल्ल टंबर मार्ग का उपयोग किया जाएगा। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है।

### टांची, भुलाना व आसपास आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** विद्युत उपमंडल चढ़ियार के भुलाना-आशापुरी 14 केवी फीडर के अंतर्गत अलग-अलग दिनों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभियंता उपमंडल चढ़ियार ओम प्रकाश राणा ने बताया कि पुरानी तारों को बदलने के कार्य के चलते गांव टांची, भुलाना, द्रुग, कोलकर, ढंडेरा, तिनबड़ व भुआना में 9,11,13,17 व 19 अगस्त को सुबह 9:30 से लेकर कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अगर किसी कारणवश दी हुई तिथियों को कार्य पूरा नहीं हुआ तो उसके अगला दिन कार्य दिवस माना जाएगा। सहायक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# सत्संग घर के डंगे के निर्माण में लगे दो मजदूरों पर गिरा मलबा

## एक को निकालने के लिए डेढ़ घंटे चला फायर ब्रिगेड का रेस्क्यू ऑपरेशन

**पिंकी, डाडासीबा**



मलबे में फंसे मजदूर को बाहर निकालती डाडासीबा फायर ब्रिगेड की रेस्क्यू टीम।

डाडासीबा के अंतर्गत नंगल चौक खड्डु के समीप स्थित एक सत्संग घर के डंगे के निर्माण कार्य के दौरान अचानक मलबा गिर जाने से दो मजदूर इसकी चपेट में आ गए। घायलों की पहचान रविंद्र कुमार पुत्र बाबूराम पंचायत गुरनबाड़ व सुनील कुमार के रूप में हुई है। एक मजदूर को वहां उपस्थित लोगों की मदद से निकाल लिया गया, वहीं दूसरे को निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

मलबे में फंसे दूसरे मजदूर को बाहर निकालने के लिए डाडासीबा फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने अहम भूमिका अदा की। मलबे में फंसे व्यक्ति को डेड घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद निकाला गया। घटना स्थल से उन दोनों व्यक्तियों को डाडासीबा सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार देने के उपरांत एक व्यक्ति की नाजुक हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज टांडा के लिए रेफर कर दिया गया है। इस दौरान फायर ब्रिगेड डाडासीबा से फायर चौकी प्रभारी अजय कुमार, चालक संदीप कुमार, विवेक शर्मा प्रशांत विनोद कुमार, प्रशांत जीवन कुमार ने अपनी भूमिका निभाते हुए कड़ी मेहनत के बाद मलबे में फंसे इन दोनों व्यक्तियों को बाहर निकाला। (अनंत ज्ञान)

### मलबे में फंस गया था आधे से ज्यादा शरीर

**डंगे** के निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री ने बताया कि निर्माण के दौरान जैसे ही मलबा गिरना शुरू हुआ तो वे सभी बाहर की तरफ भागे, लेकिन उनके दो साथी मलबे में फंस गए थे। इस निर्माण कार्य के लिए पांच व्यक्ति काम पर लगे थे, जिनमें एक गंभीर रूप से चोटिल हुआ है, बाकी सभी सुरक्षित हैं। वहीं, डाडासीबा फायर चौकी प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि घटनास्थल में एक व्यक्ति के ऊपर मलबा गिरने की वजह से उसका आधे से ज्यादा शरीर जमीन के बीच में फंसा था। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने करीब डेढ़ घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में उसे मलबे से बाहर निकाला।

# सीपीएस किशोरी कल संसाल में करेंगे टूर्नामेंट का शुभारंभ

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास किशोरी लाल 10 अगस्त को प्रात: 10:30 बजे संसाल में अंडर-14 छात्र एवं छात्राओं के जोनल टूर्नामेंट का शुभारंभ करेंगे। 11 अगस्त को बैजनाथ में ही जनसमस्याएं सुनेंगे, जबकि 12 अगस्त को साढ़े 10 बजे से विकास खंड बैजनाथ में पंचायत सचिव, तकनीकी सहायकों के साथ बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। 13 अगस्त को साढ़े 10 बजे सीपीएस बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

किशोरी लाल 14 अगस्त को प्रात: 10 बजे बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। जबकि 11:30 बजे से बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग की विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

15 अगस्त को सीपीएस राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह देहरा में मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहेंगे। 16 अगस्त को ग्राम पंचायत धरेड़ तथा 17 अगस्त को 11 बजे कॉमन सर्विस सेंटरों का शुभारंभ करेंगे। किशोरी लाल 18 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे छोटा बंगाल क्षेत्र के मुल्थान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सीपीएस 22 अगस्त को प्रात: 10:30 बजे कृष्णानगर में आयोजित अंडर-19 छात्रा जोनल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वह 22 अगस्त तक बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

# राज्यसभा : 300 दवा कंपनियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**मार्च, 2024 तक नौ स्मार्ट सिटी का निर्माण कार्य हो चुका है पूरा**



केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को संसद में बताया कि ड्रग कंपनियों द्वारा दवाइयों के निर्माण में उचित मानदंडों को सुनिश्चित करने के लिए गत वर्ष केंद्रीय औषधी मानक नियंत्रण संगठन ने राज्य लाइसेंसिंग अधिकारियों से मिलकर 400 दवा कंपनियों का निरीक्षण किया था।

इनमें से 300 दवा कंपनियों पर कार्रवाई अमल में लाई गई। उन्होंने बताया कि इन 300 दवा कंपनियों पर विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई, जिसमें से कंपनियों को कारण बताओ नोटिस, दवा उत्पादन में रोक, लाइसेंस रद्द करना और प्रोडक्ट लाइसेंस रद्द करना शामिल है। वहीं, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने राज्य सभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को बताया कि देश में स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत मार्च, 2024 तक 9 शहरों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। 27 शहरों का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत से ज्यादा पूरा कर लिया गया है और 33 शहरों का 75 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# 'अनंत ज्ञान' के पत्रकार पर घर के बाहर हुआ जानलेवा हमला

## मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला किया दर्ज

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

थाना डमटाल के अंतर्गत आते मोहटली गांव में बुधवार देर रात 'अनंत ज्ञान' के इंदौरा के पत्रकार अशोक ठाकुर पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है।

पत्रकार जब अपनी निजी गाड़ी से घर लौट रहा था तो उसके घर के बाहर पहले से ही घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने अपनी गाड़ी पत्रकार की गाड़ी के साथ लगा दी और उस पर ताबड़तोड़ वार करने लगे, जिससे वह घायल हो गया। यह सारा वाकया पत्रकार के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया, जिसके चलते पुलिस थाना डमटाल में मामला दर्ज किया गया। आरोपी की पहचान अजीत सिंह, पुत्र मग्घर सिंह, निवासी झिगला सूरजपुर, तहसील इंदौरा के रूप में हुई है। वहीं, अशोक ठाकुर का मेडिकल सिविल अस्पताल इंदौरा में करवाया गया।



ज्ञात रहे कि आरोपी पर पहले भी अपने पड़ोसियों पर जानलेवा हमला करने व फायरिंग करने का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने कहा कि पत्रकार के साथ मारपीट का मामला उनके ध्यान में आया है। पुलिस ने पत्रकार की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कांगड़ा एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए बनाया सेल्फी प्वाइंट

**गगल।** हवाई सुरक्षा सांस्कृतिक सप्ताह के तीसरे दिन कांगड़ा हवाई अड्डे पर यात्रियों को बेज और टोपी वितरित किए गए, ताकि हवाई सुरक्षा के महत्व को बढ़ावा दिया जा सके। इसके अलावा टर्मिनल बिल्डिंग में एक सेल्फी प्वाइंट स्थापित किया गया, जहां यात्रियों ने हस्ताक्षर किए और सेल्फी भी ली, ताकि सुरक्षा जागरूकता के संदेश को और बढ़ावा दिया। इस इंटरेक्टिव दृष्टिकोण ने यात्रियों को सुरक्षा सांस्कृतिक सप्ताह में शामिल किया और उन्हें सुरक्षा संस्कृति का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया। सप्ताह भर होने वाले इन आयोजनों का उद्देश्य यात्रियों में सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी और स्वामित्व की भावना पैदा करना था।




# आइब्रो बनवाते समय इन बातों का रखें ध्यान, वरना बिगड़ सकता है आपका लुक





**महिलाएं** अपनी खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए कई तरीके अपनाती हैं। इसमें कई प्रकार के स्किन केयर ट्रीटमेंट और हेयर ट्रीटमेंट शामिल रहते हैं। इन्हीं चीजों में शामिल है आईब्रो को सेट करना। आईब्रो सेट कराने के बाद चेहरा काफी अलग और खूबसूरत दिखने लगता है। ऐसे में महिलाएं भले ही स्किन केयर ट्रीटमेंट न ले, लेकिन वो समय-समय पर अपनी आईब्रो सेट अवश्य कराती हैं।

**चेहरे को अच्छी तरह से साफ करें:** अगर आईब्रो सेट कराने जा रही हैं तो सबसे पहले अपने चेहरे को साफ अवश्य करें। कई बार ऐसा होता है कि जल्दबाजी में महिलाएं मेकअप लगे रहने के बाद भी थ्रेडिंग बनवा लेती हैं, इससे एक तो आईब्रो की शेप खराब होने का डर रहता है। इसके साथ ही इससे त्वचा पर भी इंफेक्शन का डर रहता है।

**सही शेप का रखें ध्यान:** आईब्रो का शेप हमेशा अपने चेहरे के आकार के हिसाब से तय करें। इसके लिए आप किसी विशेषज्ञ की सलाह ले सकती हैं। अगर आपको पहले से ही ये पता है कि आपके चेहरे पर कैसी आईब्रो अच्छी लगती है तो उसी हिसाब से इसे सेट कराएं।

**हाइजीन है जरूरी :** जब आईब्रो सेट कराने जाएं तो हाइजीन का ध्यान अवश्य रखें। इस दौरान जिस थ्रेड या फिर प्लकर का इस्तेमाल किया जा रहा है, वो अच्छे से साफ होना चाहिए। अगर ये अच्छी तरह से साफ होंगे तो इससे संक्रमण का खतरा कम होता है।

# दोमुंहे बालों से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

**कम** उम्र में ही बालों का सफेद होना और लगातार बालों का झड़ना लोगों को काफी परेशान कर देता है। इसके अलावा एक और समस्या है, जिससे महिलाएं परेशान रहती हैं। ये समस्या है बार-बार बालों का दोमुंहा और रूखे होना। जब बाल काफी ज्यादा दोमुंहे हो जाते हैं तो महिलाएं अपने बाल कटा देती हैं। ऐसे में इन दोनों समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए ये उपाय जरूर अपनाएं।

**नारियल तेल और शहद का मास्क:** अगर आप घर बैठे दोमुंहे बालों से छुटकारा पाना चाहती हैं तो इसके लिए नारियल के तेल और शहद का मास्क तैयार करा सकती हैं। इस पैक को तैयार करने के लिए दो बड़े चम्मच नारियल तेल और एक बड़ा चम्मच शहद मिलाकर एक पेस्ट बनाएं। अब इसे अपने बालों की जड़ों से लेकर छोर तक लगाएं। 40 मिनट के बाद बालों को अच्छी तरह से धो लें। इससे दोमुंहे बाल अपने आप खत्म होने लगेंगे।



**अंडा और जैतून तेल का मास्क:** अगर आपको अंडे के इस्तेमाल से दिक्कत नहीं है तो अंडे के सफेद भाग में एक बड़ा चम्मच जैतून तेल मिलाकर एक पेस्ट बनाएं। पेस्ट को अच्छी तरह से अपने बालों पर तीस मिनट के लिए लगाएं। इसके बाद हल्के शैंपू से बाल धो लें। ये मास्क बालों को मजबूती और दोमुंहे बालो का खात्मा भी करता है।



# मानसून वेडिंग्स में सौंदर्य सावधानियां



**शहनाज हुसैन**

*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।*

**क्या** आप इस मानसून के मौसम में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं? बारिश के मौसम में शादी करना रोमांटिक हो सकता है, लेकिन यह थोड़ा मुश्किल भी हो सकता है। बरसात को 'प्यार का मौसम' माना जाता है तो इस मौसम में शादियों का अलग ही नजारा देखने को मिलता है। मानसून की ठंडी हवाएं, हरियाली और बूंदाबांदी शादी के उत्सव में रोमांस, प्यार, खुशी व आनंद के एहसास को दोगुना कर देते हैं। मानसून में शादी के उत्सव में रिमझिम बारिश की कल्पना एक सुखद एहसास दिलाती है। हालांकि मानसून की शादी अत्याधिक रोमांचकारी मानी जाती है, लेकिन मानसून की शादी में अनेक ऐसे पहलू भी होते हैं जिन्हें नजरअंदाज करने से शादी का उत्सव फीका पड़ सकता है और आयोजकों व मेहमानों को खासी दिक्कतों को सामना करना पड़ सकता है। शादी के दिन सुंदर दिखना महज मेकअप व ड्रैस पर निर्भर नहीं करता, बल्कि इस दिन के लिए आपको महीनों पहले से बालों व त्वचा की देखभाल शुरू करनी पड़ती है। इसके लिए त्वचा तथा बालों के प्रकार तथा मौसम को ध्यान में रखकर सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग शुरू करना चाहिए। मानसून में तैलीय या मिश्रित त्वचा की दुल्हनों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। तापमान में उमस व गर्मी की वजह से तैलीय त्वचा ज्यादा ऑयली व निर्जीव दिखती है। वातावरण में उमस की वजह से त्वचा में पसीना आता है तथा वातावरण में प्रदूषण व गंदगी त्वचा पर जम जाती है।

**वाटर प्रूफ मेकअप :** मानसून के सीजन में शादियों में दुल्हन को मेकअप की समस्या से निजात दिलाने के लिए वाटर प्रूफ मेकअप को अपनाना चाहिए। मानसून में बारिश और उमस के चलते आपका मेकअप पूरी तरह खराब हो सकता है। इसलिए मेरी सलाह है कि सामान्य सौंदर्य उत्पादों की बजाय वाटर प्रूफ सौंदर्य उत्पादों को प्राथमिकता दें। बारिश की फुहार या भावनात्मक क्षणों में आंखों के आंसुओं से सामान्य मेकअप खराब हो सकता है, जिससे आपका चेहरा भद्दा दिख सकता है। शादी से सप्ताह पहले मेकअप ट्रायल जरूर कर लीजिए। अपने मेकअप आर्टिस्ट से मेकअप करवाने के बाद चेहरे पर पानी के छींटे डालें जिससे आपको मेकअप की गुणवत्ता का अहसास हो जाएगा तथा कमियों को आप समय रहते दूर कर सकेंगी।

अगर आपके बाल फ्रिजी हैं तो भी हेयर स्टाइलिस्ट से नमी की वजह से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए समय रहते उपाय कर सकते हैं। मानसून में मेकअप को बनाए रखने के लिए ट्रेनसुलेंट पाउडर का प्रयोग कीजिए जोकि नमी की अधिकता तथा तेलों को सोखने में मदद करेगा जिससे आपकी फाउंडेशन बनी रहेगी। अपने चेहरे को क्लीनर से धोकर इस पर जमे मैल और गंदगी को हटाकर हल्का ऑयल फ्री मॉइस्चराइज लगाइए। इससे आपकी मेकअप के लिए मुलायम कैनवास तैयार हो जाएगा। इसी तरह पाउडर आधारित ब्लश, ब्रॉन्जर्स व आई शैडो का प्रयोग कीजिए। यह वाटर प्रूफ होने के साथ ही क्रीम आधारित स्टाइलिंग से ज्यादा देर तक ठहरते हैं। इस मौसम में काजल लगाना है तो वॉटर प्रूफ काजल पेंसिल का इस्तेमाल करें, क्योंकि बरसात में काजल आंखों में फैल जाता है और पर आंखें डार्क सर्किल दिखने लगते हैं। मानसून में काले रंग के काजल और आई मेकअप से बचें। बरसात में आप वाटर प्रेफ लिक्विड बिंदी लगाएं अन्यथा बाजार में मिलने वाली स्टिकर वाली, नगों वाली या कुंदन वाली सुंदर डिजाइन वाली बिंदिया लगा सकती हैं ये बिंदिया फैलती नहीं हैं।

**फुटवियर :** अगर आप खुले आसमान के नीचे शादी का आयोजन कर रहे हैं, तो फुटवियर का खास ख्याल रखने की जरूरत है। कीचड़ भरे मैदान और फिसलन वाले फ्लोर में मजबूत ग्रिप वाले फुटवीयर पहनने चाहिए ताकि आप घूमते हुए गिर न जाऐं। बरसात के मौसम में 'हील' पहनकर चलना कोई आसान काम नहीं है। इससे हील के कीचड़ में फंसने तथा फिसलने का खतरा बना रहता है। आप स्टाइलिश दिखने वाली क्लासिक जूती पहनें जोकि आपके ड्रेस को मैच करती हो तथा इससे आप सहज व सुखद एहसास फील करेंगी। पंजाबी जूती काफी आकर्षक लगेगी।

**शादी का पहरावा :** हल्के, सांस लेने योग्य, ऑर्गेना, शिफॉन, क्रेप, साटन और जॉर्जेट जैसे कपड़े चुनें जो पानी में टिकाऊ हों। ऐसे हल्के और सांस लेने योग्य कपड़े मानसून के दौरान पानी को झेल सकते हैं और नमी सोख सकते हैं। इस मौसम में पहरावे का चयन भी काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। शादी के दौरान स्टाइलिश और सहज दिखने के लिए शादी की सही पोशाक का चयन महत्वपूर्ण होता है।

**कम से कम कढ़ाई का विवरण चुनें :** ज्यादातर दुल्हनें पोशाक का चयन करते समय मखमल, जरी, बेल बूटेदार वस्त्र जैसी भारी पोशाक का चयन करती हैं तथा बारिश के पानी में भीगने से इसकी एम्ब्रायडरी खराब हो सकती है। मानसून सीजन के लिए सिल्क की पोशाक काफी आरामदेह साबित होती है। सिल्क की सुंदर सजावट होती है जोकि किसी भी पोशाक में चार चांद लगा देती है। हल्की और पतली सिल्क गर्मी और उमस में ठंडक का एहसास प्रदान करती है। सिल्क की पोशक से आप ग्लैमरस और फैशनएबल दिखती हैं तथा आरामदेह भी होती है। बॉर्डर गंदा होने से बचाने के लिए लहंगे और दुपट्टे की लंबाई छोटी रखें। आप अपने पहनावे में कुछ चमक जोड़ सकते हैं, लेकिन सुनिश्चि करें कि वे पहनावे में बहुत अधिक वजन न जोड़ें और पानी के संपर्क में आने पर प्रतिक्रिया न करें। हीरे, मोती या क्रिस्टल से की गई कढ़ाई एक सुंदर लुक देती है और नमी के संपर्क में आने से खराब नहीं होती है।

**हेयर स्टाइल :** बरसात में गर्मी और उमस के वातावरण में बालों की बनावट और स्टाइल काफी टेंशन में डाल देते हैं। बारिश की फुहार व ठंडी हवाओं में बाल फ्रिजी हो जाते हैं। हालांकि खुले बाल काफी सहज होते हैं, लेकिन उमस की वजह से यह फ्रिजी हो सकते हैं। बरसात में मौसम के मिजाज को देखते हुए जूड़ा,चोटी या पोनी टेल बेहतर विकल्प हो सकता है। इस दौरान हल्की हेयर एसेसरीज का चयन कीजिए। तेज हवाओं से खुले बालों को बचाने के लिए किसी ट्रेंडी वन का चयन कीजिए। परफेक्ट हेयर स्टाइल के साथ साधारण लहंगा भी आपको आकर्षक मनोहर और आकर्षक लुक दे सकता है और आप सबसे अलग दिख सकती हैं।

# योग से लाएं अपनी त्वचा में ग्लो



**हम** पदार्थ और आत्मा दोनों से मिलकर बने हैं। इसका अर्थ है कि हमारी त्वचा केवल एक बाहर दिखाई देने वाली परत के अलावा भी बहुत कुछ है, जो जीवन और क्रियाशीलता से भरपूर है। यह हमारे शरीर के अन्य अंगों की तरह ही एक अंग है और इसे स्वस्थ रखने तथा पोषण प्रदान करने की आवश्यकता है। आधुनिक समय के सौंदर्य उपचार केवल शारीरिक आवश्यकता को पूर्ण करते हैं, लेकिन ये उस रहस्य के बारे में नहीं बताते जिससे आपकी त्वचा की प्रत्येक कोशिका चमके और ऊर्जा एवं कांति से भर जाए। त्वचा को कांतिमान बनाने के लिए कई प्राकृतिक सौंदर्य उपाय हैं, जो त्वचा को साफ करने और इसका कायाकल्प करने में भी मदद करते हैं।

**योग का अभ्यास:** यदि आपने अधोमुखश्वान आसन का अभ्यास किया है, तब आपने इस बात पर ध्यान दिया होगा कि यह आसन करते समय आपका ध्यान धीरे से श्वास पर आ जाता है। योग अभ्यास की सुंदरता इस बात में है कि आपका ध्यान शरीर (जब खिंचाव होता है) से श्वास पर आ जाता है। हर बार जब आप श्वास बाहर छोड़ते हैं, तो शरीर से बहुत सारे विषैले तत्व निकल जाते हैं। योग और श्वास लेने की सजग प्रक्रिया में आपके शरीर का शुद्धिकरण होता है। इससे आपकी त्वचा तरोताजा और ऊर्जावान हो जाती है।

**सुदर्शन क्रिया है अनुपम सुंदरता का मंत्र:** ठीक प्रकार से श्वास लेने से आपको दाग-धब्बों और मुंहासों से छुटकारा मिल सकता है। जब हम विश्राम में होते हैं, तो तनाव के कारण उत्पन्न होने वाले मुंहासे और लाल धब्बे कम होने लगते हैं। सुदर्शन क्रिया (विशेष श्वसन तकनीक) शरीर और मन दोनों से तनाव को बाहर निकालकर शरीर और मन में सामंजस्य एवं संतुलन स्थापित करती है।



## न्यूज ब्रीफ

### चौथे नवरात्र पर चढ़ा 1.10 लाख का चढ़ावा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में श्रावण माह के नवरात्र के चौथे दिन भी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर के कपाट खुलते ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के किए दर्शन किए। इन नवरात्र में यहां आने वाले श्रद्धालु अपने बच्चों के मुंडन इत्यादि भी यहीं पर करवाते हैं। ऐसे में मंदिर में मौजूद नाइयों का व्यापार भी काफी चला हुआ है। जानकारी देते हुए मंदिर अधिकारी व तहसीलदार कांगड़ा मोहित रत्तन ने बताया कि चौथे नवरात्र में 1 लाख 10 हजार तीन सौ 52 रुपए मां के दरबार में श्रद्धालुओं ने अर्पित किए। करीब 2500 श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचे।

### रंगोली बनाकर लैंगिक समानता का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में मिशन शक्ति के अंतर्गत 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत वीरवार को रैत ब्लॉक की लदवाड़ा पंचायत में डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एम्पोवेर्नमेंट ऑफ वीमेन कांगड़ा दवारा मिशन शक्ति के अंतर्गत जेंडर सेन्सिटिजेशन वीक पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर लगाया गया। इसमें छात्राओं ने रंगोली बनाकर लैंगिक समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्तातिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए महिला सशक्तिकरण अत्यंत जरूरी है। वर्तमान समय में लैंगिक समानता को लेकर विद्यालय स्तर से लेकर ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### तकीपुर कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में वीरवार को एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने विद्या की देवी मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि ओरिएंटेशन का मुख्य लक्ष्य नव आगुंतक विद्यार्थियों का प्राध्यापकों का शैक्षणिक गतिविधियों व परीक्षा नीतियों से अवगत करवाना है। डॉ. गिल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मानव मन के भीतर छिपी हुई क्षमताओं का प्रकटीकरण है। उन्होंने कहा कि भारत में ही सबसे पहले सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान का उदय हुआ। प्राचार्य ने कहा कि प्राचीन समय से ही गुरु शिष्य का संबंध बहुत सौहार्दपूर्ण रहा है तथा हमें भी इस परंपरा को विकसित करना है। अंत में प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में अनुशासन बनाते हुए प्रत्येक गतिविधि में चढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

### तनीषा चौधरी ने हासिल किए 88.2 प्रतिशत अंक

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा घोषित किए गए बीएससी प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा की छात्रा तनीषा चौधरी पुत्री बलबीर सिंह ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अभिनव कुमार पुत्र अशोक कुमार ने 88 प्रतिशत अंक लेकर महाविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। मनीषा भंडारी ने 87 प्रतिशत अंक लेकर महाविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बलजीत सिंह पटियाल ने छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह हमारे अध्यापकों और छात्रों की लगन तथा परिश्रम का परिणाम है कि हमारे महाविद्यालय के छात्र लगातार परीक्षा परिणामो में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करते हैं।

# संतोष-शिवानी को उत्कृष्ट धावक पुरस्कार

## अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में वीरवार को सत्र 2023-24 का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तो डॉ. चारू शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में संतोष और शिवानी को उत्कृष्ट धावक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रो. विवेक सूद व प्रो. युगराज सिंह द्वारा मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत व अभिवादन किया गया। डॉ. बीना सी. नायर व प्रो. प्रीति प्रभा ने दोनों अतिथियों को रोजिट लगाकर सम्मानित किया। दीप प्रज्वलित कर सरस्वती पूजन के उपरांत स्वागत गीत के साथ रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि ने महाविद्यालय की समस्त उपलब्धियों एवं विकास के लिए महाविद्यालय के समस्त परिवार एवं पुरस्कार प्राप्त करने वाले समस्त प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देकर उत्साह वर्धन किया और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर आगे बढ़ते रहने का सन्देश दिया। उन्होंने युवाओं को सामाजिक सामंजस्य स्थापित करने में असफल होता देख अपने प्रशिक्षुओं को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान की समझ विकसित करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि हम अपनी दिनचर्या में ऐसे क्रियाकलापों को अवश्य शामिल करें, जिनसे हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता रहे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रो. प्रीति प्रभा द्वारा महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने वर्षभर की उपलब्धियों एवं गतिविधियों पर सविस्तार प्रकाश डाला। कार्यक्रम को रंगारंग रूप देते हुए प्रशिक्षुओं द्वारा नेपाली नृत्य, सामूहिक गीत, गजल-गीत जैसी एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की गईं।

द्वितीय सत्र की प्रशिक्षु अध्यापिका तमन्ना ने अपनी सुरीली आवाज में भजन प्रस्तुत किया। इसी क्रम में द्वितीय सत्र की प्रशिक्षु अध्यापिका अर्पणा ने मनमोहक गजल का गुलदस्ता प्रस्तुत कर सबकी वाहवाही लूटी तो अमीषा ने नेपाली नृत्य प्रस्तुत कर हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रशिक्षुओं ने 'ए मेरे वतन के लोगों' इस देशभक्ति गीत के माध्यम से देशभक्ति का संचार कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।



राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में वार्षिक समारोह में मौजूद अतिथि।

### इन प्रशिक्षुओं को भी मिला इनाम

**पुरस्कार** वितरण कार्यक्रम में मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य प्राध्यापकों के करकमलों द्वारा प्रशिक्षुओं को शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर लगभग 200 से भी अधिक प्रशिक्षुओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के तृतीय सत्र के परिणाम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अनुप्रिया व मान्या शर्मा को सम्मानित किया गया। वहीं आरजू वर्मा, शिवानी, पवन व अभिषेक को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। इंदु बाला, नेहा, व चक्षु को तृतीय स्थान पर रहने के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं, सांस्कृतिक गतिविधियों में शानदार प्रस्तुती करने पर आशना व ऋतिक को उत्कृष्ट कलाकार सम्मान से नवाजा गया। समारोह की विशिष्ट अतिथि डॉ. चारू शर्मा ने अपने वक्तव्य में विद्या धन को सर्वप्रधान धन बताते हुए कहा कि विद्या है तो सब कुछ संभव है। अतः हमारा प्रयास रहे कि हम सदैव ज्ञानार्जन कर अपने जीवन को सार्थक बनाएं और समाज का सभ्य व जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

### हैप्पी बर्थडे



मंडी के रामनगर की सैजल गुजराती को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



मंडी जिले के रामनगर के सुनील और ममता की बेटी अनवी को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### शादी मुबारक



वरोह के सुमेश नरियाल को गोवनंद की निशा के साथ परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे, सालगिरह व शादी के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### आज जिले के 4 लाख बच्चों को दी जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

**धर्मशाला।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को जिला कांगड़ा में चार लाख के करीब बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दिन एल्बेंडाजोल की खुराक से छूटे बच्चों के लिए 16 अगस्त को मॉपअप राउंड के दौरान इसकी खुराक दी जाएगी। टीकाकरण और राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर आयोजित जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने यह जानकारी दी। डीसी ऑफिस में हुई इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस व नियमित टीकाकरण के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। बता दें, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस वर्ष में दो बार मनाया जाता है। यह दिवस आंत में होने वाले कृमियों से बचाव के लिए मनाया जाता है।

## प्रदेश में रोपे जाएंगे अश्वगंधा के अढ़ाई लाख पौधे

### स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों को किया जाएगा जागरूक, कांगड़ा में अब तक 4500 पौधे बांटे

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

पुरातन काल से बीमारियों के उपचार में कारगर तथा मधुमेह, दर्द निवारक तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने समेत कई गुणों से भरपूर अश्वगंधा के पौधे अब प्रदेश भर में नजर आएंगे। प्रदेश में अश्वगंधा अभियान के तहत करीब 2,40,000 पौधे लगाने का काम जोरों से जारी है।

कांगड़ा जिला के तीन उपमंडलों में अब तक 4500 पौधे वितरित किए जा चुके हैं तथा 8 स्कूलों को अश्वगंधा के बारे में विस्तार से जागरूक करने के लिए चुना गया है। विभागिय जानकारी के अनुसार जिले के हर गांव में अश्वगंधा के पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए आयुष विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह पौधे नजदीक के आयुष स्वास्थ्य केंद्र में आगामी दिनों में मुहैया हो जाएंगे।



जानकारी के अनुसार पौधे लेने के लिए लोगों को कोई शुल्क भी नहीं देना पड़ेगा। अश्वगंधा को बढ़ावा देने के लिए विभाग की तरफ से यह मुहिम शुरू की गई है। अश्वगंधा के औषधीय गुणों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयुष विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है। प्रदेश के सभी जिलों में स्थापित सभी आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों में इन पौधों को मुहैया करवाया जाएगा। इसके अलावा उन क्षेत्रों के तहत आने वाले गांव में भी लोगों को अश्वगंधा की खेती को लेकर जागरूक किया जाएगा। हर स्वास्थ्य केंद्र के तहत 200 से 250 पौधे वितरित किए जाएंगे।

दूसरी तरफ ग्राम पंचायत और स्कूलों में भी अश्वगंधा को लेकर विभाग की टीमें जागरूकता अभियान चलाएंगी। इस प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। वहीं आयुष वेलनेस केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ हर्बल गार्डन भी स्थापित होंगे। इन केंद्रों के अलावा हर घर में एक अश्वगंधा पौधा लगाने को लेकर मुहिम को चलाया जाएगा, ताकि लोग इसका अपनी दिनचर्या में प्रयोग कर स्वस्थ रह सकें।

उधर, इस बारे में जानकारी देते हुए जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर हरीश भारद्वाज ने बताया कि मुहिम के तहत जिला के 3 उपमंडलों में 4500 पौधे वितरित किए जा चुके हैं तथा जल्द ही पूरे 8 उपमंडलों में पौधे वितरित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एंटीऑक्सिडेंट होने के अलावा पौरुष बल, रोगप्रतिरोधी गुणों के अलावा मधुमेह, हृदय तथा दर्द निवारक के रूप में अश्वगंधा खुद में कई गुण समाए है। (अनंत ज्ञान)

# विद्यार्थी परिषद ने सीयू धर्मशाला में मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

### कहा, 15 वर्ष बीत जाने के बाद भी विश्वविद्यालय के पास नहीं अपना परिसर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला इकाई द्वारा वीरवार को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। परिषद के अनुसार 2009 में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की सौगात हिमाचल प्रदेश को मिली थी, लेकिन आज 15 वर्ष बीत गए केंद्रीय विश्वविद्यालय के पास अपना परिसर अभी तक तैयार नहीं हुआ है। इसके अलावा बहुत सी समस्याएं विश्वविद्यालय में देखने को मिलती हैं, जिसको लेकर विद्यार्थी परिषद समय-समय पर आवाज उठाती रही है। वीरवार के प्रदर्शन में प्रमुख मांगें विद्यार्थी परिषद की एनइपी के तहत डिप्लोमा धारकों को पीजी कोर्स द्वितीय वर्ष में एडमिशन देने की रही। विश्वविद्यालय एनईपी लागू करने का दावा करता है और प्रदेश में पहला विश्वविद्यालय बनता है, जहां एनईपी लागू की जाती है, लेकिन जब विद्यार्थियों के दाखिले की बात आती है तो इसको लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन आनाकानी कर रहा है। इसके खिलाफ विद्यार्थी परिषद ने धरना-प्रदर्शन किया।





इसी के साथ ही योग केंद्र की कक्षाएं जो धर्मशाला परिसर में लगती थी वह कक्षाएं बॉयज हॉस्टल कांगड़ा में लगाने की बात विश्वविद्यालय प्रशासन कर रहा है, जो अपने आप में और विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ एक बड़ा मजाक बनाने का काम ही प्रशासन कर रहा है। किसी छात्रवास में किसी विभाग की कक्षा लगाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। विश्वविद्यालय द्वारा एक नया कोर्स बीकॉम ऑनर्स के नाम से शुरू किया जा रहा है विद्यार्थी परिषद इसका स्वागत करती है लेकिन विद्यार्थी परिषद प्रशासन से यह मांग करती है की विद्यार्थियों के लिए बैठने की वयवस्था की जाए जिससे विद्यार्थी अपनी कक्षाएं लगा सकें। इसी के साथ विश्वविद्यालय के स्थाई परिसर का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए, ताकि विद्यार्थी मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही छात्र हित में सामाजिक के लिए लड़ता आ रहा है एवं इस धरने के माध्यम से सोए हुए निकमे प्रशासन को चेतावनी देता है कि विद्यार्थियों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि विश्वविद्यालय में शिक्षा का माहौल बना रहे।

### स्पाइसजेट एयरलाइंस ने किया कार्यक्रम

## कांगड़ा एयरपोर्ट पर विमानन सुरक्षा के पहलुओं पर मंथन



**अनंत ज्ञान, गगल**

कांगड़ा हवाई अड्डे पर हवाई सुरक्षा सांस्कृतिक सप्ताह के चौथे दिन, यात्रियों और कर्मचारियों के बीच हवाई सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गगल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि दिन की शुरुआत यात्रियों को बैज, टोपी और मिठाइयां वितरित करके हुई, जो सुरक्षा प्रोटोकॉल में उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए एक प्रतीक और स्मारक था। इसके अलावा, कांगड़ा हवाई अड्डे के हर्बल गार्डन में पौधरोपण किया गया। इस पहल ने न केवल हवाई अड्डे की हरित पहलों में योगदान दिया, बल्कि एक सुरक्षित और सुरक्षित विमानन वातावरण के विकास और विकास का प्रतीक भी बनाया। इसके अलावा, स्पाइसजेट एयरलाइंस ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विमानन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें खतरे की पहचान, प्रतिक्रिया प्रक्रियाएं और सावधानी के महत्व शामिल थे। इंटरेक्टिव सत्र ने कर्मचारियों को प्रश्न पूछने, अपने अनुभवों को साझा करने और एक दूसरे से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## द हंस फाउंडेशन ने लंबागांव और सुलह में 20 किसानों की भूमि में रोपे फलदार पौधे

**अनंत ज्ञान, भवारना**

जिला कांगडा के विकास खंड लंबागांव व सुलह में द हंस फाउंडेशन द्वारा हंस आजीविका परियोजना के तहत ग्रामीण किसानों को उद्यानिकरण को बढ़ावा देने और इस व्यवसाय से आजीविका को बढ़ाने के उद्देश्य से 20 किसानों की 10 एकड़ भूमि पर अमरूद, माल्टा, नींबू, पपीता के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधियों, किसानों एवं द हंस फाउंडेशन के टीम ने भाग लिया।

जानकारी देते हुए हंस फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक पुरुषोत्तम थपलियाल ने बताया कि द हंस फाउंडेशन द्वारा हंस आजीविका परियोजना के अंतर्गत इस वर्ष हर्लीकल्चर के अंतर्गत बरसात सीजन में दोनों विकास खंडों के 10-10 किसानों की 0.5-0.5 एकड़ भूमि पर उक्त प्रजातियों के पौधरोपण किया जा रहा है। पौधों की जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु प्रत्यके किसान के बगीचे में चैन फेंसिंग वायर लगाई जाएगी, ताकि पौधे सुरक्षित रह सकें।



द हंस फाउंडेशन के विषय विशेषज्ञ अरुण नेगी, चेतना शर्मा द्वारा किसानों को पौधरोपण की तकनीकी जानकारी दी गई और किसानों को प्रयोगात्मक तरीके से पौध लगाना सिखाया गया। उन्होंने कहा कि किसान समय-समय पौधों की देखरेख, सिंचाई आदि करते रहें। विषय विशेषज्ञों द्वारा कहा गया कि सभी किसानों के बगीचों में हमारी टीम की देखरेख में पौधरोपण का कार्य कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में दोनों विकास खंडों के किसानों के अलावा द हंस फाउंडेशन की परियोजना टीम के विषय विशेषज्ञों, विकास खंड समन्वयकों एवं फील्ड समन्वयकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## कांगड़ा बाईपास चौक पर की पेयजल की व्यवस्था



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व कांगड़ा मंदिर के ट्रस्टी पंडित अशोक हिमाचली ने ट्रस्ट की पिछली बैठक में यह प्रश्न उठाया था कि बाईपास चौक पर जनता और श्रद्धालु बस का इंतजार करते हैं और इतनी भीषण गर्मी में उनके लिए वहां पर पीने के लिए पानी की व्यवस्था आज तक नहीं की।

इस बात को उन्होंने जब ट्रस्ट की बैठक में रखा तो समस्त ट्रस्टजनों ने इस प्रस्ताव को पास करके सह आयुक्त मंदिर एसडीएम इशांत जसवाल और मंदिर अधिकारी तहसीलदार मोहित रतन के प्रयासों से जल शक्ति विभाग को आदेश पत्र के माध्यम से बाईपास चौक पर पीने की टंकी रखवाने को कहा।

जल शक्ति विभाग के एसडीओ और कर्मचारियों ने वीरवार को पानी की टंकी और कनेक्शन देकर इस पुण्य काम को पूरा किया है। अशोक हिमाचली ने कहा कि इसके लिए वह जल शक्ति विभाग के एसडीओ और कर्मचारियों, एसडीएम, मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार मोहित रतन एवं ट्रस्ट के सदस्यों का धन्यवाद करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमलेला में मनाया विश्व स्तनपान दिवस

**नगरोटा सूरियां।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग खंड नगरोटा सूरियां द्वारा हेल्थ ब्लॉक के हेल्थ वेलनेस सेंटर अमलेला के अंतर्गत पंचायत अमलेला में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रधान देसराज ने की। इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद और सुमन कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह मनाने का उद्देश्य मां में नवजात शिशु को स्तनपान के लिए जागरूकता बढ़ाना है। सुभाष चंद ने विश्व स्तनपान सप्ताह के थीम क्लोजिंग द गैप ब्रेस्टफीडिंग सुपोर्ट फॉर ऑल की जानकारी देते हुए बताया कि मां का दूध शिशू के लिए सर्वोतम आहार है। उन्होंने कहा कि जन्म के एक घंटे के अंदर शिशु को स्तनपान शुरू कराया जाना चाहिए तथा शिशु को मां का पीला गाढा दूध अवश्य दिया जाना चाहिए। मां के दूध में एंटीबाडीज शिशुओ में दस्त व निमोनिया जैसे संक्रामक रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाते हैं।

**अस्वच्छता** — रात के अंधरे में कूड़े से भरे बोरे फेंक रहे शरारती तत्व, गंदगी से कूहलें हुईं ब्लॉक

# नगरोटा शहर का कचरा मुहालकड़ पंचायत में

**रीत वशिष्ट, नगरोटा बगवां**

कचरा एक ऐसी समस्या है, जिससे हमारा वातावरण दूषित होता है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। मुहालकड़ पंचायत में नगरोटा बगवां शहर की गंदगी सड़क किनारे फेंकी जा रही है। लोग रात के अंधेरे में यहां चुपके से बोरियों में भरकर कूड़ा-कचरा फेंक जाते हैं, जिससे चारों ओर सड़ांध फैल गई है। लोगों का जीना दुश्वार हो गया है, उन्हें यहां से मुंह पर रूमाल ढककर निकलना पड़ता है।

मुहालकड़ पंयायत के लोग इस समस्या से बेहद परेशान हो गए हैं। बारिश में बहकर यह गंदगी कूहलों तक पहुंच जाती है, जिससे पंचायत की कूहलें ब्लॉक हो गई हैं। ऐसे में लोगों को सिंचाई सुविधा में भी दिक्कत पेश आ रही है।

इस पंयायत के 100 मीटर के दायरे में कूड़े के दो बड़े-बड़े ढेर लगा दिए गए हैं। हालांकि यहां के ग्रामीण कचरे को अपने स्तर पर जला भी दे रहे हैं, लेकिन सवाल यह है कि आखिर मुहालकड़ पंचायत को डंपिंग साइट किसकी इजाजत से बनाया जा रहा है? क्या इसके लिए नगर परिषद से परमिशन ली गई है? एसडीएम ने कूड़े का निष्पादन प्रॉपर तरीके से करने की बात कही थी, लेकिन यहां का मंजर तो हैरान करने वाला है।

पंचायत प्रधान कुलदीप चंद ने मांग की है कि सरकार की ओर से प्रशासन को इस गंभीर समस्या के निदान के लिए हिदायत देनी चाहिए ताकि हमारी पंचायत के बाशिंदे राहत की सांस ले सकें। (अनंत ज्ञान)



मुहालकड़ पंचायत में सड़क किनारे बोरों में भरकर फेंका गया कूड़ा-कचरा।

### क्या कहते हैं प्रधान?



**मुहालकड़** पंचायत के प्रधान कुलदीप चंद ने बताया कि लोग रात को यहां बोरियों में भरकर कूड़ा-कचरा फेंक जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम पंचायत में कूड़ादान लगवाने के बारे में सोच रहे हैं, लेकिन पंचायत के पास धन का अभाव है और मैन पावर की भी कमी है। कूड़ेदान दूसरे रोज ही भर जाएंगे तो उन्हें उठाएगा कौन? हमने शरारती तत्वों को पकड़ने के लिए रात को पहरा भी लगाया, लेकिन अभी तक कोई व्यक्ति हमारी पकड़ में नहीं आया। यह सारी गंदगी साथ लगती कूहल में बह रही है। इस कूहल से सिंचाई की जाती है। लोग इस कूहल में बर्तन और कपड़े आदि भी धो लेते थे, लेकिन जबसे यह समस्या उत्पन्न हुई उन्होंने कूहल के पानी का इस्तेमाल बंद कर दिया है।

### केंद्रीय विद्यालय नलेटी में सतनाम ने संभाला प्राचार्य का पद



**डाडासीबा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नलेटी में वीरवार को सतनाम सिंह ने प्राचार्य पद ग्रहण किया। इससे पहले वह केंद्रीय विद्यालय-1 जालंधर कैंट में अपनी सेवाएं दे रहे थे। प्राचार्य ने सबसे पहले विद्यालय के कर्मचारियों व विद्यार्थियों से मिले व एक परिवार की तरह कार्य करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय में पहले से ही पढ़ाई व अनुशासन में अच्छा है व भविष्य में ऐसा ही रहेगा। बच्चे ही राष्ट्र का धन है और वही आगे चलकर एक अच्छे नागरिक की भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय संगठन की मूल भावना को आगे बढ़ाने का विश्वास दिलाया।

## न्यूज ब्रीफ

### संयुक्त शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन



**हमीरपुर।** शिक्षा सप्ताह के तहत राजकीय माध्यमिक पाठशाला कलस्टर में संयुक्त शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रभारी विजय हीर ने बताया कि इस सामग्री में 10 मॉडल, 60 चार्ट्स और अन्य सामग्री का प्रदर्शन किया गया और बच्चों द्वारा इनका कैसे इस्तेमाल करना है, प्रदर्शित किया गया।

### महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने लगाया पौधा



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के सिसवा महिला मंडल की महिलाओं के साथ पौधरोपण किया। अर्चना चौहान ने सभी महिलाओं से आहवान किया की आइए, हम सभी मिलकर इस अभियान का हिस्सा बनें तथा सभी महिलाएं देवभूमि को हरा-भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान में हर रोज हजारों लोग इससे जुड़ते चले जा रहे हैं।

### बच्चों को विषयों में रुचि बढ़ाने के लिए किया प्रयास



**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल नादौन में शिक्षण सप्ताह के अंतर्गत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की क्रियाकलापों का प्रदर्शन किया। इसमें विभिन्न विषयों से संबंधित मॉडल तथा चार्ट आदि का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल दिल्ली मोहम्मद पोसवाल ने बच्चों को विभिन्न विषयों में रुचि बढ़ाने के लिए मॉडल तथा प्रयोग का महत्व समझाया। बच्चे शिक्षण सामग्री से विषय को अच्छे ढंग से समझ सकते हैं। इस अवसर पर बच्चों को कंप्यूटर के माध्यम से शिक्षा के महत्व पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक, प्राध्यापक तथा बच्चे उपस्थित रहे।

### सीएम के पीए बीरवल राव ने सुनी समस्याएं



**अनंत ज्ञान, नादौन।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक गीता भवन नादौन में संपन्न हुई, जिसमें बारिश के दौरान बादल फटने से आई प्राकृतिक आपदा से जिन लोगों की जान चली गई है, उन्हें दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया तथा पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रक्ट की गई। लोगों से आग्रह किया है कि इस आपदा से पीड़ितों व प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद ने की। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ. मोहन लाल, कमल कम्मी, संतोष संधू, कैप्टन सुनील शमा सहित कई कांग्रेसी पदाधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में उपचुनाव के बारे कें चर्चा की गई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर मुख्यमंत्री की पीए बीरवल राव विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना तथा आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को शीध्र ही मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा और शीघ्र ही समस्यओं को निवार्ण हो जाएगा।

### सरकार की जनविरोधी नीतियों पर की चर्चा



**एसके शर्मा, जाहू।** भाजपा भोरंज मंडल की त्रैमासिक बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इसमें विशेष रूप से संसदीय क्षेत्र हमीरपुर के विस्तारक अमित शर्मा, जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू, दोनों पूर्व विधायक भोरंज डॉ. अनिल धीमान और कमलेश कुमारी उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी द्वारा आगामी कार्य योजनाओं के ऊपर चर्चा की गई। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव में जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। इसके साथ प्रदेश में चल रही सरकार के जनविरोधी नीतियों और कार्यों की भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के नेताओं और पूर्व विधायकों ने वर्तमान सरकार की कारगुजारियों को जनता तक ले जाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री विपिन अग्निहोत्री, अजय शर्मा, एडवोकेट संजीव, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राज कुमार, महिला मोर्चा प्रर्देश सह मीडिया प्रभारी अनीता गथानिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू ठाकुर, मंडल मीडिया प्रभारी संजय ठाकुर और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सवारियों ढोने वाले चंडीगढ़ की गाड़ी का कटा चालान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर बस अड्डे पर ब्ला-ब्ला सवारियों ढोने वाले एक व्यक्ति को वीर भूमि टैक्सी ऑपरेटर यूनियन ने पकड़ा। जानकारी के अनुसार चंडीगढ से बिना परमिट सवारियों को लेने के लिए हमीरपुर चालक पहुंचा था और गाड़ी का नंबर भी टेंपरेरी था। टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने बताया कि पिछली रात से यह चालक गाड़ी को लेकर बस अड्डे के आसपास घूम रहा था और टैक्सी ऑपरेटरों की नजर इस पर थी और आज जब दोपहर के समय पक्का भरो से सवारियों को लेकर आया तो बस अड्डे पर टैक्सी ऑपरेटर यूनियन ने कार को रोका और पुलिस को सूचना दी। जब यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गाड़ी के कागज भी पूरे नहीं पाए गए और बिना टेक्स और परमिट के ही चालक सवारियों को ले जाता हुआ पाया गया है, जिस पर पुलिस ने चालान काटा है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण



**हमीरपुर।** कृषि बीमा कंपनी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वीरवार को कृषि उपनिदेशक कार्यालय हमीरपुर के परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक डॉ. शशिपाल अत्री, विभाग के अन्य अधिकारी और कृषि बीमा कंपनी के जिला प्रबंधक बलविंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

### डॉ. प्रवीण चौधरी ने संभाला सीएमओ का कार्यभार



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर के पद पर बिलासपुर में अपनी सेवाएं दे रहे सीएमओ डॉ. प्रवीण चैधरी ने वीरवार को पदभार संभाल लिया है। स्वास्थ्य विभाग में बतौर सीएमओ सेवाएं दे रहे डॉ. प्रवीण चैधरी का कार्यालय में पहुंचने पर कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वगात किया। इससे पहले प्रवीण चैधरी बिलासपुर, नादौन, गरली, बड़सर में भी सेवाएं दे चुके हैं और अब जिला बिलासपुर से तबादला होकर हमीरपुर आए हैं। पदभार संभालने के बाद सीएमओ डॉ. प्रवीण चैधरी ने कहा कि जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर और नादौन के रहने वाले हैं और यहां के क्षेत्र को भी अच्छी तरह से जानते पहचानते हैं, इसलिए बेहतर कार्य के लिए प्रयासरत रहेंगे। पदभार संभालने के बाद सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी ने उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह से भी मुलाकात की। बता दें कि सीएमओ के पद पर सेवाएं दे रहे डॉ. आरके अग्निहोत्री को एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया था। उनका सेवा विस्तार जुलाई माह में समाप्त हो गया था, उनकी जगह पर डॉ. प्रवीण चौधरी को हमीरपुर जिला का नया सीएमओ बनाया गया है।

# लाखों खर्चे फिर भी सैंपल कलेक्शन सेंटर 'बेकार'

## 6 माह से है तैयार; अब बजट नहीं, बाकी व्यवस्था कैसे होगी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की भीतरी व्यवस्था पर पिछले लंबे समय से प्रशासनिक व्यवस्था पर कई तरह के सवाल उठते रहे हैं, लेकिन सुधार के मामले में न तो सरकार आगे आ रही है और न ही स्थानीय नुमाइंदे। अब तो ऐसा लगता है कि मेडिकल कॉलेज की अंदरूनी व्यवस्था राम भरोसे हो चुकी है।

भीड़ भड़ाके को रोकने के लिए अस्पताल की सरकारी लैब में सैंपल कलेक्शन के लिए अलग से एक जगह का निर्माण किया गया। यह काम 6 महीने पहले मकम्मल हो चुका है, लेकिन चालू नहीं हो रही। मरीजों को इस भीड़ में सीढ़ियों पर खड़े होकर लंबा इंतजार करना पड़ रहा है लेकिन कोई भी अधिकारी 'ओफ' नहीं करता।

**बजट न होने से मकम्मल नहीं हुआ निर्माण :** अब अस्पताल प्रशासन का कहना है कि ढांचा तो तैयार हो गया, लेकिन यहां पर बिजली की व्यवस्था, फर्नीचर ये सारी चीजें भी तो सैंपल कलेक्शन सेंटर पर होनी लाजिमी हैं, जिसके लिए बजट है नहीं। अब अस्पताल प्रशासन से कोई पूछे, जब निर्माण शुरू हुआ तो बजट पूरा नहीं था, तो टेंडर किया ही क्यों? इन खामियों पर लेकिन कोई सवाल नहीं कर सकता, न सरकार अस्पताल प्रशासन से पूछ सकती है क्योंकि यहां सभी का अपना अपना प्रभाव है, जो मरीजों पर भारी पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)



राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर।

### बार-बार सीवरेज ब्लॉकेज से फैल रही बदबू

**अब** सीवरेज व्यवस्था की हालत ही देख लीजिए। मरीज पर्ची सेंटर के साथ बनाया गया शौचालय सीवरेज की पोल खोल रहा है। इसकी ब्लॉकेज बार-बार हो रही है, जिस कारण यहां बदबू फैली रहती है। काबिले गौर यह है कि कुछ समय पहले अस्पताल की अंदरूनी इस व्यवस्था के सुधार के लिए तकरीबन 35 लाख रुपए खर्च किए गए, मगर अब इस खर्च की भी पोल फिर से खुलने लगी है।

- सीवरेज के सुधार को 35 लाख खर्च, ब्लॉकेज फिर शुरू



"एमएस अजय शर्मा का कहना है कि फिलहाल बजट की कमी है। उन्होंने अभी कुछ समय पहले ही यहां ज्वाइन किया है। इसलिए इस बाबत पता किया जाएगा, जबकि प्रिंसिपल डॉ. रामेश भारती का कहना है कि थोड़े बजट की कमी है। जैसे ही यह समस्या हल होगी, कलेक्शन सेंटर का बचा हुआ निर्माण मकम्मल कर दिया जाएगा।

**डॉ. रामेश भारती, प्रिंसिपल**

### प्रवासी श्रमिक भी उचित मूल्य की दुकान से ले सकते हैं राशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि हमीरपुर शहर और इसके आसपास क्षेत्रों में रहने वाले प्रवासी श्रमिकों को 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' योजना के तहत राशन उपलब्ध करवाने के लिए विभाग ने विशेष व्यवस्था की है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत राशन प्राप्त करने के लिए प्रवासी श्रमिक अणु की उचित मूल्य की दुकान के संचालक आत्मानंद, वार्ड नंबर-2 के डिपोधारक केहर सिंह, विधि चंद, आशीष उप्पल, वार्ड नंबर-5 के डिपोधारक मुकेश चंद, वार्ड नंबर-8 के डिपोधारक दिनेश कुमार, सहकारी सभा बजूरी खास, सहकारी सभा लाहलड़ी और मोंही के डिपोधारक रत्न चंद से संपर्क कर सकते हैं। जिला नियंत्रक ने विकास खंड हमीरपुर में रहने वाले सभी प्रवासी श्रमिकों से अपील की है कि वे अपना आधार कार्ड अथवा राशन कार्ड के साथ उक्त उचित मूल्य की दुकानों से हर माह राशन प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में किसी भी तरह की समस्या आने पर विभाग के निरीक्षक के मोबाइल नंबर 7018930968 पर संपर्क किया जा सकता है।

#### व्यय पर्यवेक्षक ने दिए निर्देश, 12 को होगी अंतिम बैठक

## उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टरों को अतिशीघ्र करें दुरुस्त : आनंद कुमार



व्यय पर्यवेक्षक के साथ आयोजित बैठक में मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से व्यय पर्यवेक्षक के रूप में तैनात रहे वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी आनंद कुमार ने सहायक व्यय पर्यवेक्षक, अकाउंटिंग टीम और व्यय निगरानी से संबंधित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सभी उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टरों का शैड रजिस्टरों के साथ मिलान करके चुनाव के सभी खर्चों के विवरण को अतिशीघ्र अंतिम रूप दें। अगर इन रजिस्टरों में कोई अंतर सामने आ रहा है तो उम्मीदवारों या उनके अधिकृत एजेंटों के साथ चर्चा के बाद इस अंतर को तुरंत दुरुस्त कर दें।

आनंद कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद एक महीने के भीतर उम्मीदवारों के चुनावी खर्च का विवरण जमा करवाना अनिवार्य है, अगर कोई उम्मीदवार अपने खर्च का विवरण जमा नहीं करवाता है तो निर्वाचन आयोग उसे अयोग्य घोषित कर सकता है। व्यय पर्यवेक्षक ने कहा कि वह 12 अगस्त को उम्मीदवारों या उनके अधिकृत एजेंटों के साथ अंतिम बैठक करेंगे। चुनावी खर्च से संबंधित सभी रजिस्टर इस तिथि से पहले अपडेट एवं पूर्ण हो जाने चाहिएं। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद निकाले गए विजय जुलूस के व्यय को भी चुनावी व्यय में शामिल करें।

बैठक में एडीएम राहुल चौहान, एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी, निर्वाचन विभाग के नायब तहसीलदार राजेश कौंडल, सहायक व्यय पर्यवेक्षक और व्यय निगरानी से संबंधित अन्य टीमों के प्रभारी भी उपस्थित थे।

## बिझड़ी में बार-बार बीएसएनएल का सिग्नल फेल होने से उपभोक्ता परेशान

**एसके ठाकुर, बड़सर**

बिझड़ी कस्बा में बीएसएनएल के सिग्नल के बार-बार गुल हो जाने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण बिजली के बार-बार लगाए जा रहे कट हैं। बता दें कि अगर क्षेत्र में बत्ती गुल हो जाती है तो बीएसएनएल का सिग्नल भी गुल हो जाता है। हालांकि, बिझड़ी के क्षेत्र में बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की भी अच्छी खासी संख्या है, परंतु सिग्नल के बार-बार चले जाने के चलते बीएसएनएल उपभोक्ता मजबूरन दूसरी कंपनी में सिम पोर्ट करवा लेते हैं, जिससे बीएसएनल को आर्थिक नुकसान होता है।

बीएसएनल सरकारी क्षेत्र की कंपनी होने के चलते उपभोक्ता बीएसएनल को तो अपनाना चाहते हैं, परंतु पिछले काफी लंबे अरसे से बिझड़ी स्थित बीएसएनएल टावर की बैटरी तक नहीं बदली गई है। उपभोक्ता अनिल कुमार, सुभाष चंद्र, विनोद कुमार, संजय शर्मा, सुषमा देवी, बीना देवी, राज कुमार, मनजीत सिंह, केयर सिंह का कहना है बिझड़ी स्थित बीएसएनएल के टावर में व्यवस्था को ठीक नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिग्नल की समस्या न हो, इसके लिए टावर में नई बैटरी लगाई जाए। बिझड़ी स्थित बीएसएनएल का मैन टावर है। (अनंत ज्ञान)



"टॉवर में बैकअप समस्या है, मामला विभाग के ध्यानार्थ है। सितंबर तक 600 एम्पीयर की उसमें बैटरी स्थापित कर दी जाएगी। लाइट न होने पर भी बैटरी बैकअप 20 घंटे तक काम करेगी। बीएसएनएल के सिग्नल की फिर कोई समस्या नहीं होगी।

**अजीत कुमार, जीएम बीएसएनएल**

### 30 जून तक पंजीकरण करवाने पूर्व सैनिक ले सकते हैं साक्षात्कार में भाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व सैनिकों, विकलांग पूर्व सैनिकों तथा युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं और उनके आश्रितों के लिए 13 से 17 सितंबर तक तीसरी व चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए होने वाले साक्षात्कार में कट ऑफ डेट पंजीकरण 30 जून 2024 तक रहेगी।

प्रदेश के सभी जिलों के अभ्यर्थी लेक्चरर इन कंप्यूटर साइंस के लिए पीजीटी रिलेटेड पोस्ट कोड से संबंधित अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी रविंद्र ठाकुर ने बताया कि इन पदों के लिए अभ्यर्थी के पास मास्टर डिग्री, बीई और बीटेक, कंप्यूटर साइंस में एमएससी और पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री हो और जिनके पास प्रदेश के किसी भी स्कूल में कंप्यूटर साइंस पढ़ाने का पांच साल का अनुभव होना चाहिए। इसके अलावा टीजीटी आर्ट्स में भी 30 जून, 2024 तक पंजीकरण करवाने वाले प्रदेश भर से केवल सामान्य, अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी भी भाग ले सकते हैं।

## 24 सालों से नियमितीकरण के इंतजार में कंप्यूटर 'शिक्षक'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

- कंप्यूटर शिक्षकों के 2017 के पेंडिंग साक्षात्कार शुरू हों

हिमाचल प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ की अध्यक्ष सुमन ठाकुर ने इस वर्ग के शिक्षकों को नियमित करने की राज्य सरकार से जोरदार वकालत की है। उन्होंने कहा है कि 24 सालों से यह वर्ग नियमितकारण की इंतजार में थक हार चुका है। अब प्रदेश की सुक्खू सरकार से बहुत सारी उम्मीदें हैं।

सुक्खू सरकार शिक्षा विभाग में उन्हें फौरी तौर पर रेगुलर करने के आदेश जारी करे। सुमन ने कहा है कि कंप्यूटर शिक्षकों को शिक्षा विभाग में ही मर्ज किया जाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि कंप्यूटर शिक्षकों के 2017 के पेंडिंग साक्षात्कार भी शीघ्र शुरू हों। बीते 24 वर्षों में कंप्यूटर शिक्षक संघ ने अलग-अलग सरकारों से मिलकर उनके शोषण को रोकने के लिए कई बार गुहार लगाई। कई बार आंदोलन के माध्यम से भी सरकारों को जगाने का प्रयास किया। कोर्ट में भी इन मसलों को लेकर दरवाजे खटखटाए गए।



सुमन ठाकुर

न्यायालय की ओर से शिक्षा निदेशक शिमला शिक्षा सचिव कंप्यूटर शिक्षकों को शिक्षा नीति के तहत विभाग में मर्ज कर नियमित करने के आदेश पारित कर चुका है। शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2017 में 1321 की कंप्यूटर शिक्षकों के साक्षात्कार शुरू किए गए थे। आधे से ज्यादा प्रक्रिया शिक्षा विभाग ने पूरी कर ली थी, शिक्षा विभाग को शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण कर कंप्यूटर शिक्षकों को न्याय प्रदान करना चाहिए।

कंप्यूटर शिक्षक संघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से अपनी मांगों को लेकर कई बार मिल चुका है। मुख्यमंत्री के सकारात्मक रवैए और सौम्य स्वभाव के चलते कंप्यूटर शिक्षकों की आस बढ़ गई है।

कंप्यूटर शिक्षक संघ सरकार के साथ 18 महीने में कंधे से कंधा मिलाकर आज भी खड़ा है। शिक्षा विभाग के निदेशक और शिक्षा सचिव को भी अपना सुस्त रवैया बदलने और न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिए ताकि कम्प्यूटर शिक्षकों को न्याय मिल सके।

### सुरक्षित भवन निर्माण और रेट्रोफिटिंग की दी जानकारी

**हमीरपुर।** जिला में सरकारी और गैर सरकारी भवनों को भूकंप तथा भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से सुरक्षित रखने तथा पुराने असुरक्षित भवनों की आवश्यक मरम्मत एवं रैट्रोफिटिंग के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) विशेष प्रयास कर रही है। इसी कड़ी मेंहमीर भवन में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, बिजली बोर्ड, पुलिस, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) और अन्य विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों के दौरान मुख्य वक्ता राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. हेमंत कुमार विनायक ने सुरक्षित भवन निर्माण के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक समीक्षा शर्मा ने विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

## लोगों की सुरक्षा के लिए लोनिवि बना रहा स्पीड ब्रेकर

### सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पुलिस विभाग ने रखा था सुझाव

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

शहर में यातायात को नियंत्रण करने के लिए पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात किए गए हैं, लेकिन फिर कई वाहन चालक तेज गति से अपने वाहनों को दौड़ा रहे हैं। इन वाहन चालकों की गति पर नियंत्रण लगाने के लिए पुलिस विभाग ने शहर में जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाए हैं, लेकिन इसके अलावा भी शहर के साथ सड़कों पर लोक निर्माण विभाग स्पीड ब्रेकर बना रहा है।

हालांकि हमीरपुर शहर में सड़क दुर्घटना के मामले कम देखने को मिल रहे हैं, लेकिन फिर भी लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग अपने अभियान को जारी रखना चाहता है। इसके तहत बड़ू वार्ड नंबर 11 में पुलिस लाइन चैक पर दो स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। इसके अलावा हथली खड्ड पर बने पुल के साथ भी एक और स्पीड ब्रेकर का निर्माण किया जा रहा है। गौर रहे कि शहर और आसपास के जितने भी चौक हैं, वहां पर वाहनों की तेज गति से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिसके चलते पुलिस विभाग ने जिला रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक में लोक निर्माण विभाग को स्पीड ब्रेकर बनाने का आग्रह किया था।

बता दें कि शहर और आसपास के चैक पर स्पीड ब्रेकर के निर्माण से गाड़ियों की स्पीड पर काफी नियंत्रण हो रहा है। यदि इन स्पीड ब्रेकरों से तेज गति से वाहन दौड़ाएंगे तो काफी बड़ा झटका वाहन चालकों के साथ अन्य लोगों को लगेगा। इसके अलावा यह चौक काफी व्यस्त रहते हैं जिसके कारण लोगों को सड़क पार करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब स्पीड ब्रेकर बन जाने से लोगों को भी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं रहेगी क्योंकि स्पीड ब्रेकर के पास वाहन चालकों को गति कम करने पड़ेगी। हाल ही में तेज गति के कारण बाईपास पर युवक की बाइक सवार की मौत हो गई थी, जिसको लेकर पुलिस ने ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए तेज गति के वाहन चालकों पर नजर रखने के लिए जगह-जगह कैमरे भी लगाए हैं। (अनंत ज्ञान)



बार-बार हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर लोक निमार्ण विभाग स्पीड ब्रेकर बना रहा है।

"जिला रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक में स्पीड ब्रेकर बनाने को लेकर चर्चा की गई थी कि शहर में यहां पर स्पीड ब्रेकर होना आवश्यक हैं। फिलहाल पुलिस लाइन चौक पर दो स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं और एक स्पीड ब्रेकर का हथली खड्ड पुल के पास कार्य चला हुआ है, जिसका एक दो दिन में काम पूरा हो जाएगा।

**-दीपक कपिल, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग**

### सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के साक्षात्कार 12 और 13 अगस्त को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 12 अगस्त को जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में और 13 अगस्त को उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या पास तथा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिसकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को16,500 से 19,500 रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा।

### विधायक लोगों की उम्मीद तोड़ने वाले बयान न दें : राजेंद्र राणा



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि सुजानपुर के नवनिर्वाचित विधायक को ऐसे बयान देने से परहेज करना चाहिए, जिससे लोगों में निराशा व्याप्त हो और लोगों का भरोसा टूटे। राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर के नवनिर्वाचित विधायक के इस बयान से यहां की जनता को निराशा हुई है कि सुजानपुर में आईपीएच और इलेक्ट्रिकल विभाग के डिवीजन की जरूरत नहीं है और इसके बिना भी लोगों का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और अगर पांच विधानसभा क्षेत्र पर आधारित हमीरपुर जिले में चार विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे डिवीजन हैं तो फिर सुजानपुर को इससे वंचित रखा जाना यहां की जनता के साथ अन्याय है। विधायक को हर पंचायत में खेतों में बाढ़ लगाने का अपना वादा पूरा करके दिखाना चाहिए और मुख्यमंत्री द्वारा सुजानपुर के लिए की गई घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए सरकार पर पूरा दबाव बनाना चाहिए।

### सूरत-ए-हाल: शिक्षा विभाग को अवगत करवाने के बावजूद नहीं हो रही कोई कार्रवाई

## जोल में भारी बारिश होने से स्कूल के भवन में भरा पानी

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

धमरोल पंचायत के अंतर्गत प्राथमिक पाठशाला जोल में भारी बारिश होने से स्कूल भवन के कमरों में पानी टपकना शुरू हो गया और सभी कमरों में पानी भर गया।

स्कूल के अध्यापकों को मजबूरन होकर मुख्याध्यापक के कार्यलय में बच्चों को बैठाना पड़ा। हालांकि स्कूल प्रबंधन के द्वारा जोल के भवन की खस्ताहालत के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया है, लेकिन शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के द्वारा भवन की रिपेयर या फिर नया भवन बनाने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, अगर शिक्षा विभाग के अधिकारियों का ऐसा ही रवैया रहा, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। शिक्षा के नाम पर सरकारों के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करने के दावे खोखले साबित होते दिखाई दे रहे हैं।



बारिश में एक कमरे में बैठाए हुए बच्चे।

इस समय प्राथमिक पाठशाला जोल में आपसपास के गांव के 42 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। बच्चों के अभिभावकों देशराज, राकेश कुमार, प्रदीप शर्मा, मनोहर लाल, सरोज कुमारी, कमलेश कुमारी, सरोजनी देवी, पूजा शर्मा, अमर चंद ने बताया कि स्कूल भवन की खस्ताहालत को देखते हुए स्कूल भेजने में डर रहता है कि कोई बड़ा हादसा न हो जाए। अभिभावकों का कहना है कि प्राथमिक पाठशाला जोल वर्ष-1964 से चला हुआ है।

स्कूल का भवन पुराना होने से बरसात के मौसम में बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग ने स्कूल भवन की रिपेयर या नया भवन बनाने के बारे जल्द कोई कदम नहीं उठाया, तो मजबूरन होकर बच्चों को स्कूल भेजने से रोकना पड़ेगा, अगर कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो इसके लिए भी शिक्षा विभाग जिम्मेदार होगा। जोल स्कूल के मुख्याध्यापक संजीव ने बताया कि बारिश होने पर सभी कमरों में पानी भर गया, जिससे सभी बच्चों को कार्यालय में बैठाना पड़ा।

स्कूल भवन की खस्ताहालत के बारे में शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया है। धमरोल पंचायत के प्रधान विजय कुमार ने कहा कि स्कूल का यह भवन बहुत ही पुराना है और कभी भी गिर सकता है। शिक्षा विभाग को जल्द नया भवन बनाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

#### क्या कहते हैं विधायक

विधायक सुरेश कुमार ने बताया कि प्राथमिक पाठशाला जोल के भवन के बारे में कमेटी गठित कर दी गई है। जल्द ही कमेटी स्कूल भवन का निरीक्षण करेगी। इसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### रेड रिबन क्लबों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस के कान्फ्रेंस हॉल में रेड रिबन क्लबों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला तीन दिन तक चली, जिसमें लगभग 22 संस्थानों रेड रिबन क्लब के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में कॉलेज, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, होटल मैनेजमेंट के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अधीन जिले के रेड रिबन क्लबों के नोडल अधिकारियों व पीयर एजुकेटर शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रयास किए जाने चाहिएं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सुनील वर्मा द्वारा कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को रेड रिबन क्लबों की उपयोगिता और उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में जानकारी दी।

### दुर्गा देवी के निधन पर शोक व्यक्त



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपभोक्ता संरक्षण संगठन हमीरपुर के महासचिव मनोहर लाल कानूनगो की माता 101 वर्षीय दुर्गी देवी निवासी गांव मझोट जो कि टांडा मेडिकल कॉलेज में 17 दिन तक उपचाराधीन थीं, का निधन हो गया। मनोहर लाल कानूनगो की माता दुर्गी देवी सामाजिक कार्यों में पूरा जीवन प्रयासरत रही। उनके निधन पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित प्रभात सुधार सभा, दरिद्र नारायण कल्याण समिति और सर्वहित सुधार सभा हमीरपुर के पदाधिकारियों ने शोक प्रकट किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कुलदीप पठानिया 9 को पहुंचेंगे सिहुंता



**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 9 अगस्त को शाम 8:30 बजे शिमला से सिहुंता पहुंचेंगे। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 10 अगस्त को कुलदीप सिंह पठानिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरनोटा में प्रातः 11:30 बजे भटियात जोन की 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 11 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे सिंहुता से चंबा के लिए रवाना होंगे तथा शाम 6:00 बजे चंबा पहुंचेंगे। उनका रात्रि ठहराव चंबा में होगा। कुलदीप पठानिया 12 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय चंबा में जिला योजना विकास तथा 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे जबकि इसी दिन बाद दोपहर 3:00 बजे चंबा में जिला कल्याण समिति की एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। 12 अगस्त को उनका रात्रि ठहराव चंबा में होगा। विधानसभा अध्यक्ष 13 अगस्त को 12:00 बजे चंबा से शिमला के लिए रवाना होंगे।

### सैंथल स्कूल के बच्चों ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शिक्षा खंड चौंतड़ा-1 के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैंथल में वीरवार को 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम स्कूल के मोनाल इको क्लब की ओर से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य मुक्ता टंडन द्वारा की गई। इस अवसर पर स्कूल परिसर में बान, जामुन, अनार, अमरूद तथा अन्य प्रजातियों के करीब तीन दर्जन पौधे रोपे गए जबकि कुछ पौधे बच्चों को घर के लिए भी वितरित किए गए। स्कूल प्रधानाचार्य मुक्ता टंडन ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम ' कार्यक्रम सरकार की पर्यावरण को बचाने की दिशा में सराहनीय पहल है। प्रकृति हमारी माँ हैं तथा हमें इसका सम्मान करना चाहिए।

### सैण मोहल्ला में स्कूली छात्रा गिरकर हुई चोटिल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** शहर के सैण मोहल्ला जीरो चौक के पास नगर निगम द्वारा बनाई गई पौड़ियों के निर्माण पर उंगलियां उठ रही हैं इन्हें बिल्कुल भी ठीक नहीं बताया जा रहा। पिछले हफ्ते ही यहां डंगा लगाया था वो भी गिर गया। ऐसे में सड़क बंद होने के कारण वीरवार को स्कूल की एक बच्ची नीचे गिर गई। बच्ची काफी चोटिल हो गई है। अगर वहां बच्ची में गिर जाती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। पीड़ित के परिजन राजीव कुमार व स्थानीय लोग पूजा, सुमन व गोपाल ने मांग की कि यहां नगर निगम द्वारा डंगा लगाया जाए या रेलिंग का इंतजाम शीघ्र करें। वार्ड पार्षद सुमन ठाकुर ने कहा कि यहां पर निगम के इंजीनियरों, ठेकेदारों व अन्य संबद्ध पक्षों से बातचीत करके उचित कार्यवाही शीघ्र की जाएगी।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान, नेरवा।** एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह आकर्षक और अनूठा होगा और इसके लिए सभी अधिकारी अभी से तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि आकर्षक मार्च पास्ट के साथ-साथ राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत तथा प्रदेश की समृद्ध संस्कृति को दर्शाते सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण होंगे जिसमें कॉलेज, विभिन्न स्कूलों के छात्र अपनी प्रस्तुति देंगे। एसडीएम हेम चंद वर्मा ने अधिकारियों को आयोजन स्थल पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने और सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के भी निर्देश दिए।
इस अवसर पर डीएसपी सुशांत शर्मा, तहसीलदार रेखा शर्मा, डिग्री कॉलेज चौपाल के प्राचार्य रविन्द्र चौहान, कृषि विकास अधिकारी लायक राम हेटा, कल्याण अधिकारी आशा तोमर, करतार रान्टा, राजेन्द्र झरटा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश चंदेल सहित सभी विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पेंशनर्ज को हिमकेयर योजना से वंचित रखना उचित नहीं : रविंद्र



**सपना सूद, नेरवा।** प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के पेंशनर्ज की हिमकेयर योजना बंद करना एक अन्याय पूर्ण, असंवैधानिक एवं दुर्भाग्य पूर्ण निर्णय है। प्रदेश सरकार का भयानक बीमारियों से ग्रस्त पेंशनर्ज के उत्पीड़न का यह एक स्पष्ट प्रमाण दर्शाता है। सयुंक्त सचिव हिमाचल प्रदेश पेंशनर्ज कल्याण एसोसिएशन रविंद्र चंदेल ने कहा कि सरकार ने इस योजना को बंद करने का यह बहाना बनाकर निकाला है कि पेंशनर्ज को चिकित्सा भत्ता की सुविधा दी जा रही है जबकि वास्तविकता यह है कि वर्तमान प्रदेश सरकार के पास पेंशनरों के करोड़ों रुपए के चिकित्सा बिल काफी लंबे समय से लंबित पड़े हुए हैं जिसके लिए सरकार उनकी अदायगी के लिए बजट की कोई भी व्यवस्था नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक ओर तो हिमकेयर योजना बंद कर दी है दूसरी ओर इनके चिकित्सा भत्ते के लिए बजट की कोई व्यवस्था नही कर रही है।

### संत निरंकारी ब्रांच सुन्नी में होगा वननेस वन का निर्माण

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** संत निरंकारी मिशन के तत्वाधान में सम्पूर्ण भारत एवं विश्व में अगस्त माह में वननेस वन ( घने जंगल) का निर्माण सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशानुसार किया जा रहा है। जहां पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग से गुजर रहा है वहीं संत निरंकारी मिशन आज के इस गंभीर दौर में प्रति वर्ष हजारों जंगलों के निर्माण में लगा हुआ है। संत निरंकारी सत्संग ब्रांच सुन्नी के मुखी हेम प्रकाश शास्त्री ने बताया कि इसी कड़ी में संत निरंकारी सत्संग ब्रांच सुन्नी (घरयाणा) में भी ग्राम पंचायत घरयाना में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पौधारोपण किया जाएगा। 150 संतों भक्तों के द्वारा यह सेवा कार्य किया जाएगा।

# मैहला गांव को अब तक नसीब नहीं हुआ रास्ता

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जिला चंबा की सबसे बड़ी पंचायत समोट के ऊपर मैहला गांव के स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत में हो रहे विकास की बात की जाए तो कागजों में तो करोड़ों का विकास होता है, लेकिन धरातल पर अभी तक कुछ नहीं हुआ है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत समोट वार्ड 9 के डुग से नीचे मैहला गांव का रास्ता जो एक घर का रास्ता नही बल्कि पूरे गांव का रास्ता है, लगभग 15 से 20 घर है और पिछले साल भी बरसात के समय से इस रास्ते का बहुत ही बुरा हाल है, लेकिन अभी तक किसी ने इसे ठीक करने के बारे में नहीं सोचा।

लोग जब इसके बारे में पंचायत में जाकर बात करते हैं तो वह कहते हैं की इस रास्ते के काम के लिए पैसा आया है, लेकिन उसका आज तक पता नहीं चला। जब से पंचायत चुनाव हुए हैं तब से आज तक कोई पंचायत के सदस्य इस गांव में नही आया और न ही कोई विभाग के अधिकारी इस गांव तक आए।





नाले से होकर गुजरता गांव का जोखिम भरा रास्ता व (दाएं) टूटे हुए रास्ते से स्कूल जाते बच्चे।

**समस्या का समाधान न होने पर लोग करेंगे बीडियो ऑफिस का घेराव**

लोगों का कहना है कि गांव के छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं तो यहां नाली में बारिश के समय इतना पानी होता है की बड़ों से नाली पार नही कर सकते तो बच्चे कैसे जाएंगे, ओर बरसात में उनको सिर्फ डर कर घर में रहने को मजबूर होना पड़ता है।

बहुत ही शर्म की बात है कि पंचायत वाले तो सिर्फ दिलासा ही देते हैं की अगले महीने काम शुरू होगा अब यह अगला महीने कौन सा होता है इसका आज तक तीन साल में पता नही चला। स्थानीय लोगों का कहना है की पंचायत मैहला गांव तक रास्ता बनाने में नाकाम रही है। कितनी बार बैठक में रास्ते का प्रस्ताव डाला गया, लेकिन कोई काम नही हुआ ।

हलाकि समोट पंचायत से उपप्रधान ने कहा विकास खंड अधिकारी इस समस्या से अवगत करा दिया है। 20 से 25 दिनों में रास्ते का काम शुरू करेंगे। स्थानिय गांववासी कहना है की अगर इन दिनों काम नही किया गया तो आगे बीडियो आफिस को घेरा जाएगा।

# बाल स्कूल भरमौर में मनाया जाएगा उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार 78वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल ) भरमौर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा । बैठक में विभिन्न विभागों के उपमंडल स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा 11:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा और परेड का निरीक्षण करने के उपरांत पुलिस होमगार्ड व एनसीसी की टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी दी जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उचित प्रबंध और तय सीमा के भीतर आयोजन की तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों व महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

# सकरेरा में बच्चों में बांटी वियरिंग किट



स्कूल में बच्चों के साथ गणमान्य लोग व अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

भारत विकास परिषद डलहौजी शाखा द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय सकरेरा में खेलकूद प्रतियोगिताओं हेतु बच्चों को सोलह वियरिंग किट (टी-शर्ट एवं निक्कर )प्रदान की गई।

बच्चों को संबोधित करते हुए भारत विकास परिषद शाखा डलहौजी के अध्यक्ष जोहर सिंह ने बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़िया प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी और निकट भविष्य में भी यथा संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष जोहर सिंह, महासचिव मनीष प्लाहा के अलावा मनोहर ठाकुर, विनोद महाजन, डॉक्टर जितेंद्र चंदेल, नरेंद्र महाजन, अनु राणा, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष रविंद्र कुमार एवं सदस्य रवि कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे पाठशाला के मुख्य अध्यापक तिलक राज द्वारा स्मृति चिन्ह देकर आए हुए शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यों का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

### राष्ट्रपति को जिलाधीश शिमला के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** दलित संगठनों द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को जिलाधीश शिमला के माध्यम से एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति जनजाति अप योजना का नाम बदलकर एससी एसटी विशेष विकास निधि कर दिया है।

राजस्थान ,कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश , व तेलगाना सरकार द्वारा विशेष विकास निधि को अधिनियम बनाया गया है। विशेष विकास नीति अधिनियम बनने से एससी एसटी विकास के लिए आवंटित बजट को मात्र एससी एसटी विकास पर ही खर्च किया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर एससी एसटी केंद्र सरकार ने हाल ही में जो बजट पेश किया। इसमें एससी एसटी की पूरी तरह अनदेखी की की गई है।

# केंद्रीय विद्यालय बनीखेत का किया शैक्षणिक निरीक्षण

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में बीते कल वार्षिक शैक्षणिक निरीक्षण सहायक आयुक्त दीदार सिंह की अगुवाई में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एनसीसी कैडेट्स जो स्काउट एंड गाइड्स के विद्यार्थियों ने निरीक्षण दल का बड़ा ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।
प्रार्थना सभा के मनमोहक प्रस्तुति के बाद विद्यालय की प्राचार्य कमलजीत कौर ने निरीक्षण दल के सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा स्कूल की विभिन्न उपलब्धियां एवं गतिविधियों को निरीक्षण दल के समक्ष रखा आयुक्त दीदार सिंह उनके निरीक्षण दल ने दिनभर स्कूल का विधिवत निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने हर कक्षा में जाकर पठन-पाठन की गतिविधियों का भी बारीकी से निरीक्षण कर बच्चों के



वार्षिक शैक्षणिक निरीक्षण के दौरान मौजूद निरीक्षण दल व अन्य।

**बच्चों के भावी भविष्य के लिए सकारात्मक प्रयासों के लिए किया प्रेरित**

भावी भविष्य के लिए सकारात्मक प्रयासों के लिए प्रेरित भी किया। बता दें दिन भर की निरीक्षण प्रक्रिया के उपरांत आए हुए निरीक्षण दल ने स्कूल स्टाफ के साथ अपने सुझाव एवं विचार भी सांझा किए। इसके अलावा विद्यालय की प्रगति के लिए लगातार प्रयास करने के लिए भी उन्हें प्रेरित किया आयुक्त दीदार सिंह ने सभी शिक्षकों को सीबीएसई परीक्षा 17 2024 25 में उच्च गुणवत्ता के साथ छत प्रतिशत परिणाम लाने के लिए भी प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार ने भी सभा के अंत में आए हुए सभी का तह दिल से धन्यवाद किया। और उनके द्वारा दिए गए सुझावों एवं विचारों अमल करने की प्रतिबद्धता भी जताई।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**बबलू पठानिया, भटियात**

शिक्षा खंड चुवाड़ी के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर में गत दिवस 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आसपास के क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। विभाग के उपवन परिक्षेत्र अधिकारी श्री राकेश कुमार तथा वनरक्षक श्री महेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए।

विद्यालय की प्रधानाचार्य राजकुमारी की अगुवाई में केंद्रीय मुख्य शिक्षक श्री तिलक सिंह तथा अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यालय के आसपास के क्षेत्र में शीशम,रीठा तथा अन्य कई प्रकार के पौधे रोपे गए । वन अधिकारी राकेश कुमार द्वारा वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।




पौधरोपण करने के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

प्रधानाचार्य राजकुमारी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में जानकारी दी गई।

विद्यालय में समय-समय पर पौधरोपण व वन संरक्षण जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तथा विद्यालय के मयूर इको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा स्काउट एंड गाइड इकाई द्वारा विभिन्न अभियानों के माध्यम से पौधरोपण व वन संरक्षण के बारे में विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है । विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के तहत इको क्लब के माध्यम से स्वच्छता अभियान, पॉलिथीन एकत्रीकरण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पॉलीथिन एकत्रित करके स्थानीय पंचायत को दिया गया। यह कार्यक्रम इको क्लब प्रभारी, पुरुष कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना श्री राजीव कुमार प्रवक्ता भौतिक विज्ञान की देखरेख में हुआ।

### समेज में प्रभावित परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन किए प्रदान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** समेज में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को आज प्रशासन द्वारा मुफ्त गैस कनेक्शन वितरित किए गए। यह जानकारी खाद्य आपूर्ति विभाग के निरीक्षक सुनील मेहता ने दी।
उन्होंने बताया कि गत देर सायं रामपुर में उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में राहत व पुनर्वास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देशों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र समेज के 27 परिवारों को आज गैस सिलेंडर, पाइप, रेगुलेटर व चुल्हा प्रदान किए। उन्होने बताया कि जिन्हें रसोई गैस सिलेंडर उपकरणों सहित दिया गए हैं।

# सरकार पेंशनधारकों की समस्त देनदारियां करे अदा : यशवंत

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन विकास खंड चुराग के सेवानिवृत्ति सदस्यों की बैठक प्रधान यशवंत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में लोनिवि से सेवानिवृत्त हुए धर्मदास व रोशनलाल का सभी पैंशनधारकों ने स्वागत किया।



एसोसिएशन के सदस्य पौधे रोपते हुए ।

इस आयोजन में विकास खंड करसोग से विशेष आमंत्रित सदस्यों में हेतराम ठाकुर प्रधान, अनूप शर्मा महासचिव एवं लग्नूराम भारद्वाज वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने भाग लिया। सभी विषेश आमंत्रित सदस्यों का स्वागत यशवंत सिंह ठाकुर प्रधान, गोपालकृष्ण आजाद महासचिव, भगतराम व्यास वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डाक्टर गिरधारी सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष एवं भास्कर राम ठाकुर संगठन सचिव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यशवंत सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में सरकार से मांग की कि वर्ष 2016 के उपरांत पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनधारकों को उनकी समस्त देनदारियों की अदायगी एकमुश्त की जाए अन्यथा सभी पैंशनधारकों को न्यायालय से गुहार लगाने पर बाध्य होना पड़ेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी वर्तमान सरकार की ही होगी।

### सूडोकु 0021

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0020 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# छात्रों ने हासिल की छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**



सरस्वती विद्या मंदिर के मेधावी विद्यार्थी ।

हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सन्नी के पांच विद्यार्थियों ने हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा प्रदत्त छात्रवृति हासिल की है । विद्यार्थियों में निधि चौहान, सोनाक्षी, अवनी, समीहा वत्स एवं गर्वेश ने परीक्षा में अव्वल प्रदर्शन करते हुए ये उपलब्धि अपने नाम की है ।
विद्यालय के प्रेस सचिव हेम प्रकाश शास्त्री ने बताया कि सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी के अनेकों विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष उपरोक्त छात्र वृति को प्राप्त करके विद्यालय एवं अपने माता पिता का नाम रोशन करते है। विद्यालय की प्रधानाचार्या चंपा वर्मा ने बच्चों को बधाई दी।

# मंदिरों के पुरातन स्वरूप को बचाकर रखना जरूरी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला-9 द्वारा धार्मिक संस्थानों, पुरातन स्मारकों व पुराने स्थलों के लिए सहायता अनुदान योजना-12 पर आधारित खंड विकास अधिकारी कार्यालय रोहड़ू के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पंकज ललित, निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश ने किया। कार्यशाला का संचालन जिला भाषा अधिकारी शिमला अनिल हारटा ने किया। इस अवसर संग्रहालयाध्यक्ष राज्य संग्रहालय डॉ. हरी चौहान ने पीपीटी के माध्यम से योजना की जानकारी देते हुए बताया कि मंदिरों के पुरातन स्वरूप की वास्तुशैली को भावी पीढ़ी के लिए बचा कर रखने व उसके जीर्णोद्धार करने की हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर टेंपल आर्किटेक्ट स्वप्निल भोले ने पीपीटी के माध्यम से रोहड़ू व छोहारा क्षेत्र के साथ-साथ के प्रदेश के विभिन्न मंदिर वास्तुशिल्प के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की । डॉ. पंकज ललित ललित ने धार्मिक संस्थानों, मंदिरों के वास्तुशिल्प को बचाए रखने के लिए इसकी विशेषताओं में बताया कि काठ कुनि शैली में बने मंदिर भूकंप निरोधी होते है।इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी हितेंद्र शर्मा, दोनों विकास खण्डों के कनिष्ठ अभियंता रामेश्वर सिंह, सतीश कुमार, राजीव डोगरा तथा भाषा संस्कृति विभाग से परिरक्षण सहायक विकास वनियाल, प्रारूपकार अतुल पल्हनिया, शिवम् ठाकुर सहित आदि मौजूद थे।

## आज का पंचांग

9 अगस्त, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** पंचमी : (03:16): **नक्षत्र :** हस्त (2:45), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** सिद्ध (1:44) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59 - 12:52), **राहुकाल** (10:46 -12:26) ।

**विशेष दिन**

» 9 अगस्त 2024 : नाग पंचमी ( दिशाचारीय )आज।

» 9 अगस्त 2024 : अगस्त क्रांति दिवस आज।

## अनंत ज्ञान
## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** बजट का ध्यान रखें। आज खर्च की अधिकता रहेगी। कार्यक्षेत्र में वाद-विवाद के कारण तनाव हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें और संयम से काम लें।

**वृषभ:** आज का दिन आपके लिए शुभ है। कोई रुका हुआ कार्य जो आपका नहीं बन पा रहा हो, आज उसे पूरा करने का प्रयास करें सफल होंगे। आनंदित रहेंगे।

**मिथुन:** दिन कुल मिलाकर अनुकूल है। कल जो आपका कार्य नहीं बना, वह आज बनने की संभावना है, कार्य की व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क:** यात्रा का योग बना हुआ है। दिन शुभ और उन्नतिदायक है। बिगड़े कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक रुचि बढ़ेगी, समाज में मान-प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा।

**सिंह:** अपनी प्रिय वस्तु, मोबाइल आदि का ध्यान रखें, लापरवाही के कारण कोई चीज गुम हो सकती है, गुप्त शत्रु आज हानि पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं।

**कन्या:** प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होने के कारण मन प्रसन्न रहेगा। नया कार्य, रोजगार आदि शुरू करने की सोच रहे हैं तो दिन इस काम के लिए अच्छा है, सफलता मिलेगी।

**तुला:** आज का दिन धनदायक और आनंददायक है। शत्रुओं और विरोधियों का प्रभाव कम होगा। भाग्य प्रबल रहेगा, आय के नए साधन बनेंगे।

**वृश्चिक:** अपनी प्रतिभा का पूर्ण लाभ ले सकेंगे। नई योजनाएं लाभ देंगी, मनोरंजन कार्य पर खर्च हो सकता है। प्रेम प्रसंग में सफलता और आनंद प्राप्त होगा।

**धनु :** क्रोध पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक वाद-विवाद से बचें। मन आज बेचैन हो सकता है, स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। खान-पान और वाणी पर संयम रखना जरूरी है।

**मकर:** आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी, मनोबल बढ़ेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि का योग है, शुभ दिन है। आपके किसी भरोसेमंद व्यक्ति से लाभ मिल सकता है, संपर्क बनाकर रखें।

**कुंभ:** कहीं से रुके धन की प्राप्ति होगी। शेयर आदि में भी धन का निवेश आज लाभदायक रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में दिन अनुकूल रहेगा। पुराने मित्र से आज मुलाकात होगी।

**मीन:** आप अपने प्रयास से काम में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाने का विचार हो सकता है। मनोरंजन कार्यों पर खर्च हो सकता है।

**गौरव** | पांच पहाड़ियों में फैला डलहौजी शांति और सुकून चाहने वाले पर्यटकों के लिए स्वर्ग

# पर्यटन नगरी डलहौजी अंग्रेजों का पसंदीदा स्थल

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी विश्व के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों की सूची में शुमार है। इसकी प्राकृतिक खूबसूरती ओर आबो हवा अपनी अलग ही पहचान रखते हैं । डलहौजी पांच पहाड़ों (कठलौंग, पोट्रेन, तेहरा, बकरोटा और बलुन) पर स्थित यह पर्वतीय स्थल जिला चंबा का हिस्सा है और अपनी विशेष पहचान रखता है ।

अंग्रेजों ने 1854 में इसे बसाया और विकसित किया तथा तत्कालीन वायसराय लॉर्ड डलहौजी के नाम पर इस जगह का नाम डलहौजी रखा गया। हालांकि लॉर्ड डलहौजी कभी भी डलहौजी नहीं आए लेकिन अंग्रेज सैनिक और नौकरशाह यहां अपनी गर्मी की छुट्टियां बिताने यहां जरूर आते थे। यानी अंग्रेजों ने भी गर्मियों में डलहौजी को अपनी आरामगाह माना था तब से लेकर आज तक डलहौजी की अपनी ही एक अहमियत या पहचान है।

डलहौजी उत्तर भारत के राज्य हिमाचल प्रदेश की गोद में स्थित एक आकर्षक मनोरम शहर है । पांच पहाड़ियों में फैला यह शहर शांति और सुकून चाहने वाले पर्यटकों के लिए स्वर्ग है। ओस भरी




पहाड़ियां, बर्फ से ढके चरागाह और औपनिवेशिक युग की वास्तुकला के साथ, डलहौजी में हर चीज बेहतरीन है। सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान, डलहौजी अपने शानदार परिदृश्यों को देखने और एक ऐसे अनुभव का आनंद लेने के लिए दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करता है जो उन्हें आश्चर्यचकित कर देता है। यह शहर समुद्र तल से 1970 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय पहाड़ी शहरों में से एक है। यदि आप यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो डलहौजी में घूमने के लिए कई जगहें हैं और उन्हें देखना और डलहौजी के अद्भुत इतिहास को पहले से जानना एक बेहतर अनुभव होगा। आप न केवल वर्तमान लोकप्रिय स्थलों का दौरा कर रहे हैं, डलहौजी में आप बीते युग के अवशेषों को देख रहे हैं और इसकी विरासत की सुंदरता का अनुभव कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटिश अधिकारियों के लिए था ग्रीष्मकालीन विश्राम स्थल

**डलहौजी** शहर ब्रिटिश अधिकारियों के लिए ग्रीष्मकालीन विश्राम स्थल था। अपनी स्थापना के पांच साल बाद, शहर को गुरदासपुर जिले के एक हिस्से के रूप में मान्यता मिली। 1966 में, डलहौजी उत्तर भारतीय राज्य हिमाचल प्रदेश का एक प्रभाग बन गया। डलहौजी में सुभाष चौक गांधी चौक, सतधारा,सुभाषबौली, पंचपुला, स्नो हिल, डायनकुंड, काला टॉप ,लक्कड़ मंडी, जोत एवं खज्जियार जैसे अन्य कई ऐसे स्थान है जो इसकी खूबसूरती को चार चांद लगाते हैं।

खुश लोग अपनी आंतरिक दुनिया का निर्माण करते हैं, दुखी लोग अपनी बाहरी दुनिया को दोष देते हैं। — दलाई लामा

## संपादकीय

# वक्फ बिल पर सियासत

वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पेश होते ही विपक्षी दल बिल का जमकर विरोध कर रहे हैं। इस बिल को लेकर अब जमकर सियासत होने लगी है। सवाल यह है कि यह बिल आखिर किसके लिए फायदेमंद है? क्या सरकार को लाभ होगा या फिर मुसलमानों को? दरअसल, वक्फ एक्ट मुस्लिम समुदाय की संपत्तियों और धार्मिक संस्थानों के प्रबंधन और नियमन के लिए बनाया गया एक कानून है। इस एक्ट का मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का उचित संरक्षण और प्रबंधन सुनिश्चित करना होता है। मकसद सिर्फ यही होता है कि धार्मिक उद्देश्यों और चैरिटी के लिए इन संपत्तियों का उपयोग हो सके। वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन करने के लिए हर राज्य में एक वक्फ बोर्ड का गठन किया गया है। वक्फ एक्ट के तहत सभी वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण अनिवार्य होता है। 2013 में यूपीए की सरकार के कार्यकाल में वक्फ बोर्ड की शक्तियां बढ़ा दी गई थीं। आम मुस्लिम, गरीब मुस्लिम महिलाएं, तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के बच्चे, शिया और और बोहरा जैसे समुदाय लंबे समय से कानून में बदलाव की मांग कर रहे थे। इन लोगों का कहना था कि वक्फ में आम मुसलमानों को कोई तवज्जो नहीं दी जाती है।

इसमें सिर्फ रसूखदार लोग ही होते हैं। ऐसे में राजस्व पर भी सवाल खड़े होते हैं। कितना राजस्व आता है, इसका कोई आकलन नहीं करने देता। राजस्व जब रिकॉर्ड पर आएगा तो वो मुस्लिमों के लिए ही इस्तेमाल होगा। देश में इस समय कुल 30 वक्फ बोर्ड हैं। सभी वक्फ संपत्तियों से हर साल करीब 200 करोड़ का राजस्व प्राप्त हो रहा है। मौजूदा कानून के मुताबिक, राज्य और केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों में दखल नहीं दे सकती है। संशोधन के बाद वक्फ बोर्ड को अपनी संपत्ति जिला मजिस्ट्रेट के दफ्तर में रजिस्टर्ड करानी होगी, ताकि संपत्ति का मूल्यांकन हो सके। इससे राजस्व की जांच हो सकेगी। इस नए बिल में यह प्रावधान किया गया है कि सिर्फ मुस्लिम ही वक्फ संपत्ति बना सकते हैं। बोर्ड के ढांचे में बदलाव करना सरकार का मकसद है और इसमें महिलाओं की हिस्सेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। राज्यों में वक्फ बोर्ड में महिला सदस्य शामिल होंगी। प्रत्येक राज्य बोर्ड में दो और केंद्रीय परिषद में दो महिलाएं रखी जाएंगी। अभी तक महिलाएं वक्फ बोर्ड और काउंसिल की सदस्य नहीं होती हैं। जिन जगहों पर वक्फ बोर्ड नहीं है, वहां कोई ट्रिब्यूनल में जा सकता है, जो अब तक नहीं है। निश्चित रूप से सरकार की इस नीयत में कोई खोट नजर नहीं आ रहा है, लेकिन विपक्ष की आवाज भी सुननी उतनी ही जरूरी है, क्योंकि देश में जब भी कोई भी कानून बनता है तो सभी दलों को साथ लेकर चला जाता है।

मुस्लिम संगठनों का कहना है कि सरकार इस कदम से धर्म में दखल दे रही है। कांग्रेस और दूसरे विक्षी दले इसे धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन बता रहे हैं। वहीं, सरकार का तर्क है कि वह वक्फ संपत्तियों में अनियमितताओं को दूर करना चाहती है। संशोधन के बाद गैर-मुस्लिम व्यक्तियों और मुस्लिम महिलाओं को भी केंद्रीय और राज्य वक्फ निकायों में शामिल किया जा सकेगा।

देश में पहली बार 1954 में वक्फ एक्ट बना था। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज को सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति पर दावे और रख-रखाव तक का प्रावधान है। 1955 में पहला संशोधन हुआ और फिर 1995 में एक नया वक्फ बोर्ड अधिनियम बन गया। इसके तहत हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति दी गई। बाद में साल 2013 में इसमें संशोधन किया गया था। अगर कोई संपत्ति एक बार वक्फ घोषित हो जाती है तो हमेशा ही वक्फ रहती है। इस वजह से कई विवाद भी सामने आए हैं। अब सरकार ऐसे ही विवादों से बचने के लिए संशोधन बिल लेकर आई है। सरकार का दावा है कि मुस्लिम महिलाओं को भी बोर्ड में प्रतिनिधित्व मिलेगा। आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वह देश की उन्नति में बराबर की भागीदार हैं। ऐसे में उन्हें अधिकार मिल रहे हैं तो इसमें हर्ज क्या है? विपक्ष को चाहिए कि वह सारे तथ्यों को भली-भांति जान ले और नेक कार्य में सरकार का साथ दे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### संपादक, पत्रकार और कहानीकार के रूप में प्रसिद्ध

**आचार्य** शिवपूजन सहाय हिंदी साहित्य में एक उपन्यासकार, कहानीकार, संपादक और पत्रकार के रूप में प्रसिद्ध थे। इनके लिखे हुए प्रारंभिक लेख 'लक्ष्मी', 'मनोरंजन' तथा 'पाटलीपुत्र' आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित होते थे। शिवपूजन सहाय ने 1934 ई. में 'लहेरियासराय' (दरभंगा) जाकर मासिक पत्र 'बालक' का संपादन किया। स्वतंत्रता के बाद शिवपूजन सहाय 'बिहार राष्ट्रभाषा परिषद' के संचालक तथा 'बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन' की ओर से प्रकाशित 'साहित्य' नामक शोध-समीक्षाप्रधान त्रैमासिक पत्र के संपादक थे। शिवपूजन सहाय का जन्म उनवास ग्राम, उपसंभाग बक्सर, शाहाबाद जिला (बिहार) में हुआ था। 1912 ई. में आरा नगर के एक हाई स्कूल से शिवपूजन सहाय ने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने सामाजिक जीवन का शुभारंभ हिंदी शिक्षक के रूप में किया और साहित्य के क्षेत्र में पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से आए। 1921-1922 ई. के आसपास शिवपूजन सहाय ने आरा से निकलने वाले 'मारवाड़ी सुधार' नामक मासिक पत्रिका का संपादन किया। उन्होंने 1923 ई. में वे कलकत्ता के 'मतवाला मंडल' के सदस्य हुए और कुछ समय के लिए 'आदर्श', 'उपन्यास तरंग', तथा 'समन्वय' आदि पत्रों में संपादन का कार्य किया। शिवपूजन सहाय ने 1925 ई. में कुछ मास के लिए 'माधुरी' के संपादकीय विभाग को अपनी सेवाएं अर्पित कीं।



आचार्य शिवपूजन सहाय
जन्म : 9 अगस्त, 1893
मृत्यु : 21जनवरी,1963

## कविता

### तीज का त्योहार



शिव सन्याल, जवाली (कांगड़ा)

आया तीज का त्योहार,
सखी आओ झूला झूल लें।
आज करके सोलह श्रृंगार,
सखी आओ झूला झूल लें।
हाथ मेंहदी पैर महावर।
गोरी का मुखड़ा लागे सुंदर।
हरी हरी चूड़ियां बांह में साजे।
हरी साहड़ी संग पायल बाजे।
मन मोहनी काजल की धार,
सखी आओ झूला झूल लें।
आया तीज का त्योहार,
सखी आओ झूला झूल लें।
आओ सखी मन गीत गाएं।
सावन ऋत में पिया रिझाएं।
नयनों से साजन बुलाएं।
बातों में सजना को सताएं।
मन बरसे पिया का प्यार,
सखी आओ झूला झूल लें।
आया तीज का त्योहार,
सखी आओ झूला झूल लें।
सौहाग वर सुहागिन मांगे।
खुशियां संग पिया की मांगे।
सदा सुहागिन का वर पाएं।
व्रत रखें शिव गोरा रिझाएं।
लें गोरां की आरती उतार,
सखी आओ झूला झूल लें।
आया तीज का त्योहार,
सखी आओ झूला झूल ले।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# हिरोशिमा-नागासाकी की तबाही का वर्णन करना कठिन

नागासाकी दिवस पर विशेष



लेखक : सुदर्शन अवस्थी
नगरोटा बगवां (कांगड़ा)

अमेरिका ने 6 अगस्त, 1945 को हिरोशिमा और 9 अगस्त को नागासाकी में परमाणु बम गिरा कर जापान के दो बड़े नगरों को तबाह कर दिया था। इस तबाही का वर्णन करना कठिन होगा। एक लाख साठ हजार हिरोशिमा और लगभग 70-90 हजार लोग नागासाकी में मारे गए। घायल इसके अतिरिक्त थे। जापानी त्रासदी का वर्णन करना कठिन है। सुनने से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं, जहां त्रासदी घटित हुई, वहां की क्या दशा रही होगी। यह बर्बरता द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में अमेरिका ने जापान को नष्ट करने हेतु उक्त बर्बरता की थी। ऐसा किसी सभ्य देश को नहीं करनी चाहिए। यह विनाश अमेरिका ने किया था। प्रतिवर्ष उक्त बर्बरता की भर्त्सना की जानी चाहिए। अमेरिका विश्व का पहला बर्बरता वाला देश रहा। जिसने पहला परमाणु बम जापान के उक्त दो नगरों पर गिराए। मानवता के साथ प्रकृति को नष्ट भ्रष्ट किया। जापान की भूमि को ऊसर बनाने के साथ-साथ मानवीय सभ्यता को एक प्रकार से समाप्त किया था।

उस समय पूर्व धर्मयुग साप्ताहिक पत्रिका चलती थी। उसमें दोनों नगरों के विषय में लेख आंकड़ों सहित प्रकाशित हुए थे, पढ़ने वालों के हृदय विदीर्ण हो गए थे। जिन्होंने इसे आंखों से देखा और सहन किया, उनका क्या हुआ होगा। जापानी शिक्षाविद् एवं प्रत्यक्षदर्शी 79 वर्ष से अधिक आयु वाला कोई होगा, वही बता सकता।

अमेरिका से कई शासक समय समय पर घातक हुए, जिन्होंने राजसत्ता पाने हेतु अमानवीय अनाचार एवं अत्याचार और नरसंहार किए। कई सैकड़ों उदाहरण हैं। सतयुग, त्रेता, द्वापर में लंकापति रावण और महाभारत जैसा प्रथम विश्व युद्ध हुए। कई भस्मासुर, चंडमुंड सदृश दैत्य रहे। उनके अत्याचारों की गिनती करना कठिन है। उनके पास परमाणु ब्रहमास्त्र रहे। ऐसा नरसंहार उन्होंने सृष्टि नष्ट करने हेतु नहीं किए। अमेरिका ने मानवीय सभ्यता के साथ प्रकृति को नहीं छोड़ा था।

हजारों-लाखों की संख्या में लोग मरे और बाद में अनेक रोगों, रेडियोधर्मी से ग्रसित हुए और मौत के मुंह में गए। बच्चे हजारों के विषय में कहा जाता, वर्षों तक घायल रहे। आंखों से ठीक दिखाई नहीं देता था। शरीर से तरल पदार्थ निकलता था। कान में ठीक से सुनाई नहीं देता था। जापान पर आमरण का कोई सैन्य महत्व नहीं था। जापान कोई बम, हथियार नहीं बनाता था और न ही ऐसे कारखाने थे। उस समय वहां कोई बड़ी सेना की छावनी नहीं थी। अमेरिका के मन में एक विचार था, वह दुनिया का चौधरी बनना चाहता था। उसने दिखाया, मेरे पास अच्छी तकनीक है। सोवियत संघ की शक्ति को नष्ट करना और स्टालिन को बताना था। मैं विश्व का भाग्य विधाता हूं। अत: जापान के उक्त नगरों को व्यर्थ में बलि वेदी पर चढ़ा दिया। कई वर्षों तक जापान को विकसित होने से रोका।

उस समय जापान ने प्रण किया था, कुछ भी हो जाए, भविष्य में जापान ऐसा नहीं करेगा।

जापान में परमाणु रेडिएशन के कारण स्त्रियों ने उस समय शिशु पैदा करने थे। वे कोख में विकलांग हो गए। अन्य की बात क्या करनी तथा अनेक बीमारियां लगीं। उनका वर्णन करना कठिन है। कई बड़ी-बड़ी इमारतें नष्ट होने के साथ खंडहरों में बदल गईं, कहते हैं अमेरिका ने उससे पूर्व कई विज्ञानिकों को बुला कर परमाणु बम बनाने का आदेश और करोड़ों रुपए दिए थे। जिसमें फ्रांस, अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मन, डैनमार्क के विज्ञानिक काम में सम्मिलित किए।

इस बार तत्कालीन जापानी लेखक ओहितोमी योशोमिता ने लेख में बताया कि करोड़ों डालर व्यय कर ट्रिनिटी बम तैयार करवाया। पूर्व में सौ फुट ऊंची मीनार पर प्रथम परीक्षण न्यूमैकिस्को रेगिस्तानी क्षेत्र अलाकोगार्डो में किया। अमेरिकी राष्ट्रपति हैरीटूऊमैन द्वारा एक मास पूर्व 16 जुलाई, 1945 की देखरेख में रहा।

उसकी प्रतिक्रिया देख कर उन विज्ञानिकों ने इसका प्रयोग न करने को कहा कि इस प्रभाव से सृष्टि समाप्त हो सकती है। प्रत्यक्षी जापानी कहते हैं कि सागर का पानी उबलने शुरू हो गया था, अर्थात इतनी उष्मा हुई। उक्त अमेरिकी राष्ट्रपति ने बम बनाने के बाद कहा था। मेरे पास एक नया सुपर ऐसा हथियार है, जो सब को नष्ट कर सकता है और प्रयोग एक मास बाद जापान पर किया। जापान के नगरों का वर्णन करना कठिन है। यह बम प्रात: नौ बजे के लगभग गिराया गया। उस समय अधिकतर बच्चे स्कूलों, अन्य मजदूर, कर्मचारी अपनी दिनचर्या हेतु जा रहे थे। परमाणु बम प्रभाव से पहले वहां बहुत उष्मा निकली, जो सहन नहीं की जा रही थी। लोग सागरतट की ओर भागे, ताकि स्नान से राहत मिले। वहां देखा, पानी उबल रहा था।

लोग इधर-उधर भागते रहे, कुछ पता नहीं चल रहा था, क्या हुआ। सभी उष्मा से जले जा रहे थे। कहते हैं इसी मध्य तीव्र वर्षा शुरू हो गई और उनका शरीर उससे दुखने लगा। जो जीवित रहे, वे विभिन्न रोगों से ग्रसित हुए। आंखों की दृष्टि चली गई। बड़े-बड़े भवन गिर गए। इस त्रासदी ने उस समय सारे विश्व को हिला कर रख दिया था। अमेरिका स्टालिन को भयभीत करना चाहता था। उसने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। विश्व के अधिकतर बुद्धिजीवियों ने जरूर कहा था, निहत्थे लोगों पर ऐसा अत्याचार करना एक प्रकार से घोर अपराध है।

इस त्रासदी से जरूर एक बात हुई, बाद में सभी देश परमाणु बम बनाने की होड़ में जुटे। अधिकतर देशों ने ऐसे हथियारों का भंडारन कर लिया है। रूस प्रथम है। परमाणु के नाम पर शक्तिशाली देश एवं सिरफिरे देश अन्य को डराते रहते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में आंकड़े आते रहे। अमेरिका, रूस, चीन, इंग्लैंड, फ्रांस, भारत, इसरायल, कोरिया, पाक के पास भारी संख्या में परमाणु बम एवं हथियार हैं, जिनके प्रयोग से कुछ ही समय में मानवीय सभ्यता और प्रकृति का विनाश कुछ ही क्षणों में हो सकता है। यह हिरोशिमा, नागासाकी से कई गुणा भारी हैं। जापान ने उस समय निर्णय लिया था कि वह ऐसा कभी नहीं करेगा। टेक्नोलॉजी में जापान अन्य देशों से शक्तिशाली है। परमाणु बम की दौड़ एक प्रकार से मानवीय सभ्यता से बेईमानी है। दुर्भाग्य से तीसरा विश्व युद्ध जो अपरोक्ष हो रहा है, परमाणु का प्रयोग हुआ तो सृष्टि का निशान मिट न जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# योगी का साधु-संतों के सामने छलका दर्द



लेखक : अजय कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव के बाद गत 7 अगस्त को पहली बार अयोध्या के दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रामनगरी के संत-धर्माचार्यों के साथ अलग से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सीएम योगी ने संतों के सामने फैजाबाद लोकसभा सीट से पार्टी की हार का मलाल भी प्रकट किया। संतों से कहा कि अयोध्या के सम्मान को आगे ले जाना संतों की जिम्मेदारी है। सीएम ने सरयू तट स्थित सरयू अतिथि गृह में संतों के साथ भोजन भी किया। इस दौरान वे संतों को साधते नजर आए। उन्होंने साफ-साफ कहा कि लोकसभा चुनाव में फैजाबाद सीट पर मिली हार से पूरे देश में भाजपा को जबरदस्त आलोचना झेलनी पड़ रही है।

इस हार ने विपक्षियों को मौका दे दिया है। संतों से सवालिया लहजे में कहा कि देश-दुनिया में इस हार के लिए तंज कसे जा रहे हैं, अयोध्यावासी कोसे जा रहे हैं, संतों पर कटाक्ष किए जा रहे हैं, यह सब आप सभी को अच्छा लग रहा है क्या।

कुछ संतों ने जब यह कहा कि चुनाव के दौरान उनकी उपेक्षा की गई, तो सीएम ने कहा कि अब इससे परे होकर काम करना होगा, संतों का काम आगे बढ़कर नेतृत्व करना है। इसी तरह से सीएम ने एक मूर्ति अनावरण समारोह में भी फैजाबाद की हार पर मलाल व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अयोध्या को नई पहचान दिलाने के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। इसने संतों का गौरव बढ़ाया है और अयोध्या वासियों को पहचान दिलाई है। हमें इस सम्मान को बरकरार रखने का प्रयास करना है। मिले हुए सम्मान को संरक्षित व सुरक्षित करने में हमारा प्रयास सार्थक हुआ, तो लंबे समय तक इस सम्मान के पात्र बने रहेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि संतों की जिम्मेदारी कहीं अधिक है। संत खुद आगे आकर नई अयोध्या का बखान करें, अपने अनुयायियों को भी इसके लिए प्रेरित करें। पहले की अयोध्या और अब की अयोध्या का अंतर सबको समझाने की जरूरत है। बतातें चलें कि जिले के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होने वाले हैं। इस सीट से सपा विधायक रहे अवधेश प्रसाद के सांसद बनने के बाद यह सीट रिक्त हो गई। सीएम ने इशारों-इशारों में ही मिल्कीपुर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए जुटने को कहा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता

### छोटी सी तनख्वाह मेरी



डॉ. कौमार्या मनोज

है छोटी सी तनख्वाह मेरी,
क्या-क्या इससे कर पाऊं मैं।
कौन जरूरत पूरा कर लूं,
किस जरूरत को दबाऊं मैं।।
जब मिलती तनख्वाह मुझे तो,
बैठ हिसाब किताब लगाऊं मैं।।
क्या खरीदूं क्या खरीदूं न मैं,
मन को खुद यूं बहलाऊं मैं।।
है छोटी सी तनख्वाह मेरी।।।
बेटे की फीस,
इस बार जो भर दूं,
बेटी की अगली बार भरूंगा।
बीबी की करवाऊं खरीदी,
अपनी अगली बार करूंगा।।
मुझको लेने थे जूते-कपड़े,
बीबी को साड़ी लेनी थी।
कुछ पैसे उधार लिए थे,
उसको भी तो देनी थी।।
है छोटी सी तनख्वाह मेरी।
क्या क्या इससे कर पाऊं मैं।
कौन जरूरत पूरा कर लूं,
किस जरूरत को दबाऊं मैं।।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के हालात और उनकी सुरक्षा अहम



नरेंद्र कुमार शर्मा
जोगिंद्रनगर, जिला मंडी

बांग्लादेश में तख्तापलट हो चुका है और प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा देकर अपना देश छोड़ दिया है। सन 1971 में भारतीय सेना की मदद से पूर्वी पाकिस्तान अलग देश बांग्लादेश के रूप में अस्तित्व में आया। आज तक बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध लगभग अच्छे रहे, लेकिन शेख हसीना के तख्तापलट होने के पश्चात भारत बांग्लादेश संबंधों पर क्या असर पड़ेगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। बांग्लादेश में लगभग 8 प्रतिशत हिंदू धर्म के लोग रहते हैं, यानी लगभग एक करोड़ पैंतीस लाख। किसी वक्त बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या लगभग 32 प्रतिशत थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस समय बांग्लादेश में हिंदुओं के हालात ठीक नहीं हैं। हिंदुओं को मारा पीटा जा रहा है और उनकी संपत्तियों को नष्ट किया जा रहा है। हिंदू मंदिरों को भी तोड़ा जा रहा है। यानी कुल मिलाकर हिंदुओं के हालात ठीक नहीं हैं। बांग्लादेश में जो भी सरकार बनती है, उसे हिंदुओं व अल्पसंखकों की सुरक्षा करनी होगी। भारत दुनिया का एक बहुत बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां पर सभी धर्मों के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं और एक दूसरे के धर्म का पूरा सम्मान करते हैं। सभी धर्मों के लोग अपने धर्म के अनुसार जीने का अधिकार हमारे संविधान ने दिया हुआ है।

इसी बात को बांग्लादेश के लोगों व वहां के प्रशासन को समझना चाहिए। बांग्लादेश के हिंदू व अन्य अल्पसंख्यक वहां के नागरिक हैं। बांग्लादेश आज तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। इसमें वहां के सभी अल्पसंख्यकों का बहुत बड़ा योगदान है। जिसे इन उपद्रवियों को नहीं भूलना चाहिए। कोई भी देश अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा के बिना आगे नहीं बढ़ सकता।

भले ही बंग्लादेश में हिंदुओं की जनसंख्या कम हो गई हो, उनकी सुरक्षा करना, वहां के लोगों का प्रथम कर्तव्य है। इस समय बांग्लादेश में हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मसला बहुत संवेदनशील है। इसे सुलझाने के लिए वहां की बनने वाली सरकार और सेना को गंभीरता से सोचना होगा।

इस समय वहां के मानवाधिकार संगठनों को और सेना को लोगों से आपस में सौहार्द बनाए रखने की अपील करनी चाहिए। यही देश हित में है। इस प्रकार किसी समुदाय विशेष को टारगेट करके उन्हें नुकसान पहुंचाना मानवता के विरुद्ध है। बांग्लादेश में विद्रोह 56 प्रतिशत दिए जाने वाले आरक्षण के विरुद्ध शुरू हुआ और इस विद्रोह ने इतना भयानक रूप ले लिया कि शेख हसीना सरकार को त्याग पत्र देना पड़ा और खुद शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। आरक्षण के विरुद्ध आंदोलन वहां के लोगों का अपना मसला है, इसमें हिंदुओं का क्या दोष। उन्हें क्यों परेशान किया जा रहा है। क्या ये लोग वहां के नागरिक नहीं हैं।

हमारा देश भारत हमेशा से ही बंग्लादेश का हिमायती रहा है और वहां की उन्नति के लिए बांग्लादेश का साथ देता आया है। भारत और बांग्लादेश के बीच अरबों डॉलर का व्यापार होता है। यदि अराजकता की यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो इस होने वाले व्यापार पर भी बुरा असर पड़ेगा। पाकिस्तान के साथ तो हमारे देश भारत के रिश्ते हमेशा ही खराब रहे हैं और वहां पर हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले अत्याचार किसी से छिपे नहीं हैं, लेकिन बांग्लादेश के साथ कभी ऐसा नहीं हुआ।

इस समय बांग्लादेश की सेना और वहां के अन्य राजनीतिक दलों को इन उपद्रवियों को भारत और बांग्लादेश के मधुर संबंधों के बारे में बताकर बिगड़ती हुई स्थिति को काबू में करना चाहिए। हमारा देश भारत बांग्लादेश की इस स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें इस संवेदनशील मुद्दे पर गहन चर्चा हुई। हमारे देश भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है और हमारी सरकार ने बांग्लादेश की सेना और वहां के अन्य राजनीतिक दलों से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की बात की है।

इस समय सारा देश बांग्लादेश के हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के बारे में चिंतित है। अब यही उम्मीद की जा सकती है कि आर्मी चीफ अन्य राजनीतिक दलों के साथ मिलकर स्थिति को शांत करने का काम करें। इसके पश्चात जब वहां पर स्थायी सरकार बनेगी, तो स्थिति क्या होगी, यह तो भारत और बांग्लादेश आपस में बात करके सभी मसलों का हल निकालने की कोशिश करेंगे। इस समय जो वहां पर हालात बने हुए हैं, उन पर त्वरित काबू पाने की आवश्यकता है, ताकि वहां के अल्पसंख्यकों के जानमाल की सुरक्षा की जा सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट हारकर भी जीत गईं



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर होने के बाद भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट की पहली फोटो सामने आई है। तस्वीर में वह अस्पताल के बेड पर लेटी हुई नजर आ रही हैं और चेहरे पर मुस्कुराहट है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने विनेश फोगाट से मुलाकात की।

विनेश को महिलाओं की 50 किलोग्राम कुश्ती स्पर्धा के फाइनल के लिए डिस्क्वॉलिफाई करार दिया गया। फाइनल में उसका वजन 50 किलो के अंदर ही रहना चाहिए, लेकिन मात्र 100 ग्राम ज्यादा होने की वजह से फाइनल में मेडल लाने से चूकीं, इसमें सरकार की कोई गलती नहीं है, यदि होती तो ओलंपिक में भेजते ही नहीं। यह सारे भारतवासियों के लिए सदमें से कम नहीं है, इसलिए राजनीति रंग देना ठीक नहीं है। विनेश फोगाट पर सभी की निगाहें टिकी होगी, राजनीति रोटी सेकने हेतु, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक विनेश डिस्क्वालिफाई होने के बाद फिजिकली और मेडिकली ठीक हैं।

पीटी उषा ने विनेश से पेरिस स्थित ओलंपिक गांव के मेडिकल सेंटर में मुलाकात की। कुछ न्यूज चैनलों के पेट में दर्द हो रहा होगा कि विपक्ष बयानबाजी करें और इसे मुद्दा बना लें, लेकिन जब कोई देश के मान सम्मान पर बात आती है तो खिलाड़ियों में देश प्रेम की भावना रहती है।

यह भारत देश है जिसने अंग्रेजों से आजादी दिलवाई इसे गलती से भी बांग्लादेश समझने की भूल न करें। यहां की सेनाएं हमेशा देश और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति निष्ठावान रहती हैं, इसलिए हमें ऐसे बयान कभी नहीं देना चाहिए, जो देश को तोड़ने का काम करे। यह कुछ न्यूज चैनलों पर ही हवा दी जा रही है कि भारत में भी लोकतंत्र खतरे में है और वैसी स्थिति आ जाएगी। हमारे वीर सैनिक अभी भी पूरी मुश्तेदी से बॉर्डर पर टिके है।

भारत के लोगों में देश प्रेम की भावना व सभी भाई चारे से मिलजुल कर रहते हैं। कुछ न्यूज चैनलों और उनके चमकीले एंकरों में रत्तीभर भी नैतिकता बची है, तो आज अपने शो की शुरुआत इस पहले वाक्य- 'सॉरी विनेश फोगाट' सॉरी मेरे लाखों दर्शकों ! मुझसे गलती हो गई, हमने गलत बयानबाजी की' से कर सकते हैं ऐसा करके वो सही तो नहीं हो जाएंगे, लेकिन हां, जिस पेशे से लाखों कमाते आए हैं, दुनियाभर के ऐशो-आराम की चीजे जुटाई है, उस पेशे की लाज, थोड़ी ही सही, बची रह जाएगी।

राष्ट्रभक्ति के नाम पर न्यूज चैनल, जो अपने दर्शकों के बीच जहर भरने का काम करते हैं, कई बार यह जहर इस हद तक जाकर बेअसर हो जाता है कि हम आसानी से समझ पाते हैं कि ऐसे चैनल कैसे देश और लोकतंत्र के खिलाफ जाकर काम कर रहे हैं। विनेश फोगाट का ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन और पिछले दिनों उनके खिलाफ चैनलों की तरह से चलाया गया, नफरती अभियान इसका एक नमूना भर है।

न्यूज चैनल इस देश, लोकतंत्र और नागरिकों के खिलाफ जाकर कैसे काम करते हैं, ऐसे सिरे से सोचना शुरू करें, तो एक लंबी फेहरिस्त बन सकती है और जिस पर एक-एक करके सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने की नौबत आ सकती है, लेकिन यह तब होगा, जब इनके भीतर रत्तीभर भी नैतिकता बची होगी।

इरादे की मजबूत विनेश फोगाट ने दुनिया के आगे जो परचम लहराया है, वो चैनलों के झूठ का जवाब तो ज़रूर है, लेकिन जो इनकी हरकतों से टूट जाते होंगे, सोचकर देखिए तो चैनलों का उन पर कैसा असर होता होगा। मैं फिर दोहराता हूं कि न्यूज चैनल जिस नाम पर ओवरडोज देने का काम अपने दर्शकों के बीच करते हैं, वो इस देश के लिए खतरनाक है। व्यक्ति अपने उद्देश्यों, लक्ष्यों या संघर्ष में असफल होकर हार मान लेता ठीक नहीं है। वह अपनी हानि को स्वीकार तो करता है, लेकिन आगे बढ़ने की कोशिश अवश्य करता है । व्यक्ति अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में असफल हो सकता है, लेकिन वह आत्म-संश्रय और साहस से संघर्ष जारी रखता है।

वह हार को अपने पथ का एक हिस्सा मानता है, न कि अपने उद्देश्यों से हार मानता है। इन दो अवधारणाओं में अंतर यह है कि 'हार मान लेना' उस व्यक्ति की असफलता को जाहिर करता है, जबकि 'हार जाना' उसकी आत्म-समर्पण और पुनर्निर्माण की भावना को दर्शाता है, परंतु इसका यह अर्थ नहीं होता है कि व्यक्ति अपने उद्देश्यों, लक्ष्यों या संघर्ष में असफल होकर हार मान लेता है। वह अपनी हानि को स्वीकार कर और आगे बढ़ने की कोशिश करता है आज या कल जीत अवश्य मिलेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### टूटी पुल की रेलिंग से राहगीर परेशान



**अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पंडोह के मैन पुल की रेलिंग बुधवार रात को किसी गाड़ी वाले ने तोड़ दी है। इस रेलिंग के पाइप पुल के फुटपाथ पर बिखरे पड़े हैं। जिन्हें हटाने वाला कोई भी विभाग आगे नहीं आ रहा है। राष्ट्रीय संपत्ति से विभागों ने भी बेरुखी बना रखी है। लोक निर्माण विभाग बोलता है यह सड़क एनएचएआई की है, वहीं इसकी देखरेख करेंगे और एनएचएआई बोलता है यह लोक निर्माण विभाग का काम है हमारा नहीं। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रवीन तलवार ने बताया कि जल्द ही इस रेलिंग को समेट लिया जाएगा। हालांकि यह काम एनएचएआई का है।

### उदय राम बने घनयार स्कूल एसएमसी के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनियार में वीरवार को स्कूल प्रबंधन समिति की आमसभा की बैठक हुई। आमसभा में सर्व सहमति से उदय राम को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान और 14 सदस्य कमेटी का भी गठन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि नई कमेटी स्कूलों की मांगों को प्रमुखता से सरकार के समक्ष उठाएगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनियर में शिक्षकों और गैर शिक्षकों के 10 पद खाली पड़े है। स्कूल प्रबंधन कमेटी ने सरकार से मांग की है कि अध्यापकों के रिक्त पद शीघ्र अति शीघ्र भरें जाए।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार निंदनीय



**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी के संत बांग्लादेश में हो रहे हिंदू भाइयों पर अत्याचार से बहुत चिंतित हैं। संतों ने सरकार से बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए समुचित उपाय करने के लिए निवेदन किया। बांग्लादेश में हिंदुओं के मकानों दुकानों को जलाया जा रहा है लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां पर भी राक्षसी प्रवृत्ति के लोग बहुत हैं और उनसे सजग रहने की आवश्यकता है और सभी सनातनियों से एकजुट होने की अपील की और कहा कि यह ऐसी समस्या है जो सभी सनातनियों को एकजुट होकर इसे समाप्त करना पड़ेगा। इस परिप्रेक्ष्य में साध्वी सेवानंद सरस्वती, स्वामी पूर्णानंद भारती, ब्रह्मचारी प्रणव चैतन्य द्वारा अपने विचार व्यक्त किए।

### स्कूलों में शुरू होगा नशा मुक्ति अभियान



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धाड़ता नशा मुक्ति अभियान समिति की बैठक कै. रमेश तपवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें खंड अध्यक्ष भूपिंद्र भूप्पी, ज्ञान विज्ञान समिति के भूपेंद्र सिंह, सुनील अत्री, अशोक कुमार आदि ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति 17 अगस्त से डीएवी स्कू ल गरयोह से नशा मुक्त अभियान शुरू किया जाएगा, जिसमें ज्ञान विज्ञान समिति के रिसोर्स पर्सन नेक राम ठाकुर भाग लेंगे। उसके बाद सभी सरकारी और निजी स्कूलों में नशे की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत सभी स्कूलों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। स्कूलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की योजना निर्माण के लिए लिए उपसमिति गठित की गई, जिसका संयोजक संजीव ठाकुर को बनाया गया और अनिल राणा, अशोक कुमार, अंतिम कुमार और भूपिंदर भूप्पी को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा सितंबर से दिसंबर तक गांव में अभियान चलाया जाएगा और कमेटियां गठित की जाएंगी।

### आईटीआई प्रवेश के लिए 12 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर की प्रधानाचार्या ई. नवीन कुमारी ने बताया कि दाखिला सत्र 2024-25 के पहले चरण में 308 में से 128 सीटें भर गई हैं और 180 सीटें रिक्त हैं जिनमें कोपा ट्रेड में 29 सीटें, कॉस्मेटोलॉजी ट्रेड में 10 सीटें, ड्रेस मेकिंग ट्रेड में 27 सीटें, इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में 02 सीटें, फिटर ट्रेड में 12 सीटें, एमएमवी ट्रेड में 21 सीटे, पलम्बर ट्रेड में : 24 सीट, सेविंग टेक्नोलॉजी ट्रेड में 16 सीटें, एसओटी ट्रेड में एंब्रॉयडरी 39 सीटे उपलब्ध हैं। प्रधानाचार्या के द्वारा यह भी अवगत करवाया गया कि जो इच्छुक अभ्यर्थी पहले चरण में किसी कारण से दाखिला नहीं ले सके हैं वह दूसरे चरण की काउंसलिंग हेतु तकनीकी शिक्षा बोर्ड की साइट में जाकर ऑनलाइन फॉर्म भर कर अपने-आप को पंजीकृत करवा सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 12 अगस्त है और दाखिला प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

### पेयजल टंकियों की सफाई सुनिश्चित बनाएं : अरविंद

**अनंत ज्ञान, पधर।** अधिशाषी अभियंता जल शक्ति मंडल पधर अरविंद वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि उपमंडल पधर में लोगों को जल शक्ति विभाग के माध्यम से उपलब्ध करवाए जा रहे पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता की निरंतर जांच की जा रही है, ताकि लोगों को साफ- सुथरा पेयजल उपलब्ध हो सके। सभी पेयजल स्रोतों एवं टाकियों की नियमित अंतराल पर साफ-सफाई व क्लोरिनेशन भी की जा रही है। बरसात के मौसम में गंदे पानी से जनहित कई बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने उपमंडल पधर के सभी विभागों के कार्यालय व क्षेत्राधिकार के अधीन कार्यालयों से आग्रह किया कि वह अपने कार्यालय के सभी पानी के टैंकों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें, ताकि गंदे पानी के द्वारा फैलने वाली किसी भी बीमारी से बचा जा सके। लोगों से रोगों से बचाव के लिए जलशक्ति विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे पेयजल को इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

### मेघ सिंह ठाकुर बने नंबरदारों के जिला प्रधान



अनंत ज्ञान, मंडी। नंबरदार जन कल्याण संघ की बैठक राज्य उपाध्यक्ष सोहन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला स्तरीय इस बैठक में 71 नंबरदारों ने भाग लिया। इसमे मेघ सिंह ठाकुर (बल्ह) को जिला प्रधान और देवेंद्र शर्मा (औट) को महासचिव बनाया गया। उपप्रधान सोहन सिंह (चच्योट) व अर्जुन सिंह (जोगिंद्रनगर), बिशन शर्मा (डैहर) मुख्य सलाहकार, संतराम (पांगणा) सह सचिव, दुनीचंद (बल्ह) को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा शेर सिंह पधर, मेहर सिंह, जालम सिंह बाली चौकी, जालम सिंह गोहर और रमेश कुमार सुंदरनगर को सदस्य बनाया गया है।

### हरित ऊर्जा के नैनोकणों की बच्चों को दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में स्कूली बच्चों के लिए आयोजित किए जा रहे इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च शिविर के तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर महावीर सिंह ने हरित ऊर्जा के लिए नैनोकणों पर एक प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा दिन के दूसरे अतिथि वक्ता थे, जिन्होंने कैलकुलस के अनुप्रयोग पर अपनी प्रस्तुति दी।

### एबीवीपी जोगिंद्रनगर ने चलाया पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही अनेक छात्र हित समाजहित तथा राष्ट्रहित के कार्य करती आई है। जानकारी देते हुए अखिल भारतीय इकाई मंत्री आयुष ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष की इस बार भी विद्यार्थी परिषद जोगिंद्रनगर इकाई द्वारा काली माता मंदिर जोगिंद्रनगर में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इसमें महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजीव कुमार तथा वशिष्ठ अतिथि साहिल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पहाड़ी से मलबा गिरने से हजारों लोग हुए परेशान, वाहन चालकों ने भागकर बचाई जान

# 9 मील में 9 घंटे बंद रहा राष्ट्रीय राजमार्ग

**अनंत ज्ञान, पंडोह**



दलदल में फंसी हुई गाड़ी।

चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग मंडी से पंडोह के बीच बुधवार रात 2 बजे से वीरवार सुबह 11 बजे तक बाधित रहा। जिसे सैकड़ों वाहनों की लंबी-कतारें सड़क के दोनों ओर लगी रही। जो स्लीप उठाने के बाद लंबे जाम का कारण बनी। भारी वर्षा के कारण नो मील पर पहाड़ी से मलबा पत्थर गिरने से सड़क मार्ग बंद हुआ। जिसकी चपेट में एक सब्जी से लदी जीप और एक ट्रक भी आ गया। देखते ही देखते दोनों गाड़ियां कीचड़ मलबे में आधी डूब गई। चालकों ने गाड़ी छोड़ कर भाग कर अपनी जान बचाई।

गनीमत यह रही कि बड़ी चट्टानें वाहनों पर नहीं गिरी।वहीं केएमसी की एलएनटी मशीन इस मलबे को हटाने लग गई। 5 घंटे एलएनटी लगी रही मगर कीचड़ नहीं उठा सकी। 10 बजे जेसीबी लगी और 11 बजे सड़क बहाल हो गई। यदि पहले ही जेसीबी लगा दी जाती तो सुबह 7 बजे ही सड़क मार्ग सुचारू हो जाता। स्थानीय निवासी मनोहर लाल, पूर्व प्रधान टेक चंद, राम सिंह, ओम प्रकाश, निटू और हरि सिंह ने सड़क देरी से खुलने के लिए एनएचएआई व केएमसी कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है। इनका कहना है कि जहां सुई का काम है वहां तलवार नहीं लग सकती। ठीक इसी तरह से एलएनटी मशीन है जो डोजर या जेसीबी का काम नहीं कर सकती।

इन्होंने उपायुक्त मंडी से इस सड़क मार्ग में व्यवधान के लिए एनएचएआई व केएमसी कंपनी के खिलाफ जनहित व जन सुरक्षा में कार्य न करने पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में एडीशनल एसपी मंडी सागर चंद्र ने कहा कि अस्थाई पुलिस चौकियां इस मार्ग पर सुचारू हो गई है।

### गमोहू का सीपीएस सोहन लाल ने किया दौरा

**सुंदरनगर।** गमोहू गांव में भूस्खलन से राजकीय माध्यमिक पाठशाला गमोहू में हुए नुकसान का पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने लोक निर्माण अधिकारियों सहित दौरा किया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की स्कूल की तरफ जाने वाले पानी को जल्द डाइवर्ट किया जाए। स्कूल में बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बच्चों की शिक्षा किसी भी तरह से प्रभावित या बाधित न हो।

### गमोहू गांव में पहाड़ी दरकने से घरों को खतरा



जायजा लेते हुए विधायक राकेश जंवाल व अन्य।

**सुंदरनगर।** ग्राम पंचायत सलवाना के गमोहू गांव में वर्षा से प्राथमिक और मिडल स्कूल सहित ग्रामीणों के पांच मकानों को पहाड़ी के मलबे की जद में आने का खतरा बना हुआ है। गुरुवार को खतरे में मद्देनजर स्कूल प्रबंधन ने बच्चों की सुरक्षा हेतु स्कूल में छुट्टी कर दी है।

पहाड़ी दरकने से जहां पर भारी मलबा आने से सड़क बंद हो गई है, वहीं पर दोनों स्कूलों और पांच घरों का रास्ता भी अवरुद्ध हुआ है। सूचना मिलने पर विधायक राकेश जम्वाल मौके पर पहुंचे और जायजा लेते हुए प्रभावित लोगों और स्कूल प्रबंधन से बातचीत की और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधायक राकेश जम्वाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जल्द कार्रवाई अमल में लाते हुए बंद रास्ते व सड़क को बहाल करने की बात कही।

## मंडी जिले में 10 अगस्त को ऑरेंज अलर्ट, रहें सतर्क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने मौसम विभाग द्वारा 10 अगस्त को जिला मंडी के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है जबकि 9, 11 और 12 अगस्त को जिला के कुछ स्थानों पर गरज के साथ भारी बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया है।

उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी है और नदी-नालों से दूर रहने, भूस्खलन वाले क्षेत्रों तथा अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में जाने से परहेज करने एवं अपने घरों में सुरक्षित स्थानों पर रहने का आग्रह किया है। सड़कों को खुला रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में मशीनरी तैनात कर दी गई है।

### गोहर और सरकाघाट उपमंडल के शिक्षण संस्थान रहे बंद

गोहर और सरकाघाट उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थान रहे बंद रहे। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए गोहर और सरकाघाट अधिकारियों ने 8 अगस्त शिक्षण संस्थानों को बंद रखने के आदेश जारी किए थे। सदर उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ बागी कटौला स्कूल, माध्यमिक पाठशाला रेहडू सोलंग, प्राथमिक पाठशाला मढेह, और सुहरा स्कूल भी बंद रहे। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पौड़ाकोठी एवं राजकीय माध्यमिक पाठशाला ठिहकर 9 अगस्त को बंद रहेंगे।



अपूर्व देवगन, डीसी।

### 61 सड़कें बहाल

**उपायुक्त** ने बताया कि पिछली रात हुई भारी बारिश से जिला में 101 सड़कें बंद हो गई थी। जिनमें से 61 सड़कों को बहाल कर दिया है। अब केवल 37 ग्रामीण सड़कों सहित कुल 40 सड़कें बंद हैं, इन्हें खोलने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है और जल्दी इन्हें भी बहाल कर दिया जाएगा। करतपुर-मनाली एनएच 9 को एकतरफा खोल दिया गया है।

### नहीं मिला हरदेव

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने बताया कि तेरंग हादसे में लापता हरदेव को ढूंढने के लिए सर्च अभियान वीरवार को भी जारी रहा, परन्तु हरदेव का कोई सुराग नहीं मिला। मशीन के द्वारा बड़ी-बड़ी चट्टानों को हटा कर देख लिया लेकिन हरदेव को ढूंढने में कोई सफलता नहीं मिल पाई है। उन्होंने बताया कि एडीएम डॉ. मदन कुमार तेरंग में मौजूद हैं और उनकी देखरेख में ही आज सर्च अभियान चलाया गया।

### आपदा प्रभावितों को नहीं दी फूटी कौड़ी : ब्रह्मदास

**अनंत ज्ञान, मंडी**



आपदा मे भी भाजपा सांसद राजनीतिक रोटियां सेकने से बाज नहीं आ रहे हैं और प्रदेश सरकार पर झूठे आरोप लगाकर अनाप-शनाप बयानबाजी कर रही हैं। यह बात प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कही।

उन्होंने कहा कि मंडी सांसद कंगना रणौत मंडी संसदीय क्षेत्र के आपदा प्रभावित इलाकों के दौरे पर आई हुई है। उनसे आपदा प्रभावितों को उम्मीद थी कि उनकी सांसद उनके लिए केंद्र से कोई मदद क पैकेज लेकर आएंगी। कंगना रणौत ने झूठी हमदर्दी का दिखावा किया और प्रदेश सरकार ने पिछली आपदा में 12000 करोड़ से अधिक के नुकसान का आर्थिक पैकेज मांगा और हिमाचल प्रदेश को आपदा घोषित करने के लिए गुहार लगाई, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने हिमाचल प्रदेश को फूटी कौड़ी नहीं दी गई।

मंडी सांसद कंगना रनौत से हम पूछना चाहते हैं कि सांसद होकर आप खाली हाथ आई हो और और प्रदेश सरकार को कोसने के लिए आई हो। अगर वह केंद्र से आपदा प्रभावितों के लिए कोई मदद लेकर आई है, तो स्वयं अपने हाथों से बांट दे।

### एनएसएस वालंटियरों ने राहत कार्य में निभाई अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, पधर।** चौहारघाटी की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थलटूखोड़ के एनएसएस वालंटियरों ने 31 जुलाई की मध्य रात्रि को राजबन घटनास्थल में हुई त्रासदी में राहत कार्य में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए सेवा भाव का जो जज्बा दिखाया, उस की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

एनएसएस वालंटियर्स ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड, पुलिस, अग्निशमन विभाग के जवानों के लिए स्कूल में बनाए गए बेस कैंप में भोजन, पानी और आवास आदि की बेहतर व्यवस्था के साथ साफ सफाई का जिम्मा संभाला।

## कुफरी स्कूल में प्रवक्ताओं के आठ पद खाली

**कविता, पधर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुफरी में स्कूल प्रवक्ताओं के विभिन्न विषयों के आठ पद रिक्त चल रहे हैं। स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में अभिभावकों ने अपना रोष जाहिर करते हुए प्रवक्ताओं के रिक्त पदों का मुद्दा उठाया।

एसएमसी अध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि स्कूल में प्रवक्ताओं के पद रिक्त चलने से पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होकर रह गई है। मौजूदा समय में प्रवक्ता इतिहास, अंग्रेजी, केमिस्ट्री, पोलिटिकल साइंस, हिंदी, फिजिक्स, पीजीटी (आइपी) और डीपीई के आठ पद रिक्त चले हुए हैं। रिक्त पदों के चलते छात्र दूसरे स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल से जब भी किसी अध्यापक का स्थानांतरण होता है तो उनके स्थान पर कोई अध्यापक नहीं आता। सरकार और शिक्षा विभाग को नीति बनानी चाहिए कि जब तक दूसरा अध्यापक ज्वाइन नहीं करता स्थानांतरित हुए अध्यापकों को रिलीव नहीं किया जाए।

सरकार की स्थानांतरण की गाज से पूरा स्कूल खाली हो गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल में बिना स्टाफ के बच्चों की पढ़ाई बाधित होकर रह गई है। उन्होंने कहा कि स्कूल में स्टाफ की समस्या को विपासा सदन में शिकायत निवारण समिति की बैठक के दौरान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और शिक्षा उप निदेशक मंडी से उठा चुके हैं।

बैठक में अभिभावकों ने कहा कि स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होती तो अभिभावक स्कूल से अपने बच्चों का पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे। शिक्षा उप निदेश मंडी सुशील कुमार ने कहा कि कुफरी स्कूल में खाली चल रहे पदों का विस्तृत ब्योरा सरकार को भेज दिया गया है। जैसे ही नियुक्तियां होती है। स्कूल के खाली पदों को भर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## कैमरे के सामने सामान बांटकर श्रेय लेने की लगी होड़ : कुशाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में आईजीएमसी शिमला के डॉक्टरों के नेतृत्व में जोगिंद्रनगर में फैले पीलिया की जांच के लिए हाई लेवल सर्विलांस टीम के गठन और इस टीम द्वारा यहां पहुंच कर कार्य संभालने का हिमाचल किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने स्वागत किया है।

कुशाल भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने कल भी देर शाम को अस्पताल का दौरा किया तथा पीलिया फैलने के बाद अस्पताल का उनका यह 5वां दौरा था। उन्होंने बताया कि वे कल भी हम सभी मरीजों व उनके तीमारदारों से भी मिले। इस अवसर पर उन्होंने एसएमओ डॉक्टर आर एल कौंडल से भी बातचीत की। संतुष्टि की बात यह है कि पीलिया के मरीजों की संख्या में अब काफी गिरावट आई है, हालांकि अभी भी नए मरीजों का अस्पताल में आना जारी है। उन्होंने देखा कि अन्य बीमारियों के अलावा बरसात में डायरिया, टायफायड, स्क्रब टायफस व सर्पदंश के मरीज भी अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जब कैमरों की भीड़ जुटनी शुरू होती है तो राजनीतिज्ञों में कैमरे के सामने कुछ बांटने और श्रेय लेने की होड़ लग जाती है, ऐसे में कुछ ऐसी भी सामग्री बांट दी जाती है जो डुप्लीकेट होती है और उच्च गुणवत्ता वाली नहीं होती है।

वहीं जोगिंद्रनगर में अन्नपूर्णा सोसायटी व व्यापार मंडल की तरफ से बिना किसी प्रचार तंत्र के मरीजों और उनके तीमारदारों की सुविधा हेतु निरंतरता में जो कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय है।

वहीं उन्होंने अपनी इस मांग को फिर दोहराया कि जोगिंद्रनगर, लडभड़ोल के सिविल अस्पताल में तथा लांगणा, चौंतड़ा व बरोट पीएचसी में डॉक्टरों के रिक्त पदों को तुरंत भरा जाए।

### थनेहड़ा की गलियों में कई महीनों से अंधेरा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वर्तमान पार्षद व पूर्व मेयर दीपाली जसवाल, वर्तमान उप मेयर माधुरी कपूर और पूर्व पार्षद उर्मिला शर्मा की रहनुमाई में थनेहड़ा मोहल्ला की गलियों में अंधेरा छाया हुआ है।

यह बात महामृत्युंजय मंदिर के सामने नीलकंठ मंदिर के नीचे से थनेहड़ा मोहल्ला की तरफ जाने वाली गली की है। यह गली 2 वार्डों की सीमा रेखा पर स्थित है। उधर उपमेयर माधुरी कपूर ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। शीघ्र ही इन लाइटों को ठीक कर दिया जाएगा।

## थुनाग की रोपड़ी खड्ड में बहने से बुजुर्ग की मौत

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

जिला मंडी की तहसील थुनाग में रोपड़ी खड्ड के तेज बहाव में बहने के कारण गुरुवार को एक 64 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई है। मृतक की शिनाख्त कर्म सिंह पुत्र रामू गांव जूड डाकघर व तहसील थुनाग जिला मंडी के तौर पर हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना जंजैहली की टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार मृतक कर्म सिंह गुरुवार सुबह घर से अपने खेत की देखरेख करने और पटवार कार्यालय के लिए गया था। इसी दौरान कर्म सिंह का अचानक से पैर फिसलने के कारण खड्ड में गिरने से रोपड़ी खड्ड के तेज बहाव में बहने से मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। जानकारी देते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है और शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## पेंशनरों का बकाया एरियर दे सरकार

**अनंत ज्ञान, मंडी**



एसोसिएशन के सदस्य बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में।

पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन मंडी की बैठक प्रधान रेवती राम शर्मा की अध्यक्षता में पेंशन भवन मंडी में संपन्न हुई। बैठक में हरीश शर्मा जिला प्रधान व राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में पेंशनरों की विभिन्न मांगों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई और प्रदेश सरकार से पेंशनरों की मांगों के संदर्भ में संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक बुलाने का आग्रह किया गया। बैठक में डॉक्टर मल्होत्रा मुख्य सलाहकार, जोगिंद्र चंदेल कार्यकारी जिलाध्यक्ष, जोगिंद्र वर्मा व अन्य सदस्यों ने अपने विचार रखे। सरकार से मांग की गई कि पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन सदर इकाई की मुख्य मांगों में 2016 के बाद रिटायर हुए पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन सदर इकाई पेंशनरों का बकाया एरियर दिया जाए।

### बालीचौकी में 11 को बंद रहेगी बिजली

**बालीचौकी।** बालीचौकी, थाची, सुधराणी व गाडागुसैनी के अंतर्गत आने वाले मुख्य बाजार बालीचौकी, शलयाउडी हुरला, शलाणू, नलौण, दाडी, रतवाह, सीहढा, थाटीवीड, नौणा, धवेहड, खणी, नारायणबान, सुधराणी, गरशाल, टिक्की, थाटा, कटवाणू, भेखली, गाड़ागुसैनी, खौली, शुकाड, टपनाल, पाली, मठयाणी, थाचाधार व उसके इसके साथ लगते क्षेत्रों मे 11 अगस्त को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत विशाल कुमार ने बताया कि 33 केवी मुख्य लाइन की देखरेख के लिए बिजली आपूर्ति बंद की जा रही है।

## जल शक्ति विभाग में 550 करोड़ का घोटाला : जीवन ठाकुर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जीवन ठाकुर प्रेस वार्ता के दौरान।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव जीवन ठाकुर ने जोगिंद्रनगर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व की सरकार के समय जल शक्ति विभाग जोगिंद्रनगर में लगभग 550 करोड़ रुपए आए मगर वह कहां-कहां खर्च हुए किसी को कोई पता नहीं।

जीवन ठाकुर ने कहा कि जल शक्ति मिशन के तहत जोगिंद्रनगर में बहुत बड़ा घोटाला सामने आया है जिसकी जांच होनी चाहिए ताकि दोषी लोगों और अधिकारियों पर कार्यवाही हो सके भाई। उन्होंने ने कहा कि पूर्व सरकार के समय जोगिंद्रनगर क्षेत्र में जगह-जगह पाइपों के ढेर दिखते थे मगर वह पाइप ना तो मौके पर है और ना ही जल शक्ति विभाग के स्टोर में।

जीवन ठाकुर ने कहा कि जोगिंद्रनगर में फैली पीलिया जैसी बीमारी पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए बल्कि हम सब का नैतिक फर्ज बनता है कि इस बीमारी से कैसे पार किया जाए। जीवन ठाकुर ने कहा कि पूर्व सरकार के समय में हर जगह फर्जी पेयजल लाइने डाली गई और घर-घर में नये नल दर्शाए गए मगर हकीकत में वहां काम हुआ ही नहीं और यही नहीं पंचायत प्रधानों से जबरदस्ती सर्टिफिकेट लिए गए।

जीवन ठाकुर ने कहा कि यदि पूर्व सरकार ने जोगिंद्रनगर क्षेत्र की गली सड़ी पाइपों को बदला होता तो आज यहां पीलिया जैसी महामारी नहीं फैलती। पीलिया फैलने का मुख्य कारण दूषित पानी माना जा रहा है। इस प्रेस वार्ता में जीवन ठाकुर के इलावा ऊटपुर पंचायत संजय कुमार, और पंचायत प्रधान जयदेव शर्मा सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

**लापरवाही** 4 महीने भी नहीं टिक पाया नगर निगम द्वारा लगाया डंगा

# घर के आगे का डंगा गिरने से परिवार में दहशत

**पुष्पराज, मंडी**



घर के आगे से गिरा डंगा।

बीते बुधवार को हुई बारिश से फिर टारना की पहाड़ी और थन्नेहड़ा वार्ड में डॉ जगदीश कपूर के घर के आगे का डंगा गिर गया। जिससे उनके मकान को भारी खतरा, और आस पास के मकानों में रहने वाले लोग भी दहशत में है।

बता दें कि बीते वर्ष बरसात में इसी पहाड़ी के कुछ मकान गिर गए थे जिसकी भेंट जल शक्ति भवन भी चढ़ गया और प्रशासन को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। इस डंगे के गिरने से प्रभावित परिवार के सदस्य डॉ जगदीश कपूर ने बताया कि डंगा लगाए अभी 4 ही महीने हुए थे जिसमें नगर निगम द्वारा अप्रैल माह में लगाया गया था जिसमें मिट्टी भी भर दी गई थी।

पहली बारिश होने के बाद डंगे में दरारे आना शुरू हो गई और जिसके बाद नगर निगम को इस बारे में जानकारी दी गई जिसमें उक्त मकान और अन्य घरों को भी खतरे का अंदेशा जताया गया जिसके बाद मौका नगर निगम द्वारा उक्त स्थान पर मौका भी किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और बीते बुधवार को हुई बारिश के कारण डंगा गिर गया।

जगदीश कपूर ने प्रशासन के मांग की है कि इस डंगे को जल्द से जल्द लगाया जाए ताकि कोई बड़ा हादसा होने से टल सके। बता दें कि इस डंगे के गिरने से 4 लोगों के घरों को नुकसान का अंदेशा है जिसमें जगदीश कपूर, आनंद कपूर, जितेंद्र और कविता देवी।

वहीं वीरवार को स्थानीय पार्षद दिपाली जसवाल के साथ नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट द्वारा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा बीती बुधवार की रात को ही प्रभावित परिवार को तिरपाल आदि मुहैया करवा दिए गए थे।

वहीं महापौर ने कड़े शब्दों में कहा कि नगर निगम द्वारा 4 महीने में ही डंगा गिरने की जांच कराई जाएगी और यदि इसमें कुछ गलत पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा प्रभावित परिवार को फौरी राहत प्रदान कर दी गई है और इंजीनियर ब्रांच द्वारा भी उक्त स्थान का मौका किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## 8वें वेतन आयोग का जल्द गठन करे केंद्र सरकार : महेंद्र



केंद्रीय सेवानिवृत्त कर्मचारी फोरम के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

केंद्रीय सेवानिवृत्त कर्मचारी फोरम जिला मंडी की बैठक महेंद्र मल्होत्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न केंद्रीय विभागों से सेवानिवृत्त कर्मचारी, भारतीय डाक विभाग, डिफेंस एकाउंट्स विभाग, एनएसएसओ, भारतीय खेल प्राधिकरण, आयकर विभाग, आईबी विभाग, केंद्रीय एक्साइज विभाग, दूरदर्शन, आकाशवाणी, राष्ट्रीय बचत विभाग, महालेखाकार व महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (एएफएमसी) शामिल हुए।

बैठक में उत्तम चंद सैनी, जीवन लाल, नरेश धीमान, हरीश कपूर, एमएस मस्ताना, रविकांत कपूर, बलदेव शर्मा, सोहन सिंह पठानिया, जगदीश गुलेरिया, हरजस अरोड़ा एवं आरके शर्मा डीआईजी सीएपीएफ ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। केंद्र सरकार के 8वें वेतन आयोग का जल्द गठन किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### वालीबाल में स्कूली छात्रों का स्वास्थ्य जांचा



**अनंत ज्ञान, हरोली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हरोली की ओर से चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक कंवर, डॉ हिमानी अग्निहोत्री, आरती फार्मासिस्ट, ममता रानी एफ एच डब्ल्यू टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला वालीबाल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई और विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए गए। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ राजेश कौशल ने इस कैंप के आयोजन करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हरोली का धन्यवाद किया।इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्षा रीता कुमारी, सुखविंदर कौर, उप प्रधानाचार्य राजेश कुमार प्रवक्ता अंजू कौशल सारिका विशिष्ट अनिल कुमार धर्मपाल गौरव जोशी बलविंदर सिंह छोटे लाल तिलक राज कुलविंदर कौर महेश कुमार नीता देवी अनिता कुमारी मनीष कुमार अशोक कुमार एवं एस एम सी के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### बेहतरीन प्रदर्शन करके लौटे खिलाड़ियों का स्वागत



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** राजकीय वरिष्ठ विद्यालय बढेड़ा के खिलाड़ी जो अंडर-14 के लड़के व लड़कियां जिन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूबोवाल में ब्लॉक स्तर पर खेलों में भाग लिया था, जिसमें विद्यालय बढेड़ा की डीपी संजीव कुमार की मेहनत से लड़कियों ने खो-खो में प्रथम तथा लड़कों ने कबड्डी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय आगमन पर संजीव कुमार डीपी व खिलाड़ियों का स्कूल के विद्यार्थियों व अध्यापकों द्वारा भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर शोभा कुमारी, संजीव कुमार ने खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना की और इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आशा, कमलेश कुमारी, जसविंद्र कौर, राजेंद्र कुमार, अनु वाला, रुचिका शर्मा, टीजीटी भूपेंद्र सिंह, सुमन चावला, स्मृति देवी, शशि कुमारी, सुखविंद्र, सागर, पुष्पा देवी, शिवानी देवी उपस्थित रहीं।

### हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान में मनाई तीज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान ऊना में तीज पर्व के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिमोत्कर्ष महिला मंच के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षण संस्थान की छात्राओं ने व्यंजन, रंगोली, मेहंदी व हेयर स्टाइल स्पर्धाओं में भाग लिया। व्यंजन प्रतियोगिता में संस्थान की छात्राओं ने खीर, मालपूड़े, पतेहड़, दही-भल्ला तैयार किए। वहीं, छात्राओं ने आकर्षक रंगोली भी सजाई। संस्थान की ब्यूटी कल्चर ट्रेड की छात्राओं ने महिला मंच सदस्यों व संस्थान की छात्राओं के हाथों में मेहंदी के शानदार डिजाइन उकेरे। वहीं, ब्यूटी कल्चर ट्रेड की छात्राओं ने आकर्षक हेयर स्टाइल बनाकर स्पर्धाओं में भाग लिया। हिमोत्कर्ष परिषद महिला मंच की वरिष्ठ सदस्य अनूपा ठाकुर ने कहा कि छात्राओं ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाली छात्राओं को आज सांस्कृतिक समारोह में पुरुस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर हिमोत्कर्ष महिला मंच अध्यक्ष दीपशिखा कौशल, सचिव पूजा कपिला, प्रेस सचिव रमा कंवर, सदस्य अनीति सूद, मंजू मनकोटिया, रंजना जसवाल, मनीष ठाकुर, रंजू, संस्थान प्रशिक्षका मीना ठाकुर, निशा, सोनिया, कमला व छात्राएं उपस्थित रहीं।

### ऊना अस्पताल की महिलाओं ने मनाया तीज का त्योहार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** क्षेत्रीय हॉस्पिटल ऊना में कार्यरत सभी महिलाओं ने रायजादा होटल लाल सिंगी में तीज का पर्व धूमधाम से मनाया। इससे पहले उन्होंने अस्पताल के पास पौधरोपण भी किया। इस समूह की सदस्य एडवोकेट नवदीप राणा ने बताया कि काफी महिलाओं ने व्रत भी रखे हुए थे। इस प्रकार वहां पर पूजा-अर्चना का कार्यक्रम भी किया गया। प्रत्येक महिला ने कुछ न कुछ अपने जीवन से जुड़े हुए किस्से और कुछ ने पंजाबी और हिंदी गाने गाकर सभी का मनोरंजन भी किया। व्रत रखने वाली महिलाओं ने शुद्ध वैष्णो आहार ग्रहण किया और अन्य ने अपनी इच्छा अनुसार भोजन का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष यह पर्व और भी धूमधाम से मनाया जाएगा। अन्य कार्यालय की महिलाओं को भी इसमें शामिल करके पर्व मनाएंगे ताकि हमारे देश की विरासत और त्योहारों का अगली जनरेशन को भी पता लगे और वे इसे जारी रखें।

### उपविजेता रही टीम का स्कूल में स्वागत



**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली के शतरंज प्रतियोगिता के उपविजेता खिलाडियों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। रप्रधानाचार्य सतपाल वशिष्ट ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों के साथ जोड़ना जरूरी है। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी अजीत कुमार, महिला प्रभारी अनीता रानी, एसएमसी प्रधान सुरेश कौशल, उपप्रधानाचार्य बिहारी लाल, अनूप कुमार, राकेश कुमार, शक्ति देवी, बजिंद्र सिंह, इंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर दिया जोर

# थानाकलां अस्पताल में मरीजों को जल्द मिलेगी एंबुलेंस, कैंटीन व सस्ती दवाइयों की दुकान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाकलां की रोगी कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के कार्यों की समीक्षा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सोनू गोयल ने की, जबकि स्थानीय विधायक विवेक शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। रोगी कल्याण समिति की बैठक में कमेटी ने निर्णय लिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सुविधा के लिए कैंटीन, सस्ती दवाइयों की दुकान व एंबुलेंस की सुविधा जल्द उपलब्ध कराई जाएगी।

बैठक में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि बजट से अधिक खर्च न किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की कमेटी ने विधायक विवेक



आरकेएस की मीटिंग में मौजूद विधायक विवेक शर्मा व अन्य।

शर्मा से आग्रह किया कि आरकेएस के बजट को भी बढ़ाया जाए ताकि सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। विधायक विवेक शर्मा ने रोगी कल्याण समिति के रिकॉर्ड की जांच की। एसडीएम सोनू गोयल ने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और अधिकारियों से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव मांगे।

बैठक में स्वास्थ्य केंद्र में ग्लो साइन बोर्ड व परिसर में 10 लाइट लगाने की व्यवस्था भी की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अस्पताल में मेडिकल कराने की फीस 150 रुपए होगी जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशा वर्कर्स को छूट मिलेगी।

इसके अतिरिक्त बंदूक का लाइसेंस बनाने के लिए मेडिकल कराने की फीस 500 होगी। फर्स्ट ऐड कराने वाले विद्यार्थियों की फीस 500 होगी। बैठक में विधायक विवेक शर्मा, एसडीएम सोनू गोयल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामासरा शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी नरेश शर्मा, बीडीओ सुशील कुमार, डॉ. अशोक दड़ोच, पंचायत प्रधान सरोज कुमारी सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

## बढ़ूही चौक में देर रात सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** ऊना-धर्मशाला मुख्य मार्ग पर बढ़ूही चौक में देर रात हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार रात तकरीबन 11 बजे बढ़ूही में रिपट कार व स्कूटी की टक्कर हो गई, जिससे स्कूटी चालक रोहित कुमार पुत्र वतन चंद गांव डीहर डाकघर तलमेहड़ा व मनीष कुमार पुत्र हेमराज शर्मा गांव बगनाल डाकघर अंबेहड़ा तहसील बंगाणा जिला ऊना को चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया जहां से दोनों घायलों को पीजीआई रैफर कर दिया। रोहित कुमार की रास्ते में मौत हो गई जबकि दूसरे व्यक्ति का पीजीआई से उपचार चल रहा है। पुलिस ने कार चालक एशले पुरी वासी अपर सोलह के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 17 अगस्त तक नहीं करवाया बिल जमा तो कटेंगे कनेक्शन

**बढ़ूही।** विद्युत उपमंडल चौकीमन्यार के अंतर्गत आने वाले जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अपने जुलाई महीने के विद्युत बिल जमा नहीं करवाए हैं, वे 17 अगस्त से पहले अपने बिल जमा करवा दें, अन्यथा उनकी बिजली आपूर्ति बिना किसी सूचना के अस्थायी रूप से बंद कर दी जायेगी और पुनः कनेक्शन लेने के लिए 250 रुपए शुल्क जमा करवाना पड़ेगा। यह जानकारी विद्युत उपमंडल चौकी मन्यार के सहायक अभियंता इंजीनियर बलविंदर कुमार ने दी है।

## रायसरी स्कूल में एनएसएस स्वयंसेवियों के शिविर का हुआ आयोजन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** क्षेत्र के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायसरी में एनएसएस स्वयंसेवियों के एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसेवियों ने पहले स्कूल की साफ-सफाई की। इसके उपरांत स्कूल कैंपस में सभी स्वयंसेवियों ने एक-एक पौधा लगाया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान हेमलता विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह इस कार्यक्रम के अधिकारी सुमन तथा अनिल शर्मा भी उपस्थित रहे।

## भाई पर लगाया मारपीट का आरोप

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** पुलिस थाना हरोली के खड्ड क्षेत्र में जसविंद्र नामक व्यक्ति ने अपने ही छोटे भाई पर परिवार को पीटने का आरोप लगाया है। जसविंद्र ने बताया कि इसके छोटे भाई और उसके परिवार ने इसकी पत्नी तथा इसकी मां से मारपीट की है जिन्हें काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने मेडिकल करवाकर है। मुख्य आरक्षी सुनील कुमार अन्वेषण अधिकारी पुलिस चौकी पंडोगा मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस थाना प्रभारी सुनील कुमार ने कहा मामला दर्ज किया गया है।

## कुटलैहड़ कांग्रेस की आम बैठक कल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ कांग्रेस की आम सभा की बैठक 10 अगस्त को होगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस के सभी अग्रणी संगठनों के प्रतिनिधि आमंत्रित हैं। बैठक में विधायक विवेक शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।

## महिला से एक लाख की धोखाधड़ी

**ऊना।** जिला मुख्यालय के पास स्थित कुरियाला गांव की एक महिला से क्लर्क की सरकारी नौकरी और पुश्तैनी जमीन पर शहतूत के पौधे लगाने के नाम पर एक लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर शिमला के एक दंपति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परेशानी : लंबे समय से चली आ रही मांगों पर अंबाला मंडल नहीं दे रहा ध्यान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल रेलवे स्टेशन जिला का सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन हैं और भारतीय रेलवे को हर साल यहां से कई करोड़ रुपए की आय होती है, लेकिन इस के बावजूद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं और रेलगाड़ियों के विस्तार में कोई भी बढ़ोतरी नहीं की जा रही है। हालांकि यहां पर लगातार निरीक्षण व रेलवे स्टेशन का जायजा लेने आए अधिकारियों को इन समस्याओं के बारे में अवगत करवाया जाता रहा है।

स्टेशन पर रोजाना कई रेलगाड़ियों का आगमन और प्रस्थान होता है, लेकिन ठहराव का कम समय होने के चलते यात्रियों को अपना आवंटित डिब्बा ढूंढने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।ऊना की कुछ संस्थाओं ने ज्ञापन भेजकर भी अधिकारियों के समक्ष समस्त मांगें रखीं गई हैं। ये मांगें कोच डिस्प्ले बोर्ड, भूमिगत पैदल पार-पथ , टिकट के ऑनलाइन भुगतान हेतु क्यूआर कोड मशीन व प्लेटफॉर्म पर वर्षा शेड्स और ट्रेनों के विस्तार आदि की मांगें जिला के कई युवा-युवती और संगठनों द्वारा समय-समय पर पत्र लिखकर उठाई गई हैं



**कोच डिस्प्ले बोर्ड और टिकटों का ऑनलाइन भुगतान न होने से यात्री परेशान**

और इन समस्याओं से अवगत करवाया गया है परंतु रेलवे मंडल और संबंधित विभाग अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

कुछ मामलों में तेजी आई है। शिकायत के तुरंत बाद जून महीने से लूप लाइन के निर्माण कार्य में भी तेजी आई है। ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन पर लूप लाइन निर्माण के लिए विद्युतीकरण का काम जारी है।

## विभिन्न हादसों में दो की मौत, कई घायल

**अनंत ज्ञान, ऊना/गगरेट**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पीरनिगाह के समीप वीरवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में पंजाब के मानसा जिले से संबंधित करीब 25 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से रीजनल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हादसे की जांच शुरू कर दी है, जबकि प्रशासन की ओर से घायलों को फौरी राहत प्रदान करने के लिए तहसीलदार शिखा राणा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचीं। बताया जा रहा है कि तीखी ढलान पर चालक ट्रैक्टर पर काबू नहीं रख सका, जिसके चलते ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और हादसा हो गया। घायलों में महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा बताई जा रही है।

घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया है, जिनमें से तीन की हालत ज्यादा नाजुक बताई जा रही है। जानकारी है कि पंजाब के मानसा जिले के निवासी श्रद्धालु मंगलवार को नैना देवी पहुंचे थे और वहां से माथा टेकने के बाद बुधवार को पीरनिगाह पहुंच गए। पीरनिगाह मंदिर में गुरुवार सुबह माथा टेकने के बाद ये सभी श्रद्धालु वापस मानसा के लिए निकले थे कि मंदिर परिसर से कुछ दूरी पर ही इनकी ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। हादसे के दौरान किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन करीब दो दर्जन श्रद्धालु बुरी तरह घायल हो गए।

वहीं, पुलिस थाना गगरेट के तहत जीतपुर बेहड़ी स्थित एक उद्योग के 30 वर्षीय कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान संदीप कुमार पुत्र रूप सिंह निवासी वार्ड नंबर 6 मैड़ी, अंब के रूप में हुई है। गगरेट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक संदीप कुमार गत दिवस रोजाना की तरह ड्यूटी खत्म करने के बाद घर आने लगा था, तो उद्योग के गेट के समीप अचानक बेहोश होकर गिर गया। अचेत अवस्था में संदीप कुमार को अस्पताल लाया गया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

वहीं, पुलिस थाना गगरेट के तहत मवा सिंधिया में बेसहारा पशु के चपेट में आने से बाइक चालक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जसवीर सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी पंजावर के रूप में हुई है। गगरेट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है।

## हिंदुओं के साथ अत्याचार निंदनीय : शिव सेना

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो अत्याचार हो रहा है, वह इंसानियत पर एक कलंक है। दंगों में हिंदुओं को मारा जा रहा है और उनके घर व दुकानों तथा मंदिरों को फूंका जा रहा है, जो कि घोर निंदनीय कार्य है और इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए, उतनी कम है। यह बात शिवसेना हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ ने कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को इस मामले में कड़ा संज्ञान लेना चाहिए और बांग्लादेश के हिंदुओं को बचाने के लिए उचित कदम उठाने चाहिएं।

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने को मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि महिलाओं की इज्जत भी तार-तार की जा रही है । उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे इस नरसंहार पर पूरा विश्व खामोश है, जो कि एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों की भी रक्षा की जानी चाहिए।

## भंजाल स्कूल मे नवरात्र पर मां सरस्वती की प्रतिमा हुई स्थापित

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर विशाल हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। पाठशाला पहुंचने पर विधायक राकेश कालिया का स्टाफ सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। विधायक राकेश कालिया को स्टाफ और एसएमसी द्वारा सम्मानित किया गया।

विधायक ने बच्चों को अनुशासन के साथ रहने और मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। स्कूल प्रिंसिपल ने पाठशाला को उत्कृष्ट पाठशाला का दर्ज देने और शौचालय की मांग रखी। विधायक ने सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया और स्कूल को दो लाख रुपए देने की घोषणा की। स्कूल की प्रिंसिपल सरला ठाकुर एवं सभी स्टाफ सदस्यों, एसएमसी सदस्यों, पंचायत सदस्यों ने भी इस धार्मिक आयोजन में



विधायक सरस्वती मां की पूजा करते हुए।

**विधायक राकेश कालिया ने स्कूल को दिए 2 लाख**

भाग लिया। इस अवसर बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुत की गई। मूर्ति स्थापना समारोह सभी के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पाठशाला में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर पंचायत उपप्रधान राजेश ठाकुर, एसएमसी के प्रधान महेश कुमार, सदस्य, अधीक्षक रजनी शर्मा वाईस प्रिंसिपल राजन शर्मा, लेक्चरर अनु शर्मा, सीमा सोहाल आदि उपस्थित थे।

## सलोई पशु चिकित्सालय का दर्जा बढ़ा

**विवेक शर्मा, अंब**

उपमंडल अंब के सलोई व उसके आसपास क्षेत्रों के पशुपालकों के लिए अच्छी खबर है। पिछले लंबे समय से कमरे में कार्यरत पशु चिकित्सालय को अपग्रेड कर उसे नया भवन मिलने जा रहा है। इस अस्पताल के अपग्रेड होने से सलोई सहित अप्पर लोहारा, लोअर लोहारा, भगड़ाह, चौआर व सारड़ा पंचायत के पशुपालकों को सुविधा मिलेगी।

बुधवार को चिंतपूर्णी विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने 58.05 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस पशु चिकित्सालय के भवन निर्माण कार्य की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने के बाद आधारशिला रखी। बबलू ने कहा कि इस चिकित्सालय के भवन निर्माण के बाद क्षेत्र के पशुपालकों को घर-द्वार पर ही सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का पहला ऐसा प्रदेश है, जहां सरकार ने पशुपालकों



सुदर्शन सिंह बबलू ने पशु चिकित्सालय भवन की आधारशिला रखी।

की आजीविका बढ़ाने के लिए भैंस और गाय के दूध में न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है, जिससे पशुपालकों की आय के साधन पहले से अधिक बढ़े हैं। उन्होंने लोगों से पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने की अपील की।

विधायक ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों की समस्याएं भी सुनीं, साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चे स्वस्थ रहने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी निपुण हों, इसलिए सलोई में एक जिम खोलने के अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक लाइब्रेरी खोलने की योजना बनाई जा रही है। कार्यक्रम में मौजूद उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. विनय शर्मा ने किसानों के लिए लाभप्रद योजनाओं की जानकारी दी।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विकास कश्यप, एसडीएम विवेक महाजन, तहसीलदार अंब प्रेम धीमान, बीडीओ ओमपाल डोगरा, एक्सईएन जल शक्ति विभाग एचएस जस्सल, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राघव ठाकुर सहित गणमान्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**प्रयास** उपायुक्त का अधिक से अधिक लोगों को रेडक्रॉस सोसायटी से जोड़ने पर जोर

# साधनहीन व्यक्तियों को सहारा देने में रेडक्रॉस सोसायटी की बड़ी भूमिका: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल ने रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों से अधिक से अधिक लोगों को सोसायटी से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि गरीबों और साधनहीन व्यक्तियों को सहारा देने में रेडक्रॉस सोसायटी की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों आजीवन सदस्य के तौर पर सोसायटी से जोड़ना आवश्यक है, ताकि जरूरतमंदों की अधिक सेवा की जा सके। जतिन लाल जिला रेडक्रॉस सोसायटी की कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उपायुक्त ने युवाओं को नशे से बचाने और समग्र स्वास्थ्य एवं फिटनेस को लेकर व्यापक जन जागरूकता लाने पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने समाज के समग्र कल्याण और उत्थान के लिए 'सामर्थ्य' नामक एक नया



जिला रेडक्रॉस सोसायटी की कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित करते उपायुक्त जतिन लाल।

प्रोजेक्ट आरंभ किया है, जिसे रेडक्रॉस के माध्यम से चलाया जाएगा। इसके लिए एक अलग बैंक खाता रखा गया है, जिसमें जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों समेत सभी लोगों से अंशदान और सहयोग अपेक्षित है।

उन्होंने बताया कि 'सामर्थ्य' के तहत पहले चरण में प्रशासन ने जिले की आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की लड़कियों को उच्च शिक्षा में सहायता का जिम्मा लिया है। इसके अंतर्गत गरीब परिवारों की 25 जरूरतमंद लड़कियों को उनकी डिग्री या उच्च शिक्षा के लिए 2 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के लिए आवेदन 25 अगस्त तक उपायुक्त कार्यालय में किया जा सकता है।

पात्रता में वे लड़कियां शामिल हैं, जिनके पिता का स्वर्गवास हो चुका है या जिनके पिता 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं। आवेदक ऊना जिले की निवासी होनी चाहिए, किसी अन्य योजना की लाभार्थी नहीं होनी चाहिए और परिवार की वार्षिक आय 50,000 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं सीपीओ संजय सांख्यान ने सोसायटी की गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सोसायटी ने उपमंडल स्तर पर पुस्तकालयों के निर्माण, नशा मुक्ति अभियान, पौधरोपण, रक्तदान शिविरों सहित कई जनकल्याण कार्य किए हैं।

इसके साथ ही दिव्यांगजनों के लिए आर्टिफिशियल अंग और अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराने पर करीब 28.50 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सबके समन्वित प्रयासों से ऊना जिला नशा मुक्ति अभियान में अग्रणी रहा है और जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर कार्यकारी समिति के गैर सरकारी सदस्य एवं रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा ने रेडक्रॉस गतिविधियों को गति देने के लिए उपायुक्त का आभार जताया।

उन्होंने सभी की ओर से ज्यादा से ज्यादा लोगों को रेडक्रॉस से जोड़ने की मुहिम में सक्रिय सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा समेत कांग्रेस प्रवक्ता विजय डोगरा, प्रेस क्लब ऊना के अध्यक्ष एवं पैट्रन रेडक्रॉस सुरेंद्र शर्मा, पैट्रन रेडक्रॉस सुरेंद्र ठाकुर, राकेश कौशल, वरिंद्र धर्माणी सहित समिति के गैर सरकारी और सरकारी सदस्यों ने सोसायटी की कार्यप्रणाली को और कारगर बनाने एवं लोगों को रेडक्रॉस से जोड़ने व आय सृजन को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।



## न्यूज ब्रीफ

### दूरबीन विधि से होंगे बच्चेदानी निकालने के ऑपरेशन

**कुल्लू।** अब महिलाओं को दूरबीन विधि से बच्चेदानी को निकालने के ऑपरेशन के लिए मेडिकल कॉलेज या प्रदेश के बाहर अन्य अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। महिलाओं को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में ही यह सुविधा मिलेगी। कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में पहली बार दूरबीन से बच्चेदानी को निकालने का ऑपरेशन हुआ है। अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 48 वर्षीय मरीज का सफल ऑपरेशन किया है। ऑपरेशन के बाद महिला स्वस्थ है और शुक्रवार को महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। दूरबीन से बच्चेदानी के सफल ऑपरेशन होने के बाद अब महिलाओं को मेडिकल कॉलेजों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। महिलाओं के कुल्लू अस्पताल में ही बच्चेदानी की बीमारी संबंधी ऑपरेशन दूरबीन की मदद से किए जाएंगे। इस संबंध में कुल्लू अस्पताल की गायनी विशेषज्ञ डॉ. ललिता बंसल ने कहा कि 48 वर्षीय महिला शारदा करीब दो साल से बीमार चल रही थी। वे कुछ ही समय पहले अस्पताल में उपचार करवाए आई, लेकिन लंबे समय से बीमार रहने के कारण मरीज का ऑपरेशन ही करना पड़ा। उन्होंने कहा कि दूरबीन के माध्यम से ऑपरेशन किया गया है। ऑपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ है।

### 12 को आठ विभिन्न पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू

**कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा देवी ने कहा कि मैसर्ज ओरेल एजुकेशन सर्विसिज प्राईवेट लिमिटेड ढालपुर द्वारा कैंपस साक्षात्कार जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में आयोजित करवाए जाएंगे। उम्मीदवारों के लिए ट्रेनर, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, फंट ऑफिस एसिस्टेंट, रिसैप्शैनिस्ट और कुक के कुल 8 रिक्त पदों के लिए आवश्यक योग्यता बीकॉम, एमकॉम, एमबीए, बीबीए और होटल मैनेजमैंट में डिग्री या डिप्लोमा तथा आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान रुपए 12,000 से 15,000 मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल कुल्लू और बंजार हैं। योग्य उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 12 अगस्त सुबह 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू मे पहुंच कर कैंपस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार हिमाचल के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो और यदि पंजीकृत नहीं है, तो ऑनलाइन अपना पंजीकरण करवा लें तथा इंटरव्यू के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वह ऑनलाइन पंजीकरण के लिए पोर्टल www.eemis.hp.nic.in पर जाएं।

### 22 जरूरतमंद लोगों को भेंट की जलपान सामग्री



**कुल्लू।** प्रयास फाउंडेशन भुंतर द्वारा भुंतर और इसके आसपास रह रहे जरूरतमंद, चलने-फिरने में असमर्थ, बीमार और एकाकी जीवन बिता रहे लोगों को जलपान सामग्री वितरित की गई, जिसमें बिस्कुट, नमकीन, रस, केक, सूप और मैगी आदि शामिल थे। संस्था के सहसंचालक जीवन प्रकाश ने बताया कि संस्था के मुख्य संरक्षक हीरा लाल बौद्ध द्वारा यह सामग्री इन लोगों के घरद्वार पहुंचाई गई है। प्रयास संस्था का यह उपक्रम निरंतर चलता रहता है। उन्होंने जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए संस्था को निरंतर सहयोग देने वाले सभी दानी सज्जनों का आभार जताया। वहीं, संस्था के मुख्य संरक्षक हीरा लाल बौद्ध का भी धन्यवाद व आभार जताया, जो वर्षों से हर माह इस सेवा को सुचारु रूप से जरुरतमंद लोगों तक पहुंचाने में अपना निरंतर सहयोग दे रहे हैं।

### महासंघ ने कुल्लू में लगाया खीर का भंडारा



**कुल्लू।** कुल्लू में सावन माह के उपलक्ष्य पर जगह-जगह भोले के भक्तों द्वारा खीर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में हर वर्ष की भांति इस बार भी सावन माह के चलते राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ कुल्लू की ओर से ढालपुर स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय के बाहर खीर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सैकड़ों शिव भक्तों ने खीर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। चालक-परिचालक महासंघ के अध्यक्ष तुले राम ने बताया कि हर साल सावन महीने में चालक-परिचालक संघ की ओर से खीर भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस बार भी वीरवार को खीर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने खीर का प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा सभी चालक-परिचालकों के सहयोग से आयोजित किया गया।

### सतलुज किनारे मिले शव की हुई शिनाख्त

**आनी।** लुहरी के समीप सतलुज किनारे मिले शव की शिनाख्त हो गई है। यह शव 31 जुलाई की रात को कुर्पन खड्ड में आई बाढ़ में बह गए जिया लाल बिष्ट की प ी रेवता देवी का है। शव की शिनाख्त रेवता देवी के भाई प्रेम लाल पुत्र चरण दास गांव डवाह डाकघर जाओं तहसील निरमंड द्वारा पुलिस थाना कुमारसैन में की है। आपको बता दें कि 31 जुलाई की रात को श्रीखंड की पहाड़ियों पर बादल फटने से कुर्पन खड्ड में बाढ़ आ गई थी, जिसकी चपेट में बागीपुल में एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत कुल 7 लोग पानी में बह गए थे, जिनमें जिया लाल बिष्ट, उनकी प ी रेवता देवी, पुत्र भारत भूषण और बृज भूषण के अलावा जिया लाल बिष्ट की सास दलू देवी सहित दो नेपाली मूल के व्यक्ति शामिल हैं, जबकि जिया लाल बिष्ट का शव पहले ही केदस के समीप बरामद हो चुका है, वहीं जिया लाल के दोनों बेटों, दलू देवी और दो नेपाली मूल के व्यक्तियों का सर्च अभियान अभी भी जारी है।

### परिचालकों को कार्यप्रणाली के बारे दिया प्रशिक्षण



**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में स्थित बस अड्डे में हालही में नियुक्त किए गए परिचालकों को विभिन्न कार्यप्रणाली के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक रोहन के दिशा-निर्देशों के अनुसार हिमाचल पथ परिवहन निगम केलांग क्षेत्र में नवनियुक्त 22 परिचालकों को परिवहन निगम की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी और इस दौरान परिचालकों को यात्रियों से व्यवहार, सेवा नियमों की जानकारी, परिचालकों की ड्यूटी तथा जिम्मेदारी, नई लगेज पालिसी, टिकटिंग मशीनों का संचालन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल सहित अनेक अन्य मामलों के बारे में सभी को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक केलांग राधा देवी तथा चिकित्सा अधिकारी केलांग डॉ. जगदीश भी उपस्थित रहे।

# ‘लाडा’ से होगा पंचायतों का विकास

## सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा, पंचायत प्रधान प्राथमिकता के आधार पर स्कीमों के प्रस्ताव भेजें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू के बचत भवन में स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण (लाडा) कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते सुंदर सिंह ठाकुर।

हिमाचल के कुल्लू की प्रोजेक्ट प्रभावित पंचायतों का विकास तथा आपदा में हुई क्षति से पुनरुद्धार के सामुदायिक कार्यों को लाडा के धन से किया जाएगा। यह बात मुख्य संसदीय सचिव व लाडा कमेटी के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने कही।

पंचायतों का जो हिस्सा बनता है, उसे जारी कर क्षेत्र में विकास किया जाएगा। कुल्लू के बचत भवन में स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण (लाडा) कमेटी की बैठक की अध्यक्षता मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा, वन, पर्यटन एवं परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि जनवरी माह में लाडा की पहली बैठक हुई थी। यह दूसरी बैठक हुई है, जिसमें विशेष तौर पर बड़ी परियोजनाओं का जो अंश आया है, जिसके माध्यम से पंचायत में विकास कार्य हो रहे हैं। कुछ कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र आने बाकी हैं, जिसके लिए सभी प्रधानों से अनुरोध किया गया है, ताकि अगली धन राशी मंजूर करने में विलंब न हो। वर्तमान स्थिति में कई जगह पर बाढ़ से नुकसान हुआ है, वहां पर भी प्राथमिकता के तौर पर सभी प्रधानों को इस फंड को प्राथमिकता के आधार पर खर्च करने के लिए कहा गया है, ताकि अति आवश्यक कार्यों को पहले पूर्ण किया जा सके।

सभी परियोजनाओं के अनुमानित कैपिटल एक्सपेंडिचर का 1.5 प्रतिशत फंड लाडा के अंतर्गत आता है। लाडा के इस धन राशि का उपयोग परियोजना से प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए किया जाएगा। स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण के माध्यम से 70 प्रतिशत राशि पंचायतों के माध्यम से खर्च की जाती है। (50 प्रतिशत प्रभावित पंचायतों तथा 20 प्रतिशत क्षेत्र को) इसके साथ ही 15 प्रतिशत राशि प्रभावित विकास खंड तथा 15 प्रतिशत प्रभावित जिले के माध्यम से खर्च की जाती है। जिले में पार्वती हाइड्रो पावर चरण दो, तथा चरण तीन सहित सैंज हाइड्रो पावर तथा रामपुर हाइड्रो पावर परियोजना के लाडा फंड की राशि तथा इसके विकास के कार्यों पर चर्चा की गई, जिसके माध्यम से महत्वपूर्ण विकास कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाएगा। बैठक में विधायक बंजार सुरेंद्र शौरी, विधायक आनी लोकेंद्र कुमार, उपायुक्त तोरुल एस रवीश अध्यक्ष जिला परिषद पंकज परमार विभिप्प्स परियोजना के अधिकारी सहित सभी प्रभावित पंचायतों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सांसद महोदय, घड़ियाली आंसू बहाने से अच्छा था केंद्र से पैकेज लाती : सेसराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




कुल्लू जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेसराम आजाद ने कहा कि सांसद कंगना रनौत आपदा की इस घड़ी में भी अनाप शनाप बयानबाजी कर रही हैं। उन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्र समेज में सांसद कंगना रनौत द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ की गई बयानबाजी पर उन्हें घेरते हुए कहा कि झूठी बातें फैलाने से लोकप्रियता नहीं मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सांसद महोदय, प्रभावितों के पास घड़ियाली आंसू बहाने से कुछ नहीं होगा, अच्छा होता, अगर आप इस समय में आपदा प्रभावितों के लिए केंद्र से राहत पैकेज लेकर आती। कुल्लू में भारी बारिश व बादल फटने के कारण बाढ़ आने से कई क्षेत्र को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए सरकार व जिला प्रशासन बेहतर कार्य कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावितों को हरसंभव मदद करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। प्रदेश की सुक्खू की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार युद्धस्तर पर बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए कार्य कर रही है, लेकिन कुछेक राजनीतिक लोगों को अनाप शनाप ब्यानबाजी करने में लगे हुए हैं। कुल्लू के मलाणा, बागीपुल, समेज, तोष, मलाणा पावर हाउस के पास बादल फटने से अधिक नुकसान हुआ है, जैसे ही सरकार व जिला प्रशासन को घटना की सूचना मिली, तो प्रशासन समय पर मौके पर पहुंच गया और बचाव कार्य शुरू कर दिया। मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया, जो सराहनीय कार्य है, लेकिन सांसद का यह कहना गलत है कि केंद्र सरकार मदद करना चाहती है, लेकिन प्रदेश की सुक्खू सरकार पैसे का दुरुपयोग कर रही है। केंद्र से जो 1800 करोड़ मिले थे, उसमें सारा पैसा आपदा के लिए नहीं था, उसमें कुछ राशि हिमाचल को ऐसी भी मिलनी थी, जैसे और राज्यों को मिलती है। मंडी की सांसद प्रदेश सरकार पर जो आरोप लगा रही है, उसका प्रमाण दें अन्यथा कांग्रेस कंगना रनौत का घेराव करेगी।

# एसडीएम उदयपुर की टीम ने अवैध खनन पर की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, उदयपुर**



लाहौल-स्पीति के उदयपुर में एसडीएम उदयपुर की टीम ने अवैध खनन माफिया पर शिकंजा कसा है। एसडीएम उदयपुर की अध्यक्षता में गठित उपमंडल स्तरीय कमेटी की ओर से वीरवार को अवैध खनन संबंधित स्थानों का औचक निरिक्षण किया गया और खनन माफिया पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई।

एसडीएम उदयपुर केशव राम ने बताया कि उनके नेतृत्व में वीरवार को टीम ने तीन जगह निरीक्षण किया, जिनमें एक जगह स्टोन क्रशर मान्य दस्तावेज नहीं होने पर कार्रवाई अमल में लाई गई है। निरीक्षण के दौरान तांदी संसारी रोड पर दरेड़ नामक स्थान पर सड़क मार्ग के साथ खुदाई पाई गई, जिस पर वन परिक्षेत्र अधिकारी ने अवगत करवाया कि उनके विभाग द्वारा उस स्थान का डीआर काटा गया है। निरीक्षण के दौरान खनन संबंधी कोई भी गतिविधि नहीं पाई गई। वहीं, उसके बाद थोड़ी दूरी पर भी समिति ने निरिक्षण किया, वहां पर रेत का खनन होने की संभावना पाई गई, लेकिन वन परिक्षेत्र उदयपुर ने अवगत करवाया कि उस स्थल का भी डीआर काटा गया है। औचक निरिक्षण के दौरान भीमबाग स्थित सप्तधारा स्टोन क्रेशर के पास मान्य दस्तावेज न पाए जाने पर मौके पर स्टोन क्रेशर के परिसर में पाए गए जनरेटर को सीज किया गया। इस तरह से अवैध खनन करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

# होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## पुलिस टीम ने होटल में की रेड, 10 युवतियां की रेस्क्यू, होटल मैनेजर सहित दो नेपाली मूल की महिलाएं गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



पुलिस टीम एसएचओ महिला पुलिस थाना कुल्लू के नेतृत्व में कार्रवाई के दौरान।

कुल्लू के भुंतर में पुलिस ने एक सेक्स रैकेट पर्दाफाश किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार भुंतर स्थित मणिकर्ण चौक के समीप एक निजी होटल में देह व्यापार का धंधा चल रहा था।

देह व्यापार के इस धंधे की शिकायत मिलने पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए होटल में दबिश दी, जिसमें पुलिस ने होटल से आठ युवतियों को रेस्क्यू किया, जबकि दो महिलाएं होटल के कमरे में दो ग्राहकों के साथ पकड़ी, जिनके बयान दर्ज किए गए हैं। मामले में देर रात तक कार्रवाई चलती रही। देह व्यापार के इस धंधे में दो नेपाली महिलाएं अंजाम दे रही थी। पुलिस ने वेश्यावृत्ति करवाने के आरोप में होटल के मैनेजर और दो अन्य नेपाली महिलाओं पर मामला दर्ज किया है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मणिकर्ण चौक के पास एक होटल में लंबे समय से देह व्यापार का कारोबार किया जा रहा है, जिसमें नेपाल से लाई गई लड़कियों को शामिल किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और होटल कमरे में दो युवतियों के साथ दो ग्राहकों को भी पकड़ा है। इसके अलावा आठ अन्य युवतियां भी एक अलग कमरे में रखी गई थी। पुलिस की टीम ने इन सभी युवतियों को रेस्क्यू कर लिया है और इनके बयान भी कलमबद्ध किए गए हैं, जब इन नेपाली मूल की युवतियों से पूछताछ की गई, तो पता चला कि होटल का मैनेजर और नेपाली मूल की दो महिलाएं ही उनसे जबरदस्ती ये काम करवा रही थी। पुलिस टीम ने होटल के मैनेजर और दो नेपाली मूल की अन्य महिलाओं के खिलाफ वेश्यावृत्ति करवाने का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी ने बताया कि महिला थाना कुल्लू में अनैतिक व्यापार ( रोकथाम) अधिनियम की धारा 3,4,7 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। होटल की आड़ में इस तरह के अनैतिक कार्य को अंजाम देने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। आगामी समय में अन्य होटलों में भी पुलिस द्वारा इस तरह की कारवाई की जाएगी। इस तरह से वेश्यावृत्ति में युवतियों को धकेलने वालों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### कारोबारियों में हड़कंप

पुलिस के अनुसार भुंतर और कुल्लू के कुछ अन्य होटल भी हैं, इनको लेकर ऐसी शिकायतें आ रही हैं। मनाली में इस तरह की कार्रवाई पहले भी हुई है और नौकरी का झांसा देकर लाई गई लड़कियों को वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेला गया था, बाद में पुलिस ने उन्हें रेस्क्यू किया। अब भुंतर में हुई कार्रवाई से होटल कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति है।

# बैली ब्रिज का सामान ड्रोपा पहुंचाना हुआ मुश्किल

**जितेंद गुप्ता, आनी**



31 जुलाई की रात को श्रीखंड की पहाड़ियों पर बादल फटने से कुर्पन खड्ड में आई बाढ़ में बागीपुल से लेकर कोयल बायल तक बेहद नुकसान हुआ है।

इसी बाढ़ में निथर-कोयल-बायल होकर रामपुर जाने वाली सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जबकि ड्रोपा में कुर्पन खड्ड पर बना पुल भी बह गया है, जिससे उपतहसील निथर की निथर, गड़ेज, देहरा, दूरा, शिल्ली, कुठेड़, दलाश, पलेही आदि 10 से ज्यादा पंचायतों के ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फलस्वरूप इन दिनों क्षेत्र के लोगों को आरपार जाने के लिए वैकल्पिक झूला पुल लगाया है, जिस पर होकर लोग जान जोखिम में डालकर आरपार हो रहे हैं। वहीं, 2 अगस्त को बागीपुल में जायजा लेने आए प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बागीपुल, ड्रोपा में बैली ब्रिज लगाने का वादा किया था, जिसे त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरा भी किया जा रहा है। बागीपुल में कुर्पन खड्ड पर बैली ब्रिज का कार्य युद्धस्तर पर चला है, जबकि ड्रोपा में बैली ब्रिज का निर्माण करने के लिए पुल का सामान पहुंच भी गया है, लेकिन एनएच-5 से कोयल बायल को जोड़ने वाले दत्तनगर पुल के पास कोयल बायल सड़क जलमग्न हो चुकी है। सतलुज का सारा बहाव सड़क पर है और सड़क का नामोनिशान मिट चुका है। प्रधान दारा सिंह का कहना है कि ड्रोपा में कुर्पन खड्ड पर लगाया गया झूला पुल बच्चों, बुजुर्गों के लिए जोखिम भरा है, ऐसे में मांग है कि जल्द बैली ब्रिज का निर्माण किया जाए, जिसके लिए सबसे पहले जलमग्न सड़क का निर्माण होना जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

### आज से शुरू किया जाएगा काम

वहीं एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने कहा कि ड्रोपा में पुल बह गया है, जिसके निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने के विभाग को निर्देश दिए गए हैं, जबकि लोक निर्माण विभाग के ब्रो सबडिवीजन के सहायक अभियंता उदय कौशल का कहना है कि जलमग्न सड़क की भराई करने का काम शुक्रवार से शुरू कर दिया जाएगा और वैली ब्रिज का सामान निर्माण स्थल तक पहुंचाया जाएगा, जिसके तुरंत बाद ही पुल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# पर्यटन नगरी मनाली में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज



मनाली में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज करते नगर परिषद के अध्यक्ष चमन कपूर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से ‘एक पेड़ मां के नाम’ लगाने के आह्वान पर मनाली में भी इस अभियान की शुरुआत हुई। नगर परिषद के अध्यक्ष चमन कपूर ने वन विहार से पौधरोपण की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने अपनी माता के नाम पर एक पेड़ लगाया।

उनके साथ आए नगर परिषद के पार्षदों सहित कर्मियों, महिला मंडलों व युवक मंडलों ने भी वन विभाग के वन रक्षक की देखरेख में अपनी माता के नाम एक एक पौधा लगाया। सभी ने लगभग 101 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चमन कपूर ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। प्रत्येक बच्चा इन पौधों को सहेज कर रखेगा, ताकि जब वो बड़े होंगे, तो उनको देखकर गौरवान्वित महसूस करेंगे। मनाली वासियों से पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने की अपील की। एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से लोगों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। इसमें सभी लोगों को शामिल करने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौधरोपण हो सकेगा। पीएम ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस खास अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान का नाम-एक पेड़ मां के नाम है इस अभियान के तहत पीएम मोदी ने भी एक पेड़ मां के नाम पर लगाया है।

# राशिका बनी खेतान एंड कंपनी लॉ फर्म में एसोसिएट लॉयर

**मनाली।** मनाली के नसोगी गांव की राशिका बौद्ध देश की नामी खेतान एंड कंपनी लॉ फर्म में एसोसिएट लॉयर बन गई है। उसे कंपनी से 22.50 लाख के सालाना पैकेज मिला है। बेटी की कामयाबी पर मनाली में खुशी की लहर है। पत्रकार एवं बागवान कमलेश बौद्ध और वीना बौद्ध को अपनी बेटी की सफलता पर नाज है। देश की नामी कंपनियों ने हाल ही में हैदराबाद की नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ में जॉब प्लेसमेंट के अंतर्गत अंतिम वर्ष के लॉ स्टूडेंट्स के साक्षात्कार लिए थे। इस साक्षात्कार मे कॉलेज कोर्स के दौरान उनकी उपलब्धिया भी देखी गई।

# जीवन में कामयाबी के लिए कड़ी मेहनत करें : डॉ. मनदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में वीरवार को स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने कहा कि जीवन में कामयाबी के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है।

असफलता से कभी निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि असफलता ही सफलता के द्वार खोलती है। आईक्यूएसी के तत्वाधान में आयोजित कार्यकम के दौरान प्राचार्य ने छात्रों को कॉलेज परिसर में हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करवाने का वादा किया तथा वर्तमान में उपलब्ध सुविधाओं जैसे पुस्तकालय, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस आदि का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। छात्रों को प्रेरित करने के लिए मशहूर खिलाड़ी कपिल देव और अभिनेता अजय देवगन के जीवन से जुड़े प्रेरणा प्रसंगों को सुनाया। छात्रों को भेड़चाल से बचने तथा अपने विवेक से निर्णय लेने की अपील की। प्राचार्य मनदीप ने नशा व ग्लेमर से बचाव के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद कॉलेज के प्राध्यापकों और कर्मचारियों से स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों से परिचय करवाया गया।

### पीटीए की आमसभा कल

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में शनिवार को पीटीए की आमसभा का आयोजन किया गया है। इस दौरान शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. मनदीप ने आमसभा में अधिक से अधिक अभिभावकों से उपस्थित होने की अपील की है।

**बैठक** जिला भाजपा पदाधिकारियों की बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में संपन्न

# भाजपा ने भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रखी रूपरेखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला भाजपा की बैठक के दौरान चर्चा करते हुए भाजपा पदाधिकारी।

जिला भाजपा पदाधिकारियों की बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में कुल्लू के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर, बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी व पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष भीमसेन शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की विस्तार से रूपरेखा रखी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आने वाले कार्यों को पूर्ण करने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक में बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि संगठन के कार्यों को करने के लिए सभी पदाधिकारियों को तत्परता से आगे आना चाहिए।

देश के प्रधानमंत्री मोदी के दिशा-निर्देशों पर एक पेड़ मां के नाम अभियान में आने वाले दिनों में तेजी लाई जाएगी। जिले के चारों मंडलों में इस कार्य की पूर्ति के लिए बैठकों का आयोजन कर लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है। इसी तर्ज पर हर घर तिरंगा अभियान, विभाजन विभीषिका दिवस आदि कार्यक्रमों में भी तत्परता लाई जाएगी। इन कार्यक्रमों के लिए जिले के प्रमुख पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में आने वाले अन्य कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अमर ठाकुर द्वारा किया गया। बैठक में प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य अर्चना ठाकुर, राहुल सोलंकी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण विमल, सुभाष शर्मा, रेखा गोलेरिया, जिला भाजपा प्रवक्ता रुक्मणि जोशी, सौरभ भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी श्याम कुल्वी, चेतना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ईको टूरिज्म सोसायटी के अध्यक्ष बने कलजंग

**मनाली।** कलजंग ठाकुर को लाहौल-स्पीति ईको टूरिजम सोसायटी का अध्यक्ष बनाया गया है। लाहौल-स्पीति ईको टूरिज्म सोसायटी का सर्व सम्मति से गठन किया गया। तेंजिन को उपाध्यक्ष, जबकि सोनम टशी को महासचिव तथा दीपक बोध को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

ईको टूरिज्म सोसायटी अपने बलबूते लाहौल-स्पीति में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दे रही है। कलजंग ने कहा कि प्राकृतिक वातावरण को संरक्षित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे। सोसायटी के युवा लाहौल-स्पीति ही नहीं समस्त प्रदेश के लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने में जुटी हुए हैं। रैली व स्वच्छता अभियान भी समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। सदस्यों ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। सभी सदस्यों के सहयोग से सोसायटी को मजबूती प्रदान की जाएगी।



# मेयर चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा ने शुरू की लॉबिंग

## ओपन वोटिंग से बढ़ेगी कांग्रेस पार्षदों की मुश्किलें, मेयर चुनाव को लेकर प्रशासन जल्द जारी करेगा अधिसूचना

**आर मोहन चौहान, सोलन**

दो महीने से लंबित नगर निगम सोलन के मेयर चुनाव को लेकर प्रशासन जल्द अधिसूचना जारी कर सकता है। डीसी ने इस बाबत एडीसी को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

इसको लेकर अब कांग्रेस और भाजपा ने लॉबिंग शुरू कर दी है। पूर्व में हुए मेयर चुनाव में अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ चुकी कांग्रेस की पार्षद उषा शर्मा और उनका समर्थन करने वाली पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर की सदस्यता दल-बदल कानून के तहत रद्द हो चुकी है। ऐसे में गुटों बंटे कांग्रेस के पार्षदों को फिर से एक जुट करना पार्टी के आला नेताओं के लिए चुनौती बन चुका है। इसी बीच भाजपा की नजर अब मेयर पद पर है। भाजपा कांग्रेस की गुटबाजी का फायदा उठाना चाहेगी। इसको लेकर भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सोलन में डेरा डाल दिया है। भाजपा की रणनीति को भांपते हुए कांग्रेस ने भी बड़ी तैयारी की है। भविष्य में निकाय चुनाव में दल-बदल जैसे हालात न बने, इसके लिए कांग्रेस सरकार ओपन वोटिंग का नियम ला सकती है। इससे बागी पार्षदों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। ओपन वोटिंग के प्रावधान से पार्षदों ने किसे वोट डाला यह कांग्रेस किसी भी हाल में मेयर अपना चाहती है। हालांकि यदि अंदर खाते सरदार सिंह के नाम सहमति नहीं बनी तो वार्ड-4 संगीता, वार्ड -15 से संतोष और वार्ड-11 से अभय शर्मा का नाम भी आगे आ सकता है। (अनंत ज्ञान)


नगर निगम सोलन का कार्यालय।

### सहमति न होने से हो रही देरी

एमसी एक्ट के मुताबिक एक माह के भीतर मेयर का चुनाव करना अनिवार्य है, लेकिन दो महीने बीत जाने के बावजूद कांग्रेसी पार्षदों की सहमति न बनना और दोनों प्रमुख दलों में नंबर गेम की चुनौती मेयर पद की कुर्सी तक पहुंचने में बाधा बनी है। प्रशासन के लिए भी चुनाव टालना आफत से कम नहीं है। यही कारण है कि डीसी ने अब प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दे दिए हैं। उधर, सरकार के साथ कांग्रेस ने मेयर का चुनाव जीतने के लिए अपने सात पार्षदों में सहमति बनाने पर जोर दे दिया है।

### पार्षदों की संख्या रह गई 14

**नगर** निगम में अब 17 में से कांग्रेस व भाजपा पार्षदों के अलावा एक आजाद पार्षद सहित कुछ सदस्यों की संख्या 14 रह गई है। इस समय कार्यकारी मेयर के पद पर भाजपा पार्षद मीरा आनंद काबिज हैं। कांग्रेस अब तीनों रिक्त सीटें जीतने की तैयारी कर रही है। वार्ड- 8 और वार्ड-12 में अयोग्य घोषित किए पार्षद पूनम ग्रोवर व उषा शर्मा का काफी प्रभाव माना जाता है। ऐसे में कांग्रेस के लिए यह सीटें जीतना बड़ी चुनौती होगी, जबकि इन वार्डों में भाजपा की स्थिति भी बेहतर दिखाई दे रही है। वार्ड-5 में तो कांग्रेस पिछले काफी समय से चुनाव नहीं जीत पाई है। ऐसे में पांच नंबर वार्ड में भी कांग्रेस को मजबूत उम्मीदवार की तलाश है। एक निर्दलीय पार्षद सहित भाजपा पार्षदों की संख्या भी 7 है। ऐसे में विधायक के वोट से कांग्रेस के वोटों की संख्या 8 तक पहुंच रही है पर इसमें सबसे बड़ी बाधा गुटबाजी है।

### वार्डों में उपचुनाव की तिथि अभी तय नहीं

मेयर चुनाव के अलावा 3 वार्डों में उपचुनाव होने हैं। वार्ड-5 में पार्षद के निधन के बाद चुनाव होना है। उषा वार्ड-12 से जबकि पूनम वार्ड-8 से चुनाव जीती थी। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही इन तीन वार्डों में चुनाव की तैयारी में लगे हैं, लेकिन अब पार्षद के चुनाव से पहले मेयर पद के लिए चुनाव होने की कवायद शुरू हो गई है। हालांकि अभी उपचुनाव को लेकर तिथि घोषित नहीं हुई है, लेकिन अगले 15 दिन में चुनाव होने की संभावना है। नगर निगम में साढ़े तीन साल पहले कांग्रेस बहुमत से सत्तासीन हुई थी, लेकिन डेढ़ साल बाद तत्कालीन मेयर पूनम ग्रोवर व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा के खिलाफ पार्टी में बगावत हो गई। पार्टी के ही चार पार्षद भाजपा के साथ मिलकर दोनों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए। हालांकि यह प्रस्ताव संख्या बल पूरा न होने की वजह से सिरे नहीं चढ़ पाया, लेकिन नगर निगम में कांग्रेस के पार्षदों के बीच फूट पड़ गई। इससे कांग्रेस में मेयर व डिप्टी मेयर को लेकर जंग शुरू हो गई। पूनम ग्रोवर और राजीव कौड़ा ने अपने पदों पर अढ़ाई साल तक काम किया, लेकिन दूसरे कार्यकाल के लिए हुए चुनाव में पिछले साल सात दिसंबर को कांग्रेस में पॉलीटिकल ड्रामा हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### यूथ ईको क्लब ने जमटा में किया पौधरोपण




**नाहन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जमटा में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय की एनएसएस इकाई एवं यूथ ईको क्लब के बच्चों ने जमटा वन परिक्षेत्र की नावनी बीट के सतना वन क्षेत्र में आंवला, पीपल, बान, दरेक, बरगद, देवदार, अर्जुन आदि के वृक्ष लगाए। स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश शर्मा ने बताया कि पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि प्रतिवर्ष अपने घर और आसपास के क्षेत्र में एक बार पौधरोपण अवश्य करें।

### छबाणा में 50 पौधों का किया गया रोपण



**अर्की।** हिमाचल प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वन परिक्षेत्र अर्की के अंतर्गत बातल के नजदीक छबाणा में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अर्की न्यायालय की सिविल जज इशानी शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहीं। इस मौके पर एडवोकेट भीम सिंह ठाकुर ने बताया कि सिविल जज अर्की इशानी शर्मा ने सबसे पहले हरड़ का पौधा लगाकर पौधरोपण का शुभारंभ किया। इसके पश्चात उनके साथ आए अधिवक्ताओं व विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस दौरान सिविल जज इशानी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को जलवायु में हो रहे बदलाव के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने सभी से पौधरोपण व उनके संरक्षण की भी अपील की। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अर्की के अध्यक्ष जोगिंद्र ठाकुर ने कहा कि हमें आज वनों के संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता है। वन महोत्सव में बेहड़ा, आंवला, झड़ीनू, दाड़ु आदि प्रजातियों के 50 पौधों का रोपण किया गया।

### हिंदू आश्रम नाहन में हुआ अग्र महिला मिलन समारोह



**नाहन।** हरियाली तीज पर अग्रवाल समाज से जुड़ी महिलाओं में अग्र महिला मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिला अग्रवाल समाज की महासचिव निशा अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल समाज से जुड़ी महिलाओं द्वारा हरियाली तीज पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अग्र समाज से जुड़ी महिलाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए ग्रुप डांस और मॉडलिंग का भी आयोजन किया गया, जिसमें 50 वर्ष से कम आयु और 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए तीज क्वीन चुनी गईं। विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता महिलाओं को पुरस्कार भी दिए। आज के दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं।

### प्रशिक्षुओं को टूल किट्स का किया वितरण



**दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट में एसएमओ ट्रेड सिलाई मशीन ऑपरेटर के प्रशिक्षुओं को टूल किट्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर कमलेश मृदुल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि कपिल ने प्रशिक्षुओं को उनके भविष्य में अपने सपने को पूरा करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप रोजगार के काबिल तो जरूर बनें पर इतने काबिल बनें कि आप किसी और को भी रोजगार दे सकें। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंबुजा आईटीआई राजेश शर्मा व एसएमओ ट्रेनर नंद लाल वर्मा ने भी प्रशिक्षुओं को उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### शिक्षण अधिगम सामग्री की लगाई प्रदर्शनी



**अर्की।** पीएम उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी में शिक्षण सप्ताह-2024 के तहत प्रथम दिवस में शिक्षण अधिगम दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेम कृष्ण शास्त्री द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अमिता कौशल द्वारा शिक्षण कार्य को सरल बनाने में शिक्षण अधिगम सामग्री के अधिक से अधिक उपयोग पर बल दिया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा छठी से जमा दो तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित शिक्षण अधिगम सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में पल्लवी, जगदेव मोहित और हिमांशी द्वारा बनाई गई टीएलएम सबसे उत्कृष्ट रही। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### स्वास्थ्य अभियान के तहत छह शिविर लगाए जाएंगे

**नाहन।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अजय पाठक ने बताया कि विभाग की ओर से जिला सिरमौर में एकीकृत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सिरमौर के विभिन्न स्थानों में छह शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के आरंभ में अगस्त माह में जिले में तीन स्थानों पर निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जांच शिविर 12 अगस्त को धौलाकुआं में, 17 को गौंदपूर में तथा कालाआंब में 23 को लगाया जाएगा। इन शिविरों में यौन संचारित रोग, एचआईवी, मधुमेह, हेपेटाइटिस-सी, हेपेटाइटिस-बी, क्षय रोग, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप आदि रोगों की जांच की जाएगी व इनका निशुल्क उपचार किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए संभावित लोगों को एनजीओ के माध्यम से उनके घरों से लाकर शिविर में उनकी जांच व उपचार किया जाएगा। ऐसे लोग जिनको पता है कि कभी हमने असुरक्षित यौन संबंध बनाए हैं और जो लोग नशे के लिए एक ही इंजेक्शन का इस्तेमाल करते हैं वह ईसीटीसी सेंटर में आकर अपने खून की जांच अवश्य करवाएं, अगर उनको एचआईवी यौन संचारित रोग है, तो उसका इलाज समय पर शुरू करने पर वह एक स्वस्थ जीवन जी सकता है।

### फूलों की व्यावसायिक खेती की दी जानकारी

**सोलन।** उद्यान विभाग के आदर्श पुष्पोत्पादन केंद्र महोग बाग चायल में व्यावसायिक पुष्प उत्पादन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के समापन समारोह की मुख्यातिथि उपनिदेशक (बागवानी) सोलन डॉ. शिवानी ने किसानों को फूलों की खेती अपनाकर अपनी आर्थिकी में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित किया। आदर्श पुष्प केंद्र महोग बाग चायल के प्रभारी डॉ. प्रदीप हिमराल ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को फूलों की व्यावसायिक खेती की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट के पांच वैज्ञानिक डॉ. राजेश ठाकुर, डॉ. सीमा ठाकुर, डॉ. आरती शुक्ला, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. मीरा और क्षेत्रीय बागवानी केंद्र मशोबरा से रेशमा नेगी ने अपने-अपने विषयों में जानकारी दी। आदर्श पुष्प केंद्र महोग बाग की एचडीओ डॉ. राज कुमारी नेगी ने किसानों को फूलों की खेती में होने वाले विभिन्न क्रियाकलापों की व्यवहारिक जानकारी दी। डॉ. आस्था ने विभाग की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### ओच्छघाट में शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ

**सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ओच्छघाट में शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य पुनीत कौशल की अध्यक्षता में किया गया। शिक्षा सप्ताह आठ से 17 अगस्त तक चलेगा। इस कार्यक्रम के पहले दिन टीएलएम के बारे में बच्चों को पूर्ण जानकारी दी गई। विज्ञान अध्यापिका मीनू चौहान और कला अध्यापिका संतोष कुमारी ने बच्चों के साथ मिलकर विषयों से संबंधित टीएलएम बनाए और विषयों के प्रति बच्चों की रुचि जगाने के लिए टीएलएम के महत्व को भी बताया।

### हिंदुओं पर किया जा रहा अत्याचार निंदनीय : ज्योति

**रिकांगपिओ।** बांग्लादेश में जो हिंसक घटनाएं हो रही हैं और वहां रहने वाले निर्दोष अल्पसंख्यकों के ऊपर जो अत्याचार किए जा रहे हैं उसकी किन्नौर भाजपा कड़ी निंदा करती है। भाजपा जिला प्रवक्ता दीप ज्योति ने कहा कि को हिंदू बांग्लादेश में दशकों से रहते हैं, जिन्होंने बांग्लादेश को अपना घर माना है तथा बांग्लादेश के विकास, उन्नति तथा खुशहाली के लिए बिना भेदभाव के कंधे से कंधा मिलाकर काम किया आज वहीं हिंदू एक ऐसी इस्लामिक विचारधारा का शिकार हो रहे हैं।

### राजीव शर्मा का निधन, अर्की में शोक की लहर

**अर्की।** व्यापार मंडल अर्की के सदस्य और युवा कारोबारी राजीव शर्मा का शिमला के आईजीएमसी में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व उनकी अचानक तबीयत बिगड़ने पर शिमला के आईजीएमसी में भर्ती करवाया गया था, जहां उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ और उन्होंने वीरवार सुबह अंतिम सांस ली।

## प्रदेश के विकास में सेवानिवृत्त कर्मियों का अहम योगदान : डॉ. धनीराम शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश के विकास में सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा वरिष्ठ नागरिकों का अहम योगदान है।

प्रदेश सरकार सदैव सेवानिवृत्त, सेवारत कर्मियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की ऋणी रहेगी। डॉ. शांडिल ने सोलन की पंचायत सायरी में पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सायरी के 19वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश के विकास में सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका अहम रही है।


पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सायरी के सदस्य मुख्यातिथि मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल को सम्मानित करते हुए।

हमारे वरिष्ठ नागरिकों एवं सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने जीवन का स्वर्णिम समय प्रदेश के विकास को दिया है। सेवानिवृत्त कर्मी एवं वरिष्ठ नागरिकों के पास अनुभव की धरोहर है और सभी को उनके अनुभव से लाभ उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री सुक्खू के ऊर्जावान नेतृत्व में वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में ही पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर लाखों कर्मचारियों को उनका अधिकार दिया है और वरिष्ठ जन सम्मानपूर्वक जीने के अधिकार की रक्षा की है। ओपीएस बहाली के निर्णय से कर्मचारियों और उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित हुआ है।

## उफनते हुए नदी नालों को पार न करें

**नाहन।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिलाधीश सिरमौर सुमित खिमता ने आगामी चार दिनों में बहुत भारी वर्षा, आंधी चलने और बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए आम जनमानस से कहा कि नदी-नालों विशेषकर उफनते हुए नदी, नालों को पार न करें। बारिश के कारण सभी नदी-नालों में पानी का बहाव तेज हो जाता है, जिससे किसी भी व्यक्ति की जान को खतरा हो सकता है।

भारी बारिश के कारण गिरि नदी, यमुना नदी, टोंस नदी, जलाल नदी, मारकंडा नदी के अलावा अन्य खड्डों, नालों में पानी का जलस्तर बढ़ सकता है। भू-स्खलन संभावित क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा करने से बचे। नदी-नालों के पास न जाएं और पहाड़ी वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें, बिना किसी कारण ऐसे क्षेत्रों में यात्रा न करें व किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाएं।

## एकमुश्त किया जाए एरियर और महंगाई भत्ते की राशि का भुगतान



सेवानिवृत्त पुलिस पेंशनर्स कल्याण संगठन सिरमौर की मासिक बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब के विश्राम गृह में हिमाचल प्रदेश सेवानिवृत्त पुलिस पेंशनर्स कल्याण संगठन जिला सिरमौर की मासिक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ठाकुर ने की।

इस बैठक के बाद अध्यक्ष प्रदीप ने बताया कि सरकार से कुछ मांगें हैं, जिनको लेकर चर्चा की गई। सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग के अनुसार देय वेतन एरियर, अर्जित अवकाश, कंयूटेशन तथा महंगाई भत्ते के एरियर की राशि का भुगतान एकमुश्त करने की प्रदेश सरकार से मांग की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 15 तारीख तक एरियर के एकमुश्त भुगतान न करने की सूरत में राज्य के अन्य जिलों के सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी संगठनों एवं अन्य विभागों के सेवानिवृत्त संगठनों से समन्वय स्थापित कर सरकार के विरुद्ध राज्यस्तर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसका उन्होंने ऐलान कर दिया है फिर भी यदि सरकार उनकी मांग पूरी नहीं करती, तो सेवानिवृत्त कर्मचारी न्यायालय में याचिका दायर करने की कार्रवाई करेंगे।

## सिरमौर में राजनीतिक द्वेष के कारण सत्र के बीच ही किए जा रहे शिक्षकों के तबादले : मेलाराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के उस बयान को हास्यास्पद और कागजी बताया है, जिसमें उन्होंने शिक्षकों के तबादले विभागीय रिकमेंडेशन पर बिना राजनीतिक हस्तक्षेप के शैक्षणिक सत्र के पश्चात ही करने की बात कही।



उन्होंने बताया कि एक तरफ तो शिक्षा मंत्री राज्य सरकार के इस कागजी निर्णय की डींगें हांक रहे हैं और दूसरी तरफ रेणुका के विधायक एवं विधानसभा उपाध्यक्ष विनय शिक्षा मंत्री के बयान को ठेंगा दिखा कर अपने चुनाव क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों से अध्यापकों के तबादले राजनीतिक द्वेष के कारण सत्र के बीच में ही धड़ाधड़ करवा रहे हैं। शिक्षा मंत्री के इस खोखले बयान की विधानसभा उपाध्यक्ष सुक्खू से मिलकर धज्जियां उड़ा रहे हैं और रेणुका के अधिकतर स्कूल अध्यापकों के लगातार तबादलों के कारण खाली हो गए हैं। जिला प्रवक्ता ने रेणुका के विधायक विनय कुमार के अपने ही वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रजाना का हवाला देते हुए बताया कि वहां 30 में से पहले ही शिक्षकों के 18 पद खाली हैं। उन्होंने इसी साल रजाना से पांच अध्यापकों और एक क्लर्क का तबादला कर अपने ही बच्चों के साथ घिनौना खिलवाड़ किया है।

## नालागढ़ के पुराने पशु फाटक वाले स्थल पर बनेगा मिनी शॉपिंग कांप्लेक्स

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ शहर के पुराने पशु फाटक वाले स्थल में परिषद दुकानों का निर्माण करेगी, जहां बेरोजगार युवा अपना रोजगार आरंभ कर सकेंगे। परिषद की ओर से करीब 24 दुकानों के निर्माण की योजना बनाई है। इस प्राजेक्ट का परिषद ने एस्टीमेट भी तैयार कर लिया है और इस पर करीब 1 करोड़ 10 लाख की धन राशि खर्च होगी।

परिषद ने इस स्थल पर दुकानों के निर्माण के लिए स्ट्रक्चर का डिजाइन भी तैयार कर लिया है। नप के मुताबिक इस स्थल पर ट्रिपल स्टोरी मार्केट का निर्माण होगा, जिसमें 10 बाई 8 की करीब दो दर्जन दुकानें निर्मित की जाएंगी। इसके साथ वाशरूम व दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। परिषद द्वारा युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से पुराने पशु फाटक वाली जगह पर इन्हें स्थान देने की योजना बनाई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 1952 की नगर परिषद नालागढ़ ने स्वरोजगार चलाने व परिषद की आय में इजाफा करने के लिए शहर के गुगा माड़ी चौक के समीप बंद पड़े पुराने पशु फाटक स्थल पर बूथ बनाने की योजना बनाई है। परिषद की योजना के अनुसार परिषद के बनने वाले शॉपिंग कांप्लेक्स के समीप पशु फाटक वाले स्थल को इसके लिए चिन्हित किया गया है, जहां परिषद की ओर से 24 दुकानों का निर्माण करेगी। परिषद के मुताबिक इस स्थल पर 10 बाई 8 की दुकानों का निर्माण होगा।

### एक करोड़ 10 लाख की धनराशि होगी खर्च

नगर परिषद अध्यक्ष अलका वर्मा ने कहा कि पशु फाटक वाले स्थल पर 10 बाई 8 की करीब 24 दुकानों का निर्माण होगा। पहले चरण में आठ दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ वाशरूम व दो पहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिसका स्ट्रक्चर का डिजाइन तैयार कर लिया गया है। इस योजना पर 1 करोड़ 10 की धनराशि खर्च होगी, जिसके टेंडर जल्द लगाए जा रहे हैं।

## 12 से शुरू होंगे स्वास्थ्य जांच शिविर

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोनम नेगी ने कहा कि किन्नौर के निचार उपमंडल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचार में 12 अगस्त से एकीकृत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर एवं सघन अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ डीसी डॉ. अमित कुमार शर्मा द्वारा किया जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सौजन्य से आरंभ होने वाले इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि किन्नौर के लोगों को उनके घर-द्वार के निकट बेहतर उपचार उपलब्ध हो सके।

## संजय अवस्थी 9 व 11 को अर्की प्रवास पर

**सोलन।** मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी 9 तथा 11 अगस्त को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। संजय अवस्थी 9 को प्रात: 11.15 बजे कुनिहार स्कूल में आयोजित होने वाले अलंकार महोत्सव में मुख्यातिथि होंगे। मुख्य संसदीय सचिव 11 को प्रात: 11.15 बजे अर्की स्कूल में आयोजित होने वाली 14 वर्ष से कम आयुवर्ग की जोनल प्रतियोगिता की अध्यक्षता करेंगे। इसी दिन सायं तीन से पांच बजे तक पंचायत पलानिया के कोठी जमोगी में जनसमस्याएं सुनेंगे।

## कसौली होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने वेद गर्ग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पर्यटन के उद्देश्य और कसौली क्षेत्र के कुछ ज्वलंत मुद्दों को लेकर कसौली होटलियर संघ की बैठक आयोजित की गई।



एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष इन ज्वलंत मुद्दों पर प्रदेश को एक पर्यटन राज्य के रूप में बढ़ावा देने के उनके दृष्टिकोण के लिए एक प्रतिनिधित्व करेगी। बैठक में चुनाव कराने का फैसला किया गया, जिसमें वेद गर्ग को अध्यक्ष और गौरव भारद्वाज वरिष्ठ उपाध्यक्ष को चुना गया। महेंद्र जैन और रोमी गिल को उपाध्यक्ष, यशपाल को महासचिव, अजय गर्ग, महेश बाल्यान, मुनींद्र ठाकुर और नरेंद्र शर्मा और राजेश चौधरी को संयुक्त सचिव, आलोक मित्तल और सुनीता को कोषाध्यक्ष के अलावा सकलानी, सुभाष चौहान, संजय बख्शी, राज कुमार गर्ग, घनश्याम गर्ग, सिद्धू, बराड़, आशीष शर्मा, विनीत शर्मा, विजय को कार्यकारी सदस्य चुना गया है।

## चिकित्सा बिलों के भुगतान करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, अर्की**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर फेडरेशन की मासिक बैठक खंड प्रधान मदनलाल गर्ग की अध्यक्षता में सामुदायिक भवन अर्की में हुई।

प्रेस सचिव रोशन लाल वर्मा ने बताया कि बैठक में जयराम शर्मा की अचानक मृत्यु पर व हिमाचल प्रदेश में कई जिलों में हुई भारी वर्षा के कारण जान गवाने वाले लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। जिले में चल रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने हाल ही में ही अभी


हिमाचल प्रदेश पेंशनर फेडरेशन अर्की इकाई की मासिक बैठक में पहुंचे सदस्य।

सभी पेंशनर्स को हिमकेयर सुविधा से वंचित (निकल) कर दिया है अत: सरकार से अनुरोध किया कि वर्षों से रुके चिकित्सा बिलों को बजट का प्रबंध कर उनका भुगतान शीघ्र करवाया जाए। पेंशनर्स की पंजाब स्केल की बकाया राशि व महंगाई भत्ते की 12 प्रतिशत किस्तों को भी 15 अगस्त पर देने की कृपा करें तथा 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को उनकी देय बकाया राशी भी एक मुश्त दी जाए, ताकि इस मंहगाई के समय पेंशनर कुछ राहत पा सके।

**समीक्षा** हिमाचल ऑनलाइन सेवा पोर्टल की त्रैमासिक बैठक डीसी की अध्यक्षता में आयोजित

## ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर 78082 आवेदन हुए प्राप्त

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डिजिटल टेक्नोलॉजी और गवर्नेंस विभाग की ओर से हिमाचल ऑनलाइन सेवा पोर्टल (ई-डिस्ट्रिक्ट) की त्रैमासिक बैठक डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में पब्लिक सर्विस गारंटी अधिनियम के तहत लंबित मामलों की समीक्षा की गई। मनमोहन शर्मा ने कहा कि ई-सेवाओं के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान और शीघ्र सेवा प्रदान करना सुनिश्चित बनाया जा रहा है। हिमाचल ऑनलाइन सेवा पोर्टल पर नागरिकों के सेवा संबंधी आवेदनों को समय पर निपटाना संबंधित विभागों का कर्तव्य है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि इस दिशा में त्वरित कार्रवाई अमल में लाएं और लंबित मामलों को शीघ्र निपटाएं। बैठक में हिमाचल ऑनलाइन सेवा पोर्टल पर प्रदान की जा रही 256 सेवाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने जिले के लोकमित्र केंद्र प्रबंधक को सभी सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोकमित्र केंद्र प्रबंधक को जिले में स्थापित सभी लोकमित्र केंद्रों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।


हिमाचल ऑनलाइन सेवा पोर्टल ई-डिस्ट्रिक्ट की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

उन्होंने कहा कि लोकमित्र केंद्र आमजन तक ई-सेवाओं को पहुंचाने का सशक्त माध्यम है और लोकमित्र केंद्रों पर दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर 78082 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## अप्रैल से जून तक 17130 चावल, 28150 क्विंटल आटा लाभार्थियों को किया प्रदान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त कार्यालय नाहन के सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता समिति तथा जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक जिला दंडाधिकारी एलआरवर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।




राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत सिरमौर में ग्रामीण स्तर पर 2,61,103 लाभार्थियों व शहरी स्तर पर 14,138 लाभार्थियों का चयन करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से ग्रामीण स्तर पर 2,32,939 तथा शहरी स्तर पर 10,283 लाभार्थियों का चयन कर लिया गया है। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर डीआरडीए व समस्त खाद्य निरिक्षकों को शेष लाभार्थियों का चयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि जिला में शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जा सके। जिला नियंत्रक सिरमौर नरेंद्र धीमान ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को तीन किलो आटा व दो किलो चावल प्रति व्यक्ति की दर से प्रदान किए जा रहे हैं। अप्रैल से जून, 2024 तक 17130 क्विंटल चावल तथा 28150 क्विंटल आटा लाभार्थियों को प्रदान किया गया है।




# जल जीवन मिशन के तहत पंद्रह करोड़ घरों को मिल रहा नल से जल : पाटिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में कहा कि जल जीवन मिशन के तहत देश भर के पंद्रह करोड़ घरों को नल से जल मिल रहा है।



जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि पिछले सत्तर साल में पेयजल को लेकर कोई काम नहीं किया गया इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जल जीवन मिशन लेकर आना पड़ा। जल जीवन मिशन में स्पष्ट है कि इस योजना को राज्य सरकार के द्वारा लागू किया जाता है और केंद्र सरकार द्वारा इसमें आर्थिक और तकनीकी सहायता दी जाती है। पाटिल ने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि दमन और द्वीप के सभी घरों को नल से जल मिल रहा है। हालांकि दमन द्वीप से निर्दलीय सांसद उमेशभाई पाटिल ने पूरक प्रश्न में कहा कि उनके राज्य में 90 फीसदी घरों में नल से जल नहीं आता है सरकार को इसकी जांच करानी चाहिए।

इसके जवाब में जल शक्ति मंत्री ने कहा कि वहां के सभी सरपंचों ने लिखित में दिया है कि सभी घरों में नल से जल आ रहा है, इसलिए जांच कराने की आवश्यकता नहीं है।

## राज्यसभा में उठा डॉक्टर-मरीज अनुपात में कमी का मुद्दा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद डा. अजीत माधवराव गोपचड़े ने गुरुवार को राज्यसभा में देश में डाक्टर और मरीज के अनुपात में कमी का मुद्दा उठाते हुए इलेक्ट्रो होम्योपैथी डाक्टरों को प्रशिक्षित कर मान्यता दिए जाने की मांग की। राज्यसभा सदस्य ने शून्यकाल के दौरान लोकमहत्व के विषय को उठाते हुए कहा कि इससे गांवों में प्राथमिक चिकित्सा का नेटवर्क मजबूत होगा और आयुष्मान योजना को भी इसका फायदा मिलेगा।

तृणमूल कांग्रेस के नदीमुल हक ने देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अभी देश में लू के कारण हजारों लोगों की मौत हुई है। उन्होंने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी वापस लिए जाने की मांग की।

इसी पार्टी की डोला सेन ने बच्चों में कुपोषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 200 देशों की सूची में भारत 84 वें नंबर पर है।

# नस्लवाद के विरोध में ब्रिटेन में हालात बेकाबू, लोग सड़कों पर




**एजेंसी, लंदन**

उत्तर-पश्चिम ब्रिटेन में डांस क्लास के दौरान 3 बच्चियों की हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद से ही ब्रिटेन में लोगों ने सड़कों पर उतरकर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था। अब इस प्रदर्शन ने हिंसा का रूप ले लिया है। इस दौरान अप्राविसयों को हिंसा का शिकार बनाया गया, जिसके बाद हजारों अप्रवासियों और जातीय अल्पसंख्यक भी एकजुट होकर सड़कों पर उतर आए हैं। जिसके बाद दोनों गुटों के बीच पत्थराव और झगड़े की स्थिति बन गई है।

इस घटना को लेकर अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दंगे में शामिल होने वाले लोगों को किसी भी तरह से बख्शा नहीं जाएगा। ब्रिटेन में फैली इस हिंसा पिछले 13 साल में सबसे बड़ा दंगा बताया जा रहा है। ब्रिटेन की मुस्लिम काउंसिल ने ब्रिटेन के मुस्लिम समुदाय से हिंसा के बीच सबसे एकजुट रहने की अपील की है।

### हिंसा प्रदर्शन के शुरू होने के पीछे की वजह

29 जुलाई को उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड में एक डांस क्लास में दहशत फैल गई, जिसमें की 17 साल के नाबालिग लड़के ने तीन छोटी बच्चियों की चाकू मारकर हत्या कर दी। इसके अलावा छात्र ने करीब 5 बच्चों को घायल कर दिया। हमले के 2 दिन भीतर ही ब्रिटेन पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन इसके बाद सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैलाई गई कि बच्चों की हत्या करने वाला युवक कट्टरपंथी मुस्लिम प्रवासी था। इसके बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए।

## न्यूज ब्रीफ

### ईडी के सहायक निदेशक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मुंबई के एक जौहरी से 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में ईडी के एक सहायक निदेशक को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तीन और चार अगस्त को जौहरी के परिसरों पर छापेमारी की थी, जिसके बाद सहायक निदेशक संदीप सिंह यादव ने उन्हें 25 लाख रुपए न देने पर जौहरी के बेटे को गिरफ्तार करने की कथित तौर पर धमकी दी थी। अधिकारियों ने बताया कि बातचीत के दौरान 20 लाख रुपए की रिश्वत देने पर बात तय हुई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अधिकारी यादव को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

### श्रीनगर में चुनाव आयोग की टीम कर रही समीक्षा



**अशोक ठाकुर, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव जल्द होंगे। इसे लेकर भारतीय चुनाव आयोग की टीम आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंच गई है। पहले दिन टीम कश्मीर पहुंची, यहां चुनावों की तैयारियों की समीक्षा कर रही है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के नेतृत्व में भारत के चुनाव आयोग का प्रतिनिधिमंडल जम्मू-कश्मीर में चुनाव तैयारियों की समीक्षा करने के लिए श्रीनगर पहुंच गया है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी है। आयोग के अधिकारी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी प्रक्रिया पर चर्चा कर रहे हैं। राजनीतिक परामर्श के अलावा टीम विभिन्न जिलों के जिला मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधीक्षकों समेत पुलिस और नागरिक प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। सूत्रों के अनुसार, टीम का प्राथमिक उद्देश्य चुनाव को लेकर जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन करना है ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए जा सकें। (अनंत ज्ञान)

### हिजाब प्रतिबंध पर आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर नौ अगस्त को सुनवाई करेगा, जिसमें मुंबई के एक कॉलेज परिसर में 'हिजाब', 'बुर्का' और 'नकाब' पहनने पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय को बरकरार रखा गया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) वाई चंद्रचूड़ की पीठ ने एक वकील की दलीलों पर गौर किया कि आज से परीक्षा शुरू हो रही है और अल्पसंख्यक समुदाय की छात्राओं को 'ड्रेस कोड' पर निर्देशों के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### झारखंड में आईईडी विस्फोट, एक जवान घायल

**चाईबासा (झारखंड)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों के खिलाफ तलाशी अभियान के दौरान वीरवार को एक आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना छोटानागरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत सारंडा जंगल में सुबह साढ़े सात बजे हुई। कोबरा 209 बटालियन के उप निरीक्षक जितेंद्र दानी को हेलिकॉप्टर की मदद से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छोटानागरा थाना क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान, सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर माओवादियों द्वारा लगाए गए एक आईईडी में विस्फोट हो गया, जिससे कोबरा 209 बटालियन का जवान घायल हो गया।

### कमाल मद्दौरी ट्यूनिशिया के नए पीएम नियुक्त



**ट्यूनिस।** ट्यूनीशियाई राष्ट्रपति कैस सैयद ने प्रधानमंत्री अहमद हचानी को बर्खास्त कर दिया। यह जानकारी राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में दी। राष्ट्रपति सैयद ने सामाजिक मामलों के मंत्री कामेल मद्दौरी को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। हचानी को अगस्त, 2023 में ट्यूनीशिया का प्रधानमंत्री नामित किया था।

### राजस्थान के विधायक अमृतलाल मीणा का निधन



**उदयपुर।** राजस्थान के सलूंबर से भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा (65) का बुधवार देर रात उदयपुर में निधन हो गया। मीणा को तबीयत बिगड़ने पर एमबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति साफ होगी। मीणा के निधन की सूचना मिलते ही उदयपुर और सलूंबर के भाजपा नेता व कार्यकर्ता हॉस्पिटल पहुंचे। मीणा का अंतिम संस्कार वीरवार को उनके पैतृक गांव लालपुरिया (सलूंबर) में किया गया।

## रोजगार सृजन के लिए सरकार प्रतिबद्ध: मांडविया



**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरु को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए लगातार योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मांडविया ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि सरकार की रोजगार सृजन के लिए 15 योजनाएं चल रही हैं।

इनसे युवाओं को रोजगार मिल रहा है और नियोक्ताओं को भी प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और स्वनिधि योजना से लोगों को स्व रोजगार मिल रहा है। करोड़ों लोगों को आजीविका मिली है। रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है।

# चंडीगढ़ में भाजपा हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ भाजाप हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस पर घरों में फहराने के लिए 70 हजार राष्ट्रीय झंडे बांटेगी। भाजपा के सभी मंडल जश्न मनाएंगे और अभियान के तहत काम करेंगे। यह अभियान 11 अगस्त से शुरू होगा और भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर तिरंगे बांटेंगे।

इस संबंध में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा, "हम सभी भारत माता से जुड़े हुए हैं। इसके स्वतंत्रता दिवस पर, हम इसके माध्यम से लोगों को अपना प्यार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। यह राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।" (अनंत ज्ञान)

## पुणे में जीका वायरस के आए 7 नए केस



**पुणे।** पुणे में जीका वायरस की रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है। शहर में एक ही दिन में 7 नए मामले मिलने से हडकंप मच गया। इसके साथ ही पुणे में जीका के मामलों की संख्या बढ़कर 73 हो गई है। जीका के बढ़ते मामलों के मद्देनजर नगर निगम ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। शहर मे हाल ही में भारी बारिश की वजह से आए बाढ़ के बाद मामलों में तेजी से वृद्धी हुई। बताया जा रहा है कि 7 नए मामलों में से 6 गर्भवती महिलाएं है।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति घोषणा के साथ सेंसेक्स 582 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

**एजेंसी, मुंबई**



स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 582 अंक लुढ़क गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर रेपो में बदलाव नहीं करने के निर्णय की घोषणा के बाद बाजार नीचे आया।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 581.79 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,886.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 669.07 अंक लुढ़क कर 78,798.94 अंक तक चला गया था। एनएसई निफ्टी भी 180.50 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,117 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 217.8 अंक का गोता लगा गया था।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और अमेरिका तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख से घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा के साथ बाजार नीचे आया। निवेशकों ने पहली तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अनुमान में वृद्धि और आर्थिक वृद्धि उम्मीद से नरम रहने को देखते हुए सतर्क रुख अपनाया।"

आरबीआई ने गुरुवार को उम्मीद के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार नौवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने न्यूजीलैंड की गवर्नर जनरल, उप प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर की चर्चा

**एजेंसी, वेलिंगटन**



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने वीरवार को न्यूजीलैंड की गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो और उप प्रधानमंत्री विंस्टन पीटर्स से मुलाकात कर मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

मुर्मू तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण के तहत न्यूजीलैंड पहुंची हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यूजीलैंड की गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की सराहना की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। पीटर्स ने भी राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। पीटर्स न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री भी हैं।

## इसराइल ने किए हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर हमले

**तेल अवीव।** इसराइल ने किए हिजबुल्लाह के कई ठिकाने पर हमले किए हैं। आईडीएफ का कहना है कि उन्होंने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर रातभर ताबड़तोड़ हमले कर उन्हें नष्ट कर दिया। हिजबुल्लाह के ठिकानों पर यह हमला ईरान और लेबान की धमकियों के बीच हुआ है। दरअसल हमास लीडर इस्माइल हानिया की ईरान में की गई हत्या के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर है। ईरान ने इसराइल से हानिया की मौत का बदला लेने का ऐलान किया था।

# पाकिस्तान में हमला, दो सुरक्षा कर्मियों की मौत

**एजेंसी, पेशावर**

**उत्तर**-पश्चिम पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग आतंकी हमलों में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि कुर्रम जिले में मिलीशिया बल के एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए आईईडी विस्फोट में एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने उसी जिले में तौड़ू ओब्बू फ्रंटियर कोर की जांच चौकी पर हमला कर दिया, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हाल के दिनों में आए दिन आतंकी हमले हो रहे हैं। पिछले सप्ताह भी यहा एक आतंकी हमला हुआ। दो अगस्त को टैंक जिला अदालत से डेरा इस्माइल खान स्थित अपने आवास जा रहे न्यायाधीशों के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था। हमले में उनकी सुरक्षा में तैनात तीन पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई थी।

# पेत्रपोल भूमि बंदरगाह से भारत बांग्लादेश व्यापार फिर से शुरू

**एजेंसी, कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में पेत्रपोल भूमि बंदरगाह के जरिए भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार वीरवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच फिर से शुरू हो गया।

बांग्लादेश में शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद पांच अगस्त को दोनों दक्षिण एशियाई देशों के बीच व्यापार रुक गया था। पेत्रपोल को छोड़कर पश्चिम बंगाल के कई स्थल बंदरगाहों के जरिए बुधवार को आंशिक रूप से इसे फिर शुरू किया गया। पेत्रपोल के जरिए द्विपक्षीय व्यापार बांग्लादेश के साथ साझा सभी स्थलीय बंदरगाहों में सबसे अधिक है। एक अधिकारी ने बताया कि पेत्रपोल से सुबह से व्यापार शुरू हो गया है। बेनापोल सीएंडएफ स्टाफ एसोसिएशन के महासचिव साजिदुर रहमान ने बुधवार को बैठक के बाद कहा था कि वीरवार सुबह व्यापार फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

# अमरनाथ यात्रा : 12 साल बाद भक्तों की संख्या 5 लाख के पार

**एजेंसी, जम्मू**



12 साल बाद अमरनाथ यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या पांच लाख के पार हो गई है। तीसरी बार इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आए। इससे पहले साल 2011 में 6.36 लाख श्रद्धालु यात्रा पर आए थे।

साल 2012 में 6.20 लाख शिवभक्तों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे। वहीं, वीरवार को 500 से अधिक श्रद्धालुओं का जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुआ। इस वर्ष अब तक पांच लाख से अधिक श्रद्धालु 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं, जबकि पिछले वर्ष 4.5 लाख श्रद्धालुओं ने हिम शिवलिंग के दर्शन किए थे। 574 श्रद्धालुओं का 41वां जत्था केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस की सुरक्षा में 17 वाहनों से सुबह साढ़े तीन बजे आधार शिविर से रवाना हुआ। सभी तीर्थयात्रियों ने गांदरबल जिले के 14 किलोमीटर के दुरूह बालटाल मार्ग को चुना।

पारंपरिक 48 किलोमीटर मार्ग अनंतनाग जिले के पहलगाम से होकर गुजरता है। अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई और 19 अगस्त को समाप्त होगी।

### 500 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से रवाना

**फैसला** ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के मकसद से सीटीएस की वर्तमान प्रक्रिया में बदलाव का प्रस्ताव : आरबीआई

# अब कुछ घंटों में ही 'क्लियर' होगा आपका चेक

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**अब** कुछ ही घंटों में आपका चेक क्लियर हो जाएगा। आरबीआई ने चेक समशोधन में लगने वाले समय को कुछ घंटे करने और उससे जुड़े जोखिम कम करने के मकसद से कदम उठाने की घोषणा की है।

वर्तमान में चेक जमा करने से लेकर राशि आने तक दो दिन का समय लग जाता है, लेकिन नई व्यवस्था में चेक जमा करने के कुछ ही घंटों में यह 'क्लियर' हो जाएगा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वीरवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करते हुए कहा कि चेक समाशोधन को दुरुस्त करने, निपटान जोखिम कम करने और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के मकसद से चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) की वर्तमान प्रक्रिया में बदलाव का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इसके तहत मौजूदा सीटीएस व्यवस्था के तहत 'बैच' में प्रसंस्करण की जगह कारोबारी समय में निरंतर आधार पर समाशोधन की व्यवस्था की जाएगी। आरबीआई के अनुसार, नई व्यवस्था में चेक को 'स्कैन' किया जाएगा, उसे प्रस्तुत किया जाएगा और कुछ घंटों में समाशोधन किया जाएगा। इससे चेक का समाशोधन कुछ घंटे में हो जाएगा, जबकि अभी दो दिन तक का समय (टी प्लस 1) लगता है। दास ने कहा कि इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश जल्दी ही जारी किए जाएंगे। इसके अलावा, आरबीआई ने बैंकों की तरफ से अपने ग्राहकों के बारे में 'क्रेडिट' सूचना कंपनियों को दी जाने वाली रिपोर्ट हर पखवाड़े देने का प्रस्ताव किया है। वर्तमान में महीने में एक बार यह रिपोर्ट दी जाती है।

### अब टैक्स पेमेंट के लिए 5 लाख तक यूपीआई लिमिट

**गवर्नर** शक्तिकांत दास ने यूपीआई को लेकर एक राहत भरे बदलाव के बारे में घोषणा की है। यूपीआई के जरिए अब 5 लाख रुपए तक टैक्स पेमेंट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब तक यह लिमिट महज एक लाख रुपए तक सीमित थी। रेपो रेट, महंगाई और जीडीपी के बारे में एमपीसी मीटिंग में हुई चर्चा के बारे में विस्तार से बतातेहुए गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस प्रस्ताव के बारे में जानकारी शेयर की। यूपीआई के जरिए टैक्स पेमेंट लिमिट बढ़ाने से डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा मिलेगा।

# बांग्लादेश में अशांति व अस्थिरता चिंता का विषय है : सीडीएस

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**शेख** हसीना के खिलाफ शुरू हुए आरक्षण विरोधी आंदोलन के बाद बांग्लादेश में अस्थिरता पर भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पहली बार चिंता जताई है।

उन्होंने बांग्लादेश में अशांति, जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव और चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद पर चिंताओं को उजागर किया है। चौहान ने कहा कि तीन साल से चीन के साथ गतिरोध के बावजूद हमारे पास पूर्व और उत्तर में जीवंत सीमाएं हैं, इसलिए पड़ोसी देश बांग्लादेश में अशांति होना निश्चय ही भारत के लिए भी चिंता का विषय है। सीडीएस दिल्ली में सैन्य गोला-बारूद पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के साथ ही वहां दूसरे अल्पसंख्यकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है, जो अब पूर्वोत्तर की सीमा से भारत में पलायन करने की ताक में हैं, लेकिन सीमा सुरक्षा बल उन्हें वापस बांग्लादेश भेजकर घुसपैठ को नाकाम कर रहे हैं। भारतीय सेना और बीएसएफ भारत से लगती बांग्लादेश की करीब 4000 किमी. लंबी सीमा पर हाई अलर्ट पर है। बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर भारत के सीडीएस जनरल अनिल चौहान का चिंता जाहिर करना काफी अहम माना जा रहा है। चौहान ने कहा कि पड़ोस में अशांति चिंता का विषय है. उन्होंने चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा तनाव पर चिंता जताते हुए कहा कि हम पहले से ही पाकिस्तान के साथ छद्म युद्ध में हैं, जो अब पीर पंजाल के दक्षिण में शुरू हो गया है। इसके अलावा उत्तरी सीमा पर हम तीन साल से चीन के साथ गतिरोध में हैं। हमारे पास पड़ोसी देशों के साथ जीवंत सीमाएं हैं, इसलिए अब बांग्लादेश में अशांति होना निश्चय ही भारत के लिए भी चिंता का विषय है।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | अमेरिका | 27 | 35 | 33 | 95 |
| 02. | चीन | 26 | 24 | 17 | 67 |
| 03. | ऑस्ट्रेलिया | 18 | 14 | 11 | 43 |
| 04. | फ्रांस | 13 | 17 | 21 | 51 |
| 05. | ग्रेट ब्रिटेन | 12 | 17 | 20 | 49 |
| 06. | कोरिया | 12 | 08 | 07 | 27 |
| 07. | जापान | 12 | 07 | 13 | 32 |
| 08. | इटली | 10 | 11 | 09 | 30 |
| 09. | नीदरलैंड | 10 | 05 | 06 | 21 |
| 10. | जर्मनी | 09 | 06 | 05 | 20 |
| 69. | भारत | 00 | 00 | 04 | 04 |

## पेरिस ब्रीफ

### भाकर युवाओं को प्रेरित करेंगी : मांडविया



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर की दो कांस्य पदक जीतने की उपलब्धि युवाओं की एक पूरी पीढ़ी को इस खेल को अपनाने और गौरव हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। बाइस वर्षीय मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनीं। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता और फिर सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक हासिल किया। मनु ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज भी बनीं। मांडविया ने 'एक्स' पर लिखा, ''पेरिस ओलंपिक 2024 में दो कांस्य पदक जीत कर स्वदेश लौटीं देश की बेटी मनु भाकर से आज मिलकर उन्हें इस ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।'' उन्होंने लिखा, ''मनु भाकर की यह सफलता भारतीय खेल जगत के करोड़ों युवाओं को प्रेरित करेगी। पूरे देश को उन पर गर्व है।'' खेल मंत्री ने मनु, उनके पिता राम किशन और निजी कोच जसपाल राणा के साथ बातचीत की तस्वीरें भी साझा कीं।

### विनेश आप योद्धा की सच्ची भावना का प्रतीक : बिंद्रा

**पेरिस।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने पहलवान विनेश फोगाट की सराहना करते हुए कहा कि उनकी लड़ाई उनके दिल को छू गई और वह 'योद्धा की सच्ची भावना' की प्रतीक हैं। ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं 29 वर्षीय विनेश को 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण 50 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले से अयोग्य घोषित कर दिया गया था जिसके बाद उन्होंने अचानक संन्यास लेने की घोषणा कर दी। बिंद्रा ने 'एक्स' पर लिखा, ''ऐसा कहा जाता है कि खेल मानवीय इच्छाशक्ति का उत्सव है। मैंने अपने करियर में कई बार यह सच होते देखा है, लेकिन आज से ज्यादा कभी भी यह सच नहीं हुआ। जब मैं अपने चारों ओर देखता हूं, तो मुझे एक राष्ट्र और उसके लोग आपके दृढ़ संकल्प का जश्न मनाते हुए दिखाई देते हैं। आप एक योद्धा हैं (मैट पर और मैट से बाहर भी। ''

**पेरिस।** 'द मैन विद गोल्डन आर्म' कहे जाने वाले जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने 2 दिन पहले क्वालिफिकेशन में पहले प्रयास में 89.34 मीटर भाला फेंका था और पहले स्थान पर रहे। भारत को उनसे गोल्ड मेडल की उम्मीद होगी।




# श्रीजेश को कांस्य पदक के साथ विदाई

एजेंसी, पेरिस

बोर्ड के इम्तिहान में ग्रेस अंक पाने के लिए खेलों में उतरने से लेकर 'भारतीय हॉकी की दीवार' बनने तक पराट्टू रवींद्रन श्रीजेश का सफर उपलब्धियों से भरपूर रहा और हर बड़ी चुनौती में संकटमोचक बनकर उभरे इस नायाब खिलाड़ी को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद अपने कंधे पर बिठाकर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह की टीम ने आज विदाई दी।

36 वर्ष के श्रीजेश ने ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम को मिले 13वें और लगातार दूसरे पदक के साथ अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया ।

टोक्यो ओलंपिक में जर्मनी के खिलाफ प्लेऑफ मुकाबले में निर्णायक पेनल्टी बचाकर 41 साल बाद भारत को ओलंपिक पदक दिलाना हो या पेरिस में ओलंपिक खेलों में ऑस्ट्रेलिया पर 52 साल बाद मिली जीत हो या ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में भारत को मिली जीत हो, हर जुबां पर एक ही नाम था पीआर श्रीजेश।

आठ मई 1988 को केरल के अर्नाकुलम जिले के किझाकम्बलम गांव में जन्मे श्रीजेश ने बताया था कि वह बोर्ड की परीक्षा में ग्रेस अंक लेने के लिए एथलेटिक्स में उतरे थे और बाद में उनके स्कूल के कोच ने उन्हें हॉकी गोलकीपर बनने की सलाह दी हालांकि केरल में उस समय एथलेटिक्स और फुटबॉल की ही लोकप्रियता थ, लेकिन कोच की वह सलाह श्रीजेश और भारतीय हॉकी के लिए वरदान साबित हुई।

### ओलंपिक में हॉकी का 13वां मेडल जीता

भारतीय टीम ने ओलंपिक गेम्स में हॉकी में 13वां मेडल जीता है। यह टीम का चौथा कांस्य पदक है। इससे पहले टीम 8 गोल्ड और एक सिल्वर जीत चुकी है।

### 52 साल बाद लगातार दो ओलंपिक में हॉकी मेडल

भारत ने 52 साल बाद लगातार दो ओलंपिक गेम्स में हॉकी का ब्रॉन्ज जीता है। इससे पहले भारतीय हॉकी टीम ने 1968 और 1972 के ओलिंपिक में लगातार दो मेडल जीते थे।




# पहलवान अमन ओलंपिक के सेमीफाइनल में

एजेंसी, पेरिस

भारत के युवा पहलवान अमन सहरावत ने गुरुवार को यहां पेरिस ओलंपिक के पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में अल्बेनिया के जेलिमखान अबाकारोव को तकनीकी श्रेष्ठता में 12-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उनका सामना शीर्ष वरीय जापान के रेई हिगुची से होगा। एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता और ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले देश के एकमात्र पुरुष पहलवान अमन ने क्वार्टर फाइनल में अबाकारोव पर आसानी से जीत हासिल की। पहले राउंड में अबाकारोव की 'पैसिविटी' (निष्क्रियता) के कारण एक अंक और फिर 'टेक डाउन' से दो अंक हासिल किए।

दूसरे राउंड में भी पूर्व विश्व चैंपियन अबाकारोव का यही हाल रहा जिसके बाद भारत के 21 वर्षीय युवा पहलवान ने फितले बांधने की कोशिश और कामयाब भी हुए। इस तरह उन्होंने आठ अंक जुटाए और तकनीकी श्रेष्ठता से जीत गए।




अबाकारोव ने अंत में दो अंक को चुनौती दी, लेकिन यह नामंजूर हुई और अमन को एक और अंक मिला। इससे पहले अमन उत्तर मैसेडोनिया के प्रतिद्वंद्वी व्लादिमीर इगोरोव के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। मुकाबले के दौरान अमन काफी फुर्तीले दिखे और उन्होंने अपना डिफेंस बरकरार रखते हुए पूर्व यूरोपीय चैम्पियन पर तकनीकी दक्षता के आधार पर 10-0 से जीत हासिल की।

पहले राउंड में 29 वर्षीय इगोरोव थोड़े परेशान दिखे और अमन के 'आल ऑउट' आक्रमण के बाद उन्हें घुटने के लिए चिकित्सा लेनी पड़ी। अमन ने प्रतिद्वंद्वी को वापसी नहीं करने दी। अमन ने 'टेकडाउन' करके दो और अंक जुटाये और 10-0 से बढ़त बना ली जबकि अभी मुकाबला खत्म होने में दो मिनट बाकी थे।

### 57 किग्रा स्पर्धा में अंशु मलिक हारीं

भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक 57 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पांचवीं वरीय हेलेन लुसी मैरोयूलिस से 2-7 से हार गईं। अपने दूसरे ओलंपिक में हिस्सा ले रही अंशु को रेपेचेज में खेलने के लिए मैरोयूलिस के फाइनल तक पहुंचने की उम्मीद करनी होगी।

पहले राउंड में अमेरिका की अनुभवी पहलवान मैरोयूलिस ने शुरू से दबदबा बनाते हुए बढ़त हासिल की। इसमें अंशु काफी 'डिफेंसिव' लग रही थी, पर दुनिया की इस मशहूर पहलवान को और अंक नहीं बनाने दिए।

# ज्योति याराजी महिला 100 मीटर बाधा दौड़ से बाहर



एजेंसी, पेरिस

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी भारत की 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी गुरुवार को यहां रेपेचेज हीट-1 में चौथे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गईं और पेरिस ओलंपिक खेलों से बाहर हो गईं।

हीट-1 में ज्योति ने 13.17 सेकंड का समय लिया और वह अपनी हीट में 7 धावकों के बीच चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने रेपेचेज दौर में हिस्सा लेने वाली 21 धावकों में 16वां स्थान हासिल किया।

ज्योति की हीट से दक्षिण अफ्रीका की मारियोन फोरी (12.79 सेकंड) और नीदरलैंड की मायकी जिन-ए-लिम (12.87 सेकंड) ने पहले दो स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज की प्रत्येक तीन हीट से शीर्ष-2 धावकों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहली बार ओलंपिक खेल रही ज्योति इन खेलों की 100 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेने वाली पहली भारतीय भी हैं।

# दूसरे ओलंपिक पदक से चूकीं मीराबाई चानू, चौथे स्थान पर रही

एजेंसी, पेरिस

टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू एक समय दूसरा ओलंपिक पदक जीतने के करीब पहुंच गई थी, लेकिन अंतिम प्रयास में असफल होने के कारण वह बुधवार को यहां महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में चौथे स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं।

मीराबाई ने स्नैच में 88 और क्लीन एवं जर्क में 111 से कुल 199 किग्रा का वजन उठाया। इससे वह महज एक किलोग्राम से पदक से चूक गईं। मीराबाई ने बाद में पत्रकारों से कहा,''मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं क्योंकि मुझे चोट से उबरने के बाद तैयारी के लिए बहुत कम समय मिला था।''

स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार चीन की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन होउ झिहुई ने क्लीन एवं जर्क में ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने कुल 206 ( स्नैच 89, क्लीन एवं जर्क 117) किग्रा वजन उठाया। रोमानिया की वालेंटिना कैम्बेई 206 (93 और 112) किग्रा से रजत और थाईलैंड की सुरोदचना खाम्बो 200 (88 और 112) किग्रा के वजन से कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं।

कूल्हे की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहीं मीराबाई ने स्नैच में पहले प्रयास में आसानी से 85 किग्रा वजन उठाया और दूसरे प्रयास में 88 किग्रा उठाने में विफल रहीं। पर तीसरे प्रयास में उन्होंने 88 किग्रा का वजन उठाकर बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्नैच के प्रदर्शन की बराबरी की। मीराबाई क्लीन एवं जर्क के पहले प्रयास में 111 का वजन उठाने में विफल रही। पर दूसरे प्रयास में वह सफल रहीं। पर तीसरे और अंतिम प्रयास में 114 किग्रा का वजन नहीं उठा सकीं।




### बबीता ने विनेश से संन्यास पर फिर विचार करने को कहा

एजेंसी, नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान बबीता फोगाट ने गुरुवार को अपनी चचेरी बहन विनेश से आग्रह किया कि कुश्ती से संन्यास लेने के अपने फैसले पर फिर से विचार करें।

विनेश को पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग की स्पर्धा के स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले वजन मापने के दौरान 100 ग्राम अधिक पाया गया जिससे उन्हें अयोग्य करार दिया गया। विनेश का ओलंपिक सपना चकनाचूर हो गया जिसके बाद 29 वर्षीय इस पहलवान ने अपने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती करियर को अलविदा कह दिया ।

बबीता ने कहा, ''2012 में मैं भी एशियाई चैंपियनशिप में नहीं खेल पाई थी क्योंकि मेरा वजन 200 ग्राम अधिक था। ऐसे कई अन्य उदाहरण हैं जिसमें पहलवानों को अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित किया गया है। पूरी दुनिया जानती है कि ऐसा कुश्ती के नियमों के कारण हुआ।''

# ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कुसाले का भव्य स्वागत



एजेंसी, पुणे

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे शहर पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। कुसाले ने पिछले हफ्ते 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहला ओलंपिक कांस्य पदक जीता था।

सुबह पुणे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पारंपरिक ढोल-ताशा की थाप के बीच लोगों ने कुसाले का स्वागत किया। पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर के कुसाले ने इसके बाद शहर के बीचों-बीच स्थित प्रसिद्ध श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना की।

शहर के बालेवाड़ी स्थित श्री शिव छत्रपति खेल परिसर में शूटिंग रेंज में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। कुसाले के कांस्य पदक जीतने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें एक करोड़ रुपएका पुरस्कार देने की घोषणा की। मध्य रेलवे ने भी कुसाले को पदोन्नत कर विशेष कार्य अधिकारी नियुक्त किया है।

# ओलंपिक में अनुशासनहीनता के लिए अंतिम पंघाल पर लग सकता है तीन साल का प्रतिबंध

एजेंसी, पेरिस

अपने मान्यता कार्ड से अपनी बहन को खेल गांव में प्रवेश दिलाने की कोशिश करके भारतीय ओलंपिक दल को शर्मसार करने वाली पहलवान अंतिम पंघाल को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) तीन साल के लिए प्रतिबंधित करेगा। एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अंतिम बुधवार को महिलाओं की कुश्ती के 53 किग्रा भार वर्ग में अपना पहला मुकाबला हारने के बाद ओलंपिक से बाहर हो गई थीं। भारतीय दल के एक सूत्र ने बताया, ''उनके (अंतिम के) भारत पहुंचने के बाद इस फैसले की औपचारिक घोषणा की जाएगी।''

फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा अनुशासनात्मक उल्लंघन के बारे में संज्ञान में लाए जाने के बाद भारतीय ओलंपिक संघ ने उन्हें और उनके सहयोगी स्टाफ को वापस स्वदेश भेजने का फैसला किया।

एक सूत्र ने खुलासा किया था, ''उनकी बहन को दूसरे के नाम का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया और बयान दर्ज करने के लिए पुलिस थाने ले जाया गया।''



### आधिकारिक मान्यता कार्ड अपनी छोटी बहन को सौंप दिया था

भारत के लिए बड़ी शर्मिंदगी की बात है कि युवा पहलवान अंतिम पंघाल और उनके पूरे दल को पेरिस से निर्वासन का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इस युवा पहलवान ने अपना आधिकारिक मान्यता कार्ड अपनी छोटी बहन को सौंप दिया, जिसे सुरक्षाकर्मियों ने खेल गांव से बाहर निकलते हुए पकड़ लिया।

आईओए के एक बयान में कहा गया, ''भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा आईओए के संज्ञान में अनुशासनात्मक उल्लंघन का मामला लाए जाने के बाद पहलवान अंतिम और उनके सहयोगी स्टाफ को वापस भेजने का फैसला किया है।''

सूत्र ने कहा, ''खेल गांव जाने के बजाय वह उस होटल में पहुंच गई जहां उसके कोच भगत सिंह और साथी अभ्यास पहलवान विकास, जो वास्तव में उसका कोच है, ठहरे हुए थे। अंतिम ने अपनी बहन को खेल गांव जाने और अपना सामान लेकर वापस आने को कहा। उसकी बहन को किसी ओर के कार्ड पर अंदर जाने के कारण पकड़ा गया और उसे बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन ले जाया गया।''

19 वर्षीय अंडर-20 विश्व चैंपियन अंतिम को भी पुलिस ने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया। इतना ही नहीं अंतिम के निजी सहयोगी स्टाफ विकास और भगत कथित तौर पर नशे की हालत में कैब में यात्रा कर रहे थे और उन्होंने किराया देने से इनकार कर दिया जिसके बाद ड्राइवर ने पुलिस को बुला लिया।

### श्रीलंका के प्रवीण पर भ्रष्टाचार का आरोप

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा पर आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के तीन आरोप लगाए हैं, जिसमें मैच फिक्सिंग से जुड़ी पेशकश की रिपोर्ट नहीं करना और सबूतों को नष्ट करना शामिल है।

इस 25 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर ने कथित तौर पर 2021 में अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ-साथ लंका प्रीमियर लीग के मैच फिक्स करने के लिए की गई पेशकश की रिपोर्ट आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई को नहीं की थी।

आईसीसी ने गुरुवार को अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा,''श्रीलंका के स्पिनर पर कथित तौर पर भ्रष्ट पेशकश से जुड़े संदेशों को डिलीट करने का आरोप है।'' आईसीसी ने इस खिलाड़ी को जवाब देने के लिए 14 दिन का समय दिया है।

जयविक्रमा पर आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.4.4 के तहत आरोप लगाया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैचों को फिक्स करने की भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने से जुड़ा है।

